राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 74
लखनऊ, शुक्रवार 14 नवम्बर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कृषि सशक्तीकरण के बगैर विकसित उ.प्र. सम्भव नहीं : शाही 03

कब्जा दिलाने पहुंचे कोर्ट अमीन, ब्लाक गेट पर लगा मिला ताला, अफरा-तफरी 12

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,28,770/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | =1,18,050/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 96,620/10 ग्राम |
| चांदी | | = 173,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### सीमा के निकट वर्षों से बंद पड़ा न्योमा एयर बेस चालू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने पूर्वी लद्दाख में अपनी सैन्य तैयारियों को पुख्ता करते हुए चीन के साथ 1962 की लड़ाई के बाद से बंद पड़े सामरिक रूप से महत्वपूर्ण न्योमा एयर बेस को एक बार फिर से सक्रिय रूप से चालू कर दिया है। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने बुधवार को खुद वहां जाकर इसका उद्घाटन किया। एयर चीफ मार्शल वायु सेना के भारी भरकम मालवाहक विमान सी-130 जे में वहां उतरे और एयर बेस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ वायु सेना की पश्चिमी कमान के प्रमुख भी थे।

### प्रयागराज से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में 30 हजार से अधिक आरक्षित टिकट कराये गये कैंसल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में बीते दो दिनों में 30 हजार से ज्यादा आरक्षित टिकट रद्द हुए हैं। सिर्फ प्रयागराज जंक्शन से ही 8,000 से अधिक टिकटों का कैंसिलेशन दर्ज किया गया है। दिल्ली में हुए कार धमाकों के बाद सबसे ज्यादा प्रभाव प्रयागराज से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों पर पड़ा है। वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत, प्रयागराज-नई दिल्ली हमसफर जैसी वीआईपी ट्रेनों में अब सीटें आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। गुरुवार तक वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत की चेयरकार श्रेणी में 246 सीटें खाली थीं जबकि हमसफर एक्सप्रेस में तत्काल कोटे में 165 बर्थ उपलब्ध थीं। जो सामान्य दिनों में अजीब स्थिति है। 14 नवंबर की स्थिति के अनुसार 22435 वंदे भारत में 444 और सुबह वाली सेवा में 543 सीटें खाली देखी गईं है।

### जोधपुर में स्थापित होगा देश का पहला संयुक्त विधि एवं प्रौद्योगिकी केंद्र

**जोधपुर।** भारत में विधि और उभरती प्रौद्योगिकियों के बीच सेतु निर्माण के प्रयासों को एक नई दिशा देने के लिए जोधपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) ने एक समझौता ज्ञापन (एमआयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत जोधपुर में देश का पहला संयुक्त विधि एवं प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित किया जाएगा।

### 2095 करोड़ की इनवार टैंक रोधी मिसाइलों की खरीद के अनुबंध पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** देश की पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर सैन्य तैयारियों को पुख्ता बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय ने भारत डायनेमिक्स लिमिटेड से स्वदेशी इनवार टैंक रोधी मिसाइलों की खरीद के लिए 2095.70 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर बताया कि मंत्रालय ने खरीदें (भारतीय) श्रेणी के अंतर्गत कुल 2,095.70 करोड़ रुपये की लागत से इनवार टैंक रोधी मिसाइलों की खरीद के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

### पंजाब में विदेशी हैंडलरों से जुड़े 10 मुख्य सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** लुधियाना पुलिस आयुक्तालय ने विदेशी हैंडलरों से जुड़े 10 मुख्य सहयोगियों को गिरफ्तार करके पाकिस्तानी ख़ुफ़िया एजेंसी आईएसआई समर्थित ग्रेनेड हमला मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पकड़े गए आरोपित मलेशिया स्थित तीन सहयोगियों के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में थे, ताकि हैंड ग्रेनेड की प्राप्ति और आपूर्ति के लिए समन्वय स्थापित किया जा सके। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान कुलदीप सिंह, शेखर सिंह और अजय सिंह उर्फ अजय के रूप में हुई है, जो सभी मुक्तसर साहिब के निवासी हैं।

## कार चला रहा था उमर नबी

### लाल किला विस्फोट : डीएनए टेस्ट से हुई पुष्टि

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



राजधानी दिल्ली सोमवार शाम एक जोरदार धमाके से दहल उठी, जब लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी एक आई 20 कार में भीषण विस्फोट हुआ। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई और सुरक्षा एजेंसियों ने दिल्ली के सभी प्रमुख इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी। विस्फोट के मामले में 11 पीड़ित की गुरुवार दोपहर मौत हुई। मृतक की पहचान जम्मू निवासी बिलाल के रूप में हुई है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपी गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, डीएनए टेस्ट रिपोर्ट से यह पुष्टि हो गई है कि विस्फोट के समय डॉ. उमर नबी ही कार चला रहा था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उमर की मां से लिए गए डीएनए सैंपल को मंगलवार को जांच के लिए भेजा गया था।

इन सैंपलों का मिलान विस्फोट स्थल से मिले अवशेषों से किया गया, जिसमें दोनों का डीएनए मेल खा गया। एक अधिकारी ने बताया कि डीएनए रिपोर्ट से साफ हो गया है कि धमाके के वक्त कार में मौजूद व्यक्ति उमर ही था। उमर नबी जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के कोईल गांव का रहने वाला था और हाल ही में दिल्ली में उजागर हुए व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल का अहम सदस्य था। इस मॉड्यूल का खुलासा इसी हफ्ते हुआ था। बताया जा रहा है कि जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवात-उल-हिंद जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े इस मॉड्यूल में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें तीन डॉक्टर भी शामिल हैं। गिरफ्तारी के कुछ घंटे बाद ही लाल किला इलाके में धीमी रफ्तार से चल रही आई 20 कार में जोरदार विस्फोट हुआ था। पुलिस ने अब तक की जांच में लगभग 3,000 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर जब्त किए हैं। ये विस्फोटक जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले नेटवर्क से बरामद किए गए। फिलहाल, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) इस आतंकी मॉड्यूल की जड़ों तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं। राजधानी में अब भी सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम हैं। वहीं सुरक्षा एजेंसियों ने फरीदाबाद, सहारनपुर, पुलवामा और अन्य जगहों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि संदिग्ध ने बढ़ते दबाव और संभावित गिरफ्तारी के डर से जल्दबाजी में धमाका किया।

### आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले 15 गिरफ्तार

दिल्ली धमाकों के बाद सोशल मीडिया पर भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ असम पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब तक राज्य भर में कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि बुधवार को की गई 6 गिरफ्तारियों के बाद रात भर चले अभियान में 9 और लोगों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि असम पुलिस ऐसे तत्वों के खिलाफ किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं करेगी।

### डॉक्टर शाहीन व उसके भाई परवेज के संपर्क में था डॉ. आरिफ



**कानपुर।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार शाम हुए कार विस्फोट मामले में यूपी एटीएस ने कानपुर के हृदय रोग संस्थान (कार्डियोलॉजी) के प्रथम वर्ष के छात्र डॉक्टर मोहम्मद आरिफ को हिरासत में लिया है। यह डॉक्टर फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉक्टर शाहीन और उसके भाई परवेज के संपर्क में था। इस मामले में अब नई नई जानकारियां सामने आ रही हैं। इस पूरे मामले को लेकर गुरुवार को कार्डियोलॉजी के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अवधेश शर्मा ने एक पत्रकार वार्ता कर कई सवालों के जवाब दिए। उन्होंने बताया कि मोहम्मद आरिफ ने नीट सुपर स्पेशलिटी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1008 हासिल की थी। काउंसलिंग में उन्हें गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) कानपुर के कार्डियोलॉजी विभाग में प्रवेश मिला था। करीब तीन महीने पहले ही उन्होंने ज्वाइन किया था। बुधवार को उनकी ड्यूटी इमरजेंसी में थी। उन्होंने बताया कि कार्डियोलॉजी में तैनाती के दौरान हॉस्टल में रूम खाली न होने की वजह से डॉक्टर आरिफ ने अशोकनगर में एक फ्लैट किराए पर लिया था। जिसमें उनके रूम पार्टनर सहकर्मी डॉक्टर अभिषेक थे। डॉ आरिफ के रूम पार्टनर अभिषेक ने बताया कि कभी भी उन्हें आरिफ की बातचीत से ऐसा नहीं लगा कि वह कोई संदिग्ध है। वहीं इस पूरे मामले में मकान मालिक कन्हैयालाल का भी यही कहना है कि लगभग एक महीने पहले ही उन्हें फ्लैट किराए पर दिया गया था। डॉक्टर होने की वजह से उनका आने-जाने का कोई समय नहीं था। वह कभी किसी से कुछ नहीं बोलते थे।

## कंटेनर वाहनों में जबरदस्त टक्कर से लगी आग, आठ की मौत



- घटना में घायल 25 लोगों को नजदीकी अस्पताल में करवाया गया भर्ती

**एजेंसी, मुंबई।**

महाराष्ट्र के पुणे में पुणे-बेंगलुरु हाइवे पर नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम को दो कंटेनरों की भीषण टक्कर से वाहनों में आग लग गई। इस हादसे में 08 लोगों की मौत हो गई है जबकि करीब 25 लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज नजदीकी अस्पताल में हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास कर रही है।

इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि नवले ब्रिज पर आज शाम को एक कंटेनर का ब्रेक हो गया था, जिससे कंटेनर कई वाहनों को कुचलते हुए एक अन्य कंटेनर से टकरा गया। इसी दौरान इन दोनों कंटेनर के बीच एक कार आ जाने से कार चकनाचूर हो गई। इस अजीबोगरीब घटना में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है। घटना में घायल करीब 25 लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। दोनों कंटेनर सहित अन्य वाहनों में लगी आग की वजह से हाइवे बंद कर दिया गया है। मौके पर आग बुझाने का और राहत और बचाव कार्य जारी है। मामले की छानबीन की जा रही है, अभी तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।

## नाइट शिफ्ट और डबल सैलरी, महिलाओं को मिलेगा बड़ा फायदा

- योगी सरकार ने नारी शक्ति को दिया 'कवच', सुरक्षा को लेकर गाइडलाइन जारी
- महिलाओं को रात्रिकालीन पाली में काम करने की दी अनुमति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



कामकाजी महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं को रात्रिकालीन पाली में काम करने की अनुमति दी है। मुख्यमंत्री की जनसंपर्क टीम द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, घर से लेकर कार्यालय तक हर स्तर पर सुरक्षा के कड़े उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उत्तर प्रदेश कारखाना संशोधन विधेयक को अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में मंजूरी दिए जाने के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है।

एक बयान के मुताबिक, नए प्रावधानों के तहत महिलाएं लिखित सहमति देने के बाद अब शाम सात बजे से सुबह छह बजे के बीच काम कर सकती हैं। यह लिखित सहमति राज्य के श्रम विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक है। इसके अलावा कारखानों में सुरक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन सुविधाओं के साथ ही सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा गार्ड की तैनाती अनिवार्य की गई है। इस निर्णय से महिला कर्मचारी अपनी सहमति से लगातार छह घंटे तक बिना किसी अंतराल के कार्य कर सकती हैं। बयान में कहा गया है कि महिलाओं के लिए ओवरटाइम की सीमा 75 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे प्रति तिमाही की गई है। जिसका भुगतान दोगुनी मजदूरी दर से किया जाएगा। इसके अलावा, महिलाओं को कारखानों और खतरनाक श्रेणी के उद्योगों में अपने जोखिम को आजमाने का बड़ा अवसर मिला है। अब महिलाएं अपने भीतर डर को जीतकर खघ्तरनाक श्रेणी वाले कामकाज में भी हाथ आजमाएंगी। जिससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

सरकार ने महिलाओं को सभी 29 श्रेणियों के खतरनाक उद्योगों में कार्य करने की अनुमति दी है, जबकि पहले महिलाओं को केवल 12 खतरनाक श्रेणी वाले कार्य करने की सीमित छूट थी। योगी सरकार का ये फैसला औद्योगिक विस्तार और तकनीकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

## टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई ने हासिल की ऐतिहासिक रफ्तार : पीएम मोदी

- देश में टीबी के नए मामलों में 21 प्रतिशत की गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में तपेदिक (टीबी) नियंत्रण में मिली ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2025 में यह स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि भारत में टीबी के मामलों में 2015 की तुलना में उल्लेखनीय कमी आई है और यह गिरावट वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी तेज़ है। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को एक्स पर लिखा कि टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रही है।

डब्ल्यूएचओ की ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत ने 2015 से अब तक टीबी की घटनाओं में सराहनीय कमी दर्ज की है, जो वैश्विक औसत दर से लगभग दोगुनी है। यह दुनिया में दर्ज हुई सबसे तेज़ गिरावटों में से एक है। उतना ही उत्साहजनक है उपचार कवरेज का बढ़ना, 'मिसिंग केस' की कमी और उपचार सफलता में निरंतर वृद्धि। मैं उन सभी को बधाई देता हूं जिन्होंने इस सफलता में योगदान दिया है। हम एक स्वस्थ और फिट भारत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार भारत में टीबी के नए मामलों (टीबी इंसीडेंस) में 21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है- 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 237 मामले थे, जो 2024 में घटकर 187 रह गए हैं। यह दर वैश्विक औसत गिरावट (12 प्रतिशत) की तुलना में लगभग दो गुना है। भारत ने टीबी मृत्यु दर को भी उल्लेखनीय रूप से घटाया है।

## आरओ-एआरओ मेंस परीक्षा की तारीख घोषित

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

उ.प्र. लोक सेवा आयोग ने समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) 2023 मुख्य परीक्षा की तारीखो की घोषणा कर दी है।

तय कार्यक्रम के अनुसार 31 जनवरी और एक फरवरी 2026 को मेंस की परीक्षा आयोजित होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक सामान्य अध्ययन प्रारंभिक परीक्षा जैसा प्रश्न पत्र होगा। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 तक द्वितीय प्रश्न पत्र होगा, द्वितीय प्रश्न पत्र में खंड एक के तहत दोपहर 2:00 बजे से 4:30 बजे तक परंपरागत सब्जेक्टिव सामान हिंदी व आलेखन विषय के प्रश्न पत्र होंगे जबकि 4:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक खंड दो के तहत सामान्य शब्द ज्ञान और व्याकरण के वस्तुनिष्ठ ऑब्जेक्टिव परीक्षा होगी। एक फरवरी को सुबह 9:30 बजे से 12:30 तक हिंदी निबंध का प्रश्न पत्र होगा। गौरतलब है कि समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2023 का परिणाम 16 सितंबर 2025 को घोषित किया गया था। मेंस परीक्षा के लिए 7509 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया था। समीक्षा अधिकारी के 338 पदों पर 6093 और सहायक समीक्षा अधिकारी के 79 पदों पर 1386 व एआरओ लेखा के दो पदों पर 30 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए थे। आयोग के उप सचिव वीरेंद्र मणि त्रिपाठी ने विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी साझा की है।

### अमेरिका ने ईरान के मिसाइल व यूएवी कार्यक्रमों को लेकर भारतीय कंपनी पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) कार्यक्रमों के लिए सामग्री की आपूर्ति करने के मामले में भारत, चीन, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, और अन्य क्षेत्रों में 32 संस्थाओं और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी वित्त विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इन प्रतिबंधित कंपनियों में एक भारतीय कंपनी फार्मलेन प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है। उस पर मिसाइल उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण रासायनिक पूर्व-उत्पाद उपलब्ध कराने का आरोप है।

## उच्चतम न्यायालय ने देश के राष्ट्रीय उद्यानों, वन्यजीव अभयारण्यों में खनन को किया प्रतिबंधित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को पूरे देश के राष्ट्रीय उद्यानों, वन्यजीव अभयारण्यों और उनकी सीमाओं के एक किलोमीटर के दायरे में किसी प्रकार की खनन गतिविधियों को प्रतिबंधित कर दिया है।

शीर्ष अदालत ने 26 अप्रैल, 2023 के अपने पहले के आदेश को दोहराते हुए कहा कि हालांकि गोवा फाउंडेशन मामले में प्रतिबंध शुरू में गोवा के लिए लगाया गया था लेकिन वन्यजीवों एवं पारिस्थितिक संतुलन की रक्षा के लिए इसे अखिल भारतीय स्तर पर लागू करने की आवश्यकता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने लंबे समय से चल रहे टीएन गोदावर्मन थिरुमलपाद मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि संरक्षित क्षेत्रों की सीमा के एक किलोमीटर के दायरे में खनन गतिविधियां वन्यजीवों के लिए ख़तरनाक होंगी। हालांकि गोवा फ़ाउंडेशन के मामले में उक्त निर्देश गोवा राज्य के लिए दिये गए थे लेकिन हमारा मानना है कि ऐसे निर्देश अखिल भारतीय स्तर पर जारी होने चाहिए।

तदनुसार, न्यायालय ने दोहराया कि राष्ट्रीय उद्यान एवं वन्यजीव अभयारण्य में तथा ऐसे राष्ट्रीय उद्यान एवं वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के दायरे में खनन की अनुमति नहीं होगी। पीठ ने झारखंड को सारंडा क्षेत्र को वन्यजीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित करने और वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत जनजातियों एवं वनवासियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में स्कूल, रेल लाइनें और औषधालय संरक्षित रहेंगे लेकिन किसी भी खनन कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### बिहार में 38 जिलों के 46 केंद्रों पर मतगणना आज

**एजेंसी, पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव संपन्न होने के उपरांत मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने राज्य के 46 मतगणना केंद्रों पर मतों की गिनती कराने को लेकर तैयारियां सुनिश्चित कर ली हैं। बिहार में बीते 6 और 11 नवम्बर को संपन्न 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए 67.13 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया है। चुनाव आयोग ने राज्य के 38 जिलों में कुल 46 मतगणना केंद्र बनाए हैं। कुल 7.45 करोड़ मतदाता 2,616 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला कर चुके हैं। इंतजार अब परिणाम का है। शुक्रवार को सुबह आठ बजे सर्वप्रथम डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। इसके उपरांत 8 :30 बजे से ईवीएम की गिनती शुरू कराने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतगणना की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## बोत्सवाना ने भारत को आठ चीते किए भेंट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



बोत्सवाना ने प्रोजेक्ट चीता के अगले चरण के लिए गुरुवार को भारत को आठ चीते भेंट किए । बोत्सवाना की यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार सुबह बोत्सवाना के राष्ट्रपति एडवोकेट ड्यूमा गिदोन बोको के साथ बोत्सवाना में मोकोलोडी नेचर रिजर्व का दौरा किया। भारत और बोत्सवाना के विशेषज्ञों द्वारा घांजी क्षेत्र से पकड़े गए चीतों को दोनों नेताओं की मौजूदगी में संगरोध क्षेत्र में छोड़ा गया।

यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट चीता के तहत बोत्सवाना द्वारा भारत को आठ चीतों के प्रतीकात्मक दान का प्रतीक है। यह आयोजन वन्यजीव संरक्षण में भारत-बोत्सवाना सहयोग में एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। बाद में अलग-अलग बैठकों में बोत्सवाना के उपराष्ट्रपति नदाबा नकोसिनथी गौलाथे और अंतर्राष्ट्रीय संबंध मंत्री डॉ. फेन्यो बुटाले ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। स्वदेश रवाना होने से पहले राष्ट्रपति ने गेबोरोन स्थित भारत के उच्चायुक्त द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर जल शक्ति एवं रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और सांसद प्रभुभाई नागरभाई वसावा एवं डी. के. अरुणा भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि भारत को उन लोगों के योगदान पर गर्व है। वे भारत के सच्चे सांस्कृतिक राजदूत हैं जो कड़ी मेहनत, ईमानदारी और सद्भाव के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये मूल्य भारत और बोत्सवाना दोनों की पहचान हैं। उन्होंने उनसे भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत रखते हुए बोत्सवाना की प्रगति में योगदान जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने उन्हें ओसीआई योजना और प्रवासी भारतीय दिवस जैसी पहलों का लाभ उठाने और भारत के विकास में अपने अनुभव साझा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत और बोत्सवाना के बीच संबंध विश्वास, सम्मान और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने बताया कि बोत्सवाना के राष्ट्रपति बोको के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने यह निर्णय लिया कि भारत और बोत्सवाना व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल प्रौद्योगिकी, कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में आगे सहयोग करेंगे।

**सहूलियत** | लोगों घर बैठे ही परिवहन संबंधी अनेक सेवाओं एवं सूचनाओं का मिलेगा लाभ

## व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा से परिवहन सेवाएं अब होंगी और आसान

- चैटबॉट के माध्यम से उपयोगकर्ता अपने मोबाइल पर ही ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, कर भुगतान, फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, और अन्य सेवाओं से संबंधित जानकारी कर सकेंगे प्राप्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की व्हाट्सएप आधारित चैटबॉट सेवा (मोबाइल नंबर : 8005441222) के माध्यम से अब लोग घर बैठे ही परिवहन संबंधी अनेक सेवाओं एवं सूचनाओं का लाभ सहजता और पारदर्शिता के साथ प्राप्त कर सकते हैं।

परिवहन विभाग के अनुसार इसका उद्देश्य नागरिकों को सरल, सुलभ एवं पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना है। इस चैटबॉट के माध्यम से उपयोगकर्ता अपने मोबाइल पर ही ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, कर भुगतान, फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, और अन्य सेवाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

अब नागरिकों को किसी भी परिवहन कार्यालय में अनावश्यक रूप से जाने की आवश्यकता नहीं होगी। केवल मोबाइल नंबर 8005441222 को अपने व्हाट्सएप में सेव करें और "Hi" या "नमस्त" लिखकर संदेश भेजें। चैटबॉट स्वतः ही आगे की प्रक्रिया में सहायता करेगा और संबंधित जानकारी कुछ ही क्षणों में उपलब्ध करा देगा।

परिवहन विभाग ने बताया कि यह सेवा 24×7 उपलब्ध रहेगी और उपयोगकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से तेज, सुरक्षित एवं विश्वसनीय जानकारी प्रदान करेगी। यह कदम 'डिजिटल इंडिया' अभियान के अनुरूप नागरिक सेवाओं को तकनीक के माध्यम से अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे इस नई व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा का अधिक से अधिक उपयोग करें और अपने अनुभवों से विभाग को अवगत कराएं ताकि इस सेवा को और बेहतर बनाया जा सके।

## खबरें एक नजर में

### उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिता



हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। विकासखंड त्रिवेदीगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय दहिला में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दिनेश रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं द्वारा शिव तांडव राजस्थानी लोक नृत्य एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का प्रदर्शन किया गया। आए हुए अतिथियों द्वारा प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया और ब्लाक एवं आयोजन करने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी रामनारायण यादव एवं आयोजन से जुड़े सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधान प्रतिनिधि संजय वर्मा, प्रधान अभय प्रताप सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष शिवसागर सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक देव भक्त सिंह, शिक्षक नेता राम यश विक्रम, दयाशंकर सिंह, अमर बहादुर सिंह, अमरजीत सिंह, संगीता देवी, ज्योति सिंह, श्वेता सिंह, सीमा पटेल सहित सभी अनुदेशक एवं शिक्षामित्र मौजूद रहे।

### घर-घर जाकर प्रपत्र भर रहे बीएलओ



हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। नगर पंचायत क्षेत्र में एसआईआर के गणना प्रपत्रों को भरने का काम शुरू हो गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर लोगों के आवश्यक दस्तावेज लेकर इन प्रपत्रों को भर रहे हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के 10000 से अधिक मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरने के लिए 13 बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है। बीएलओ अपने आवंटित क्षेत्र में घर-घर जाकर आवश्यक अभिलेखों की मौजूदगी में प्रपत्र भर रहे हैं और उसकी एक हस्ताक्षरित प्रति आवेदक को दे रहे हैं। इसी क्रम में कस्बे के मोहल्ला ब्रम्हनान में पहुंचे बीएलओ शमीम अहमद ने घर-घर जाकर लोगों से उनके आधार कार्ड, वोटर आईडी सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज लेकर गणना फॉर्म भरकर एक प्रति उन्हें रिसीव कराई।

### प्रसव पीड़िता की मौत के मामले में सीएचसी पर उठे सवाल



रामनगर, बाराबंकी। प्राइवेट अस्पताल में प्रसव पीड़िता की हुई मौत के मामले में सीएचसी रामनगर की कार्यशैली के ऊपर भी लोगों की ओर से सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र में कुकुरमुत्तों की तरह फैले तमाम मानक विहीन नर्सिंग होम और उनसे जुड़ी क्षेत्र की आशाबहुओं के चलते आये दिन छोटी बड़ी घटनाएं घटित हुआ करती है। लेकिन असली मेल और खेल जहां से चलता है उस ओर कोई उचित कार्यवाही नही हो पाती है। एक तरफ आशा बहू प्रसव पीड़िता को प्राइवेट नर्सिंग होम लेकर गयी तो दूसरी तरफ नर्सिंग होम और आशा बहू को खतरे मे पड़ता देख भर्ती और जिला अस्पताल आनन फानन मे रेफर करने की कार्यवाही हो गयी। अब आरोप तो यह भी है कि प्रसव पीड़िता की सीएचसी मे बिना देखे ही चिकित्सक ने रेफर कर दिया। सीएचसी से जिला अस्पताल की दूरी मात्र तीस किलोमीटर है वहा के चिकित्सको ने पीड़िता की मृत्यु दो घण्टे पहले हो जाना बताया। जो जांच का विषय भी है। जागरुक जनो की ओर सीएचसी से चल रही ऐसी व्यवस्थाओ पर सवाल उठाये जा रहे है। निजी गैर मान्यता प्राप्त मानक विहीन अस्पतालों, पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर्स जिले के स्वास्थ्य विभाग समेत जिम्मेदार अधिकारियो की मेहरबानी क्यो है। जागरुक जनो जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और आईएएस एसडीएम गुंजिता अग्रवाल से विशेष गौर किये जाने की मांग की है।

### प्रसूता का शव गांव पहुंचने पर ग्रामीणों में आक्रोश

रामनगर, बाराबंकी। प्रसूता की हुई मौत और पीएम के बाद शव जब गांव पहुंचा तो ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। परिजनों की ओर से शव को हाईवे पर रखकर प्रदर्शन करने की सूचना मिलते ही प्रशासन के हाथ पाव फूल गये। सूचना पाकर मौके पर तहसीलदार रामनगर विपुल कुमार सिंह, सीओ फतेहपुर जगत कनौजिया, कोतवाल अनिल कुमार पांडे, कोतवाल बदोसराय सहित भारी संख्या मे सुरक्षा कर्मियो ने गांव को छावनी मे बदल दिया। ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी और जिम्मेदार अधिकारी परिजनो को समझाने बुझाने मे जुट गये। परिजनो की मांग थी कि ग्रीन हॉस्पिटल सील कर आशा बहू सहित जिम्मेदार लोगो पर मामला दर्ज किया जाय। तहसीलदार श्री सिंह और कोतवाल श्री पांडे ने उच्च अधिकारियो को अवगत कराते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजन मान गये। परिजन गांव से अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे है। पुलिस ने मृतका के पति और ससुर की ओर से दी गयी तहरीर पर सुसंगत धाराओ मे मामला दर्ज कर अस्पताल संचालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली पद यात्रा

जैदपुर, बाराबंकी। जैदपुर विधानसभा क्षेत्र में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एक पद यात्रा निकाली गई। यह आयोजन भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। यह यात्रा जैदपुर विधानसभा क्षेत्र की नवाबपुर कोडरी साधन सहकारी समिति से शुरू हुई। इसका समापन सिद्धौर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर होगा जहां एक विशाल जनसभा भी आयोजित की गई। जनसभा में सीतापुर से विधान परिषद सदस्य पवन कुमार सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह ने किया। जिन्होंने जनसभा को संबोधित भी किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश रावत, पूर्व भाजपा प्रत्याशी अमरीश रावत, ब्लॉक प्रमुख रवि रावत, मसौली जिला पंचायत सदस्य भुक्कन वर्मा, रवि आर वर्मा, मंडल अध्यक्ष हरख सरिता वर्मा, प्रमोद गोस्वामी, अरुण वर्मा, नदीम जैदी और प्रेम प्रकाश द्विवेदी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

जैदपुर, बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी के आदेशानुसार जैदपुर थाना चौराहा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कर कागजात हेलमेट आदि चेक कर तमाम दो पहिया वाहन के चलान किये गये। बुधवार को जैदपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कर तमाम वाहनों को चेक किया गया जहां हेलमेट कागजात आदि को चेक करते हुये तमाम वाहनों के चालान भी किये गये। इस मौके पर हल्का बाबू सहित अन्य पुलिस के जवान मौजूद रहे। चेकिंग की जानकारी होने पर तमाम दो पहिया वाहन चालक गलियो व अन्य रास्ते बदल कर जाते देखे गये।

### हाजी स्माइल डिग्री कॉलेज मैदान में विधायक खेल स्पर्धा का समापन



सादुल्लानगर/बलरामपुर। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग उतरौला द्वारा आयोजित विधायक खेल स्पर्धा 2025–26 का गुरुवार को हाजी स्माइल डिग्री कॉलेज मैदान सादुल्लानगर में भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक–बालिकाओं ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह (पिंकू सिंह) एवं थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र, मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। मैदान में खिलाड़ियों के चेहरे पर उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। **विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन रहा सराहनीय:** क्षेत्रीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत दौड़, भाला फेंक, चक्का फेंक, वॉलीबॉल, फुटबॉल, ऊँची कूद, लंबी कूद, कुश्ती सहित अनेक खेलों का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि इस स्पर्धा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। **परिणाम इस प्रकार रहे–** भाला फेंक जूनियर बालिका वर्ग- लकी वर्मा प्रथम, नईमा द्वितीय, सीनियर बालिका वर्ग- काजल राठौर प्रथम, ज्योति द्वितीय, भाला फेंक सीनियर बालक वर्ग- राजवीर नाथ प्रथम, मोईन अहमद द्वितीय, फुटबॉल प्रतियोगिता– ए.जी. हाशमी इंटर कॉलेज सादुल्लानगर विजेता, अचलपुर चौधरी उपविजेता, वॉलीबॉल जूनियर वर्ग– हाजी स्माइल इंटर कॉलेज सादुल्लानगर विजेता, वॉलीबॉल सीनियर वर्ग–ए.जी. हॉस्पिटल इंटर कॉलेज सादुल्लानगर विजेता रहा, इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, राधेश्यामा गुप्ता, राम अवध शर्मा, राम राज गुप्ता, प्रशांत सिंह, बीरेन्द्र वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला शक्ति व गौसंवर्धन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता प्रदेश: धर्मपाल

- गोवंश संरक्षण, दुग्ध उत्पादन व गोबर प्रोडक्ट से किसानों की आय दोगुनी करने का आह्वान



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोवंश हमारी संस्कृति का आधार हैं और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत कड़ी भी। उन्होंने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कहा कि राज्य सरकार गोवंश संरक्षण, दुग्ध उत्पादन वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**गोबर से भी बनेगा सोना– महिला समूहों को बढ़ावा:** मंत्री ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह गाय के गोबर से विभिन्न उत्पाद बनाकर अपनी आय बढ़ाएं। गोबर से जैविक खाद तैयार कर खेतों में प्रयोग किया जा सकता है, जिससे फसल की उत्पादकता बढ़ेगी और रासायनिक खादों पर निर्भरता घटेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक जनपद में गोबर आधारित उत्पाद निर्माण की योजना तैयार कर उसे मिशन मोड में लागू किया जाए।

**संवेदनशीलता और समन्वय से हो गोवंश की सुरक्षा:** मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोवंश संरक्षण कार्य में संवेदनशीलता सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज, ग्राम विकास, राजस्व और नगर निकाय विभागों से समन्वय बनाकर हरा चारा, भूसा, टीनशेड, विद्युत आपूर्ति, पेयजल और सर्दी से बचाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**खेती के साथ पशुपालन से ही होगी आय दोगुनी:** मंत्री ने कहा कि किसानों को खेती के साथ-साथ पशुपालन भी अपनाना चाहिए। चारागाह भूमि पर हरा चारा लगाकर गोवंश के लिए चारे की निरंतर आपूर्ति हो सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत अधिक से अधिक गोवंश सुपुर्दगी में दिया जाए।

### दुग्ध उत्पादन बना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

उन्होंने बताया कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। इससे न केवल किसानों की आमदनी बढ़ी है बल्कि ग्रामीण महिलाओं को भी रोजगार मिला है। मंत्री ने चेतावनी दी कि गोवंश देखभाल में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अब उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर, सरकार का मूल उद्देश्य, प्रेस वार्ता में बोले मंत्री

पत्रकारों से वार्ता करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश अब आत्मनिर्भर बन चुका है। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले यूपी में अंडे बाहर से मंगवाने पड़ते थे, परंतु अब प्रदेश में ही दो करोड़ अंडों का उत्पादन हो रहा है। इसी तरह निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए राज्य में 500 मोबाइल वैन संचालित हैं – प्रत्येक एक लाख गोवंश पर एक वैन तैनात है, जो एक घंटे के भीतर राहत पहुंचाती है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) निरंकार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अतुल कुमार अवस्थी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अराजकतत्वों ने बाइक में लगाई आग, हुई खाक

हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। सुबेहा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सुबेहा कस्बे में अराजकतत्वों ने एक युवक की बाइक में आग लगा दी। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था, क्योंकि युवक परिवार सहित गाजियाबाद में रहते हैं। हवेली वार्ड निवासी अतहर पुत्र अनवर की अपाची मोटरसाइकिल घर की बाउंड्री के अंदर खड़ी थी। अराजकतत्व बुधवार की रात में गेट के ऊपर से अंदर घुसे और बाइक में आग लगा दी। सुबह पीड़ित युवक के साले जहीर अहमद को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने अपने बहनोई को सूचित किया। जहीर अहमद ने मौके पर जाकर देखा तो बाइक पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। जहीर अहमद ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत काम सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच की जा रही है।

# महादेवा महोत्सव में श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि: जॉइंट मजिस्ट्रेट

- प्रशासन ने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा, स्वच्छता, सुरक्षा और प्रकाश पर रहेगा विशेष ध्यान
- 17 से 23 नवंबर तक होगा आयोजन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के ऐतिहासिक व आस्था से ओतप्रोत तीर्थस्थल लोधेश्वर महादेवा (रामनगर) में आगामी 17 नवम्बर से शुरू होने वाले महादेवा महोत्सव की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। गुरुवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम रामनगर गुंजिता अग्रवाल ने मेले की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि इस बार महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त संख्या, पुलिस बल की तैनाती, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, डस्टबिन, पानी के टैंकर व सफाई कर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी जिला पर्यटन अधिकारी, कोतवाल रामनगर व तमाम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



**कार्यक्रम समय-सारणी**

17 नवम्बर (सोमवार)– उद्घाटन महोत्सव, बहार सुगम संगीत एकेडमी की प्रस्तुति, कथक नृत्य, भजन संध्या– आचार्य शान्तनु महाराज, स्थानीय विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रम। 18 नवम्बर (मंगलवार)– लोक गायन, कठपुतली नृत्य, जवाबी कीर्तन, स्थानीय कवि सम्मेलन। 19 नवम्बर (बुधवार)– स्थानीय लोक गायन, भोजपुरी नाइट विद समर सिंह एवं शिल्पी राज। 20 नवम्बर (गुरुवार)– वालीबॉल प्रतियोगिता, नाटक/जादू प्रदर्शन, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन। 21 नवम्बर (शुक्रवार)– वालीबॉल, लोकनृत्य व झांकी, आल्हा उदल (नवरस बुंदेली) व ग़ज़ल संध्या– कुमार सत्यम। 22 नवम्बर (शनिवार)– दंगल, अवधी लोकगीत/भजन, बॉलीवुड मेगा शो विद अक्षरा सिंह एंड टीम। 23 नवम्बर (रविवार)– दंगल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रशस्ति पत्र वितरण, मशाने की होली, आतिशबाजी एवं कार्यक्रम समापन।

अनामिका अम्बर होंगी विशेष आकर्षण, फन ज़ोन और झूले, दंगल प्रतियोगिता, आतिशबाजी एवं झांकी प्रदर्शन, कथावाचक आचार्य शान्तनु महाराज, कवि सम्मेलन में डॉ. विष्णु सक्सेना व अनामिका जैन 'अम्बर', ग़ज़ल गायक कुमार सत्यम, भोजपुरी सितारे समर सिंह, शिल्पी राज और अक्षरा सिंह की प्रस्तुतियाँ।

**ऐतिहासिक स्थल की सुंदरता बनी रहे:** लोधेश्वर परिसर के बोहनिया क्षेत्र और पुराने ऐतिहासिक आवरण की साफ–सफाई पर विशेष बल दिया गया। एसडीएम ने कहा कि यह स्थल जनआस्था का केंद्र है, इसलिए इसके सौंदर्य व स्वच्छता में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।
**प्रकाश, साफ–सफाई और सुरक्षा पर विशेष ध्यान:** प्रशासन ने मेले क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी ट्रांसफॉर्मर, विद्युत तारों की जांच तथा खोया–पाया केंद्र और अस्थायी चिकित्सा शिविर की स्थापना के निर्देश दिए हैं। जॉइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि लोधेश्वर महादेवा महोत्सव जिले की पहचान है, श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित, स्वच्छ और आध्यात्मिक अनुभव दिलाना हमारा लक्ष्य है।
**जनसहयोग से सजेगा महोत्सव:** प्रशासन ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस वर्ष महोत्सव को और अधिक भव्य, अनुशासित व सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने का लक्ष्य रखा गया है।
**महादेवा महोत्सव:** अवध की आस्था और संस्कृति का उत्सव: अवध की पवित्र धरती पर लोधौरा, रामनगर स्थित प्राचीन श्री लोधेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग स्वरूप स्वयंभू (प्रकट) माने जाते हैं। यहाँ का शिवलिंग पृथ्वी पर विद्यमान 52 शिवलिंगों में से एक अत्यंत दुर्लभ स्वरूप है। हर वर्ष महादेवा महोत्सव इस दिव्य स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और गौरव के साथ मनाया जाता है। यह महोत्सव न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि अवध की लोक संस्कृति, कला और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है।

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो की मौत, पिता पुत्र सहित पांच घायल

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील क्षेत्र के सराय बरई गांव में आज दोपहर एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हो गया इस धमाके से फैक्ट्री में काम कर रहे कई लोग चपेट में आ गए हादसे में पिता पुत्र समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए जबकि दो की मौके पर ही मौत हो गई। देर शाम तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। टिकैत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सराय बरई गांव निवासी खालिद ने करीब 500 मीटर दूर खेत में पटाखा बनाने की फैक्ट्री बना रखी थी सहालग का मौसम होने के चलते वहां आज करीब 10 लोग पटाखा तैयार कर रहे थे अचानक तेज आवाज के साथ धमाका हुआ और देखते ही देखते छत भर भरा कर गिर पड़ी। ग्रामीणों के अनुसार फैक्ट्री से एक के बाद एक कई धमकों की आवाज आई रुक रुक कर करीब 4 घंटे तक बारूद के छोटे-छोटे बिस्फोट होते रहे शंका जताई जा रही है की बारूद की रगड़ या चिंगारी से आग लगी और देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री उड़ गई धमाका होते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़े और मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने में जुट गए सूचना पर एसडीएम अनुराग सिंह फायर बिग्रेड पुलिस और चिकित्सा टीम के साथ पहुंचे कई एंबुलेंस मौके पर बुलाई गई गंभीर रूप से घायल खालिद व उसके भाई को लखनऊ रेफर किया गया है जबकि अन्य घायलों का इलाज का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में किया जा रहा है फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्रा ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर बेरिकेटिंग कर दी मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और मलबे से सैंपल लेकर जांच शुरू कर दी पता चला है कि खालिद 2012 में पटाखा बनाने का लाइसेंस लेकर कार्य शुरू किया था फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया दीपावली से पूर्व हुई रोटीन जाच में सभी सुरक्षा मानक सही पाए गए थे फैक्ट्री आबादी से दूर खेतों में स्थापित थी घटना की सूचना पर अयोध्या रेंज की आईजी प्रवीण कुमार पुलिस अधीक्षक विजय वर्गीय और एडीएम प्रशासन ने भी मौके पर पहुंचकर पटना स्थल का निरीक्षण किया तथा उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए। इसके पूर्व भी तहसील क्षेत्र के धारुपुर व धरौली में भीषण विस्फोटों से पूरा क्षेत्र दहल गया था और कई दिनों तक विस्फोट होता रहा। यह तीसरी घटना है इससे बचने की नई दिशा देने की आवश्यकता है।

# जेवियर्स कालेज में संपन्न हुई खेलकूद प्रतियोगिता



**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के गढ़ी सतरही स्थित सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज में गत वर्षो की भांति वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने बच्चों द्वारा आयोजित सैनिक परेड की शानदार सलामी के साथ ओलंपिक मशाल प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सेंट जेवियर स्कूल हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र का इकलौता ऐसा शिक्षा का केंद्र है, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कार्य करता है। विद्यालय के संस्थापक पंकज कुमार सिंह प्रधानाचार्य एंड्रयू रमेश नायक व समस्त शिक्षक निरंतर प्रयासरत रहते हैं। आज खेलकूद प्रतियोगिता का यह विहगम दृश्य इसी लगन और निष्ठा का परिणाम है। प्रतिभाओं ने परेड पिरामिड जैसे दर्जनों की संख्या में जटिलतम खेलों का अभ्यास एक अनुशासित दायरे में रहकर किया जो विशेष प्रशंसनीय है। मेरा यह प्रयास रहेगा कि आगामी कुछ ही दिनों में राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के इस विद्यालय से अधिक से अधिक प्रतिभाओं की प्रतिभागिता सुनिश्चित हो जिन्हें राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जा सके और हैदरगढ़ का नाम खेल जगत में रोशन हो सके। प्रधान राजन सिंह की गरिमामई उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल संचालन ओज हास्य व श्रृंगार के सशक्त हस्ताक्षर शिव किशोर तिवारी खंजन ने किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं की एक लंबी फेहरिस्त में प्रथम दिन मुख्य रूप से परेड, पिरामिड, शॉट पुट, स्किपिंग, लॉन्ग जंप हाई जंप, बर्स्टिंग बैलून स्लो, साइकलिंग जैसे तकरीबन डेढ़ दर्जन खेलों में सैकड़ो बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें स्किपिंग इवेंट में आयुषी सोनी कक्षा 10 ने जहां एक और प्रथम बाजी मारी वहीं दूसरी और अंशिका व अनुष्का गुप्ता कक्षा 12 ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय की जीत दर्ज कराई जबकि शेक रेस में कार्तिक कक्षा 8 प्रथम व काशी कक्षा 8 द्वितीय तथा शक्ति सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी इवेंट में शक्ति द्विवेदी, अदिति सिंह तथा अग्रिम पाल ने क्रमशः प्रथम प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया लॉन्ग जंप इवेंट में ग्रीन हाउस से हर्षिता रेड हाउस से आकृति तथा ब्लू हाउस से महक सिंह ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तत्तीय स्थान प्राप्त किया जबकि हाई जंप में ग्रीन हाउस से अभय प्रताप रेड हाउस से आशीष तिवारी तथा ब्लू हाउस से अनुभव प्रताप सिंह ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान की जीत प्राप्त कर अव्वल रहे।

# विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर 2025-26) पर कार्यशाला संपन्न

**सादुल्लानगर बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सादुल्लानगर, सरकारी डाक बंगला में गुरुवार को विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर 2025-26) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल के सभी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष टीम एवं सेक्टर संयोजकगण उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने की तथा संचालन मंडल महामंत्री राधेश्याम गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित दिशा-निर्देशों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और यह संकल्प लिया कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो, इसके लिए पूरी निष्ठा और तत्परता से कार्य किया जाएगा। उपयुक्त अवसर पर उपस्थित विष्णु गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, राम मूरत प्रजापति महामंत्री, अवधेश उपाध्याय, अन्नुबाबा, रमेश चौहान, रमेश गुप्ता,अनंत कुमार गुप्ता, हजारीलाल गुप्ता, संगम लाल वर्मा, रामराज गुप्ता, राम अवध शर्मा, देवचंद गुप्ता, रामदीन, राधेश्याम श्रीवास्तव, मौलाहु यादव, सिंधु गुप्ता व बंधु उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल के नेतृत्व में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर



तुलसीपुर, बलरामपुर। बलरामपुर बौद्ध परिपथ स्थित ग्राम बिजलीपुर में देशमार्ट स्टोर पर समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल व अरुण मिश्र ने मिलकर लगवाया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर,जिसमें 35 मरीजों को नि:शुल्क दवा वितरित किया गया 12 मरीजों को सघन परीक्षण हेतु अस्पताल बुलाया गया तो वहीं 10 वृद्ध जनों में मोतियाबिंद पाया गया जिन्हें ऑपरेशन कराने का सुझाव दिया गया, कई लोगों में लेंस कमजोर होना बताया गया जिन्हें चश्मा लगाने का सुझाव दिया गया, सभी लोगों को आंख को धुएं, धूल मिट्टी, तेज धूप, पसीने आदि से बचाव करने और ताजा संतुलित आहार लेने का सुझाव दिया गया। इस अवसर पर इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे जिसमें देवीपाटन नेत्र चिकित्सालय बलरामपुर के डॉक्टर के ए द्विवेदी के टीम से डाक्टर श्री हर्ष वर्धन सिंह ने सेवा दिया जिससे इलाके के लोगों को बहुत फायदा हुआ। ग्राम वासियों ने जमकर सराहना और प्रशंसा किया।

# सरदार वल्लभभाई पटेल ने किसानों के लिए अंग्रेजों से की थी लड़ाई: राकेश सचान

- सदर विधायक पलटू राम व रवि मिश्रा की अगुवाई में निकाली गयी पद यात्रा

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती पर सदर विधानसभा में एकता पदयात्रा आयोजित की गई। सदर विधायक पलटू राम के नेतृत्व में यात्रा बहादुरापुर(सिरसिया) पंचायत भवन से शुभारंभ किया गया। जो विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए भगवतीगंज स्थित भगवती आदर्श विद्यालय खेल मैदान धर्मपुर में जनसभा कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। एकता पदयात्रा में छात्र, किसान, युवा व महिलाओं के भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। यात्रा के दौरान लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया।

भगवती आदर्श विद्यालय खेल मैदान पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सरदार पटेल के योगदान को डबल इंजन की सरकार में अभियान के तौर पर बूथ स्तर तक पहुंचने का कार्य किया है। एकता पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी व जन-जन को जोड़ना है। सरदार पटेल ने देश के आजादी से पहले कई आंदोलनो का नेतृत्व किया है। सन 1928 में अंग्रेजों के खिलाफ बारदोली आंदोलन चलाकर किसानों के लिए लड़ाई लड़ी थी। जिससे किसानों एवं महिलाओं ने उन्हें सरदार की उपाधि दी थी। मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को देश के आजादी के बाद जोड़कर भारत का निर्माण किया था। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि आप निर्भर अप विकसित भारत सरदार पटेल की सोच थी। जिसको पीएम मोदी ने पूरे देश से स्वदेशी उत्पाद का आवाहन किया है। प्रदेश सरकार ने 75 जिलों में स्वदेशी मेला लगाकर वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने का कार्य किया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज दुनिया टैरिफ दिखाकर भारत के साथ दादागिरी कर रही है। लेकिन पीएम मोदी किसी के सामने झुकने वाले नहीं हैं। मोदी ने देश को आत्मनिर्भर कर पूरी दुनिया को जवाब देने का कार्य किया है। सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि आजादी के बाद देश के हैदराबाद व जूनागढ़ जैसे रियासतों को बिना युद्ध किए शामिल करने में सरदार पटेल की बड़ी भूमिका रही। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने एक झटके में कश्मीर में धारा 370 हटाकर सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य किया। युवा पीढ़ी सरदार पटेल के जीवन के बारे में अवश्य जाने। पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत बनाने का लक्ष्य सरदार पटेल की ही सोच है। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू, नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिला पंचायत प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गोविंद सोनकर, पदयात्रा जिला संयोजक वरुण सिंह मोनू, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, आद्या सिंह, जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा, क्षेत्रीय सहसंयोजक विनय मिश्रा, मीडिया प्रभारी डीपी सिंह, मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, यात्रा संयोजक संदीप उपाध्याय, जिलेदार पांडे, रामकृपाल शुक्ला, अक्षय शुक्ला, सौरभ तुलसियान, राजेश वर्मा, आलोक रंजन पांडे, आकाश पांडे, आनंद श्रीवास्तव, रजनीश पांडे, अमरनाथ शुक्ला, राकेश गुप्ता, शिव प्रताप सिंह, विनोद गिरी आदि मौजूद रहे।



# यूपी में जनजातियों को मिले उनका अधिकार : योगी

▸ मुख्यमंत्री योगी ने किया जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारम्भ



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातियों का उत्थान किया जा रहा है। जनजातियों को सभी योजनाओं का लाभ मिला रहा है। बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिला रहा है। यूपी में जनजातियों को उनका अधिकार मिले। सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

उत्सव के शुभारम्भ के अवसर पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण प्रमुख और भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर 13 से 18 नवंबर तक जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान परिसर में किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे खुशी है कि पिछले दिनों पुलिस भर्ती में जनजाति समाज के लिए आरक्षित सीटों पर इसी समाज के युवा चयनित हुए हैं। पहले इनकी सीटें खाली रह जाती थीं। इससे पता चलता है कि उनके शिक्षा का स्तर बढ़ा है। हमारी सरकार ने तय किया है कि प्रदेश की जनजाति जातियों को अधिकार दिलाया जाए। सरकार ने उनके लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। सरकार का प्रयास है कि जनजाति समाज के लोग मुख्य धारा में आकर आगे बढ़ें।

इस उत्सव में अरुणाचल प्रदेश, भागीदार राज्य के रूप में सम्मिलित रहेगा, जबकि 18 राज्यों के लगभग 600 ख्याति प्राप्त जनजातीय कलाकार अपने पारंपरिक नृत्य, गीत और वाद्य प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक एकता का संदेश देंगे। उत्सव के दौरान पारंपरिक व्यंजन, जनजातीय हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद, लोक चित्रकला और जनजातीय आभूषणों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनेगी।

उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति कला संस्कृति संस्थान के निदेशक डॉ.अतुल द्विवेदी ने बताया कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की सामाजिक संस्कृति का जीवंत प्रतीक होगा, जहाँ विभिन्न जनजातियों के रहन-सहन, परंपरागत शिल्प, लोककला, लोक संगीत, और खानपान की विशिष्टता एक मंच पर प्रदर्शित की जाएगी। जनजातीय समाज की वन संस्कृति, प्रकृति के प्रति आस्था, सामाजिक सहयोग की परंपरा और आत्मनिर्भर जीवनशैली इस आयोजन की आत्मा होगी।

### यह वर्ष कई मायनों में महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय समुदाय को अपनी परम्परा, संस्कृति और विरासत पर गौरव की अनुभूति हो सके, उन्हें समाज और राष्ट्र की मुख्य धारा के साथ सम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध किया जा सके, इस दृष्टि से जनजाति गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान जनजाति समाज के लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 22 राज्यों के कलाकारों को इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए अवसर मिल रहा है। अरुणांचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्य हैं। हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह वर्ष भारत शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती का वर्ष है। भगवान बिरसा मुंडा का भी जयंती वर्ष है। यह वर्ष वंदे मातरम् के 150 वर्ष में प्रवेश करने का साल है। यह वर्ष भारत के संविधान के लिए भी महत्वपूर्ण है। धरती आबा बिरसा मुंडा आजादी के पक्षधर थे। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने रांची की जेल में अंतिम सांस ली। उन्होंने नारा दिया था कि देश हमारा राज्य हमारा। प्रधान मंत्री मोदी की प्रेरणा से यह पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

## यूपी में पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। राज्य सरकार के सक्रिय प्रयासों से अब किसान फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

मथुरा, पीलीभीत, सहारनपुर, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, कौशांबी, एटा, हरदोई, जालौन, फतेहपुर, महराजगंज, कानपुर देहात, झांसी, मैनपुरी, बहराइच, इटावा, गोरखपुर, अलीगढ़, उन्नाव और सीतापुर जैसे कुल 20 जिलों में पराली जलाने की घटनाओं में स्पष्ट कमी दर्ज की गई है। इसमें भी एटा, कौशांबी, सीतापुर और उन्नाव जैसे जनपदों में सबसे कम पराली जलाने की घटनाएं हुई हैं। यह स्थिति बताती है कि मुख्यमंत्री योगी के निर्देशों का जमीनी असर दिखाई देने लगा है।

योगी ने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित विभागों को निर्देशित किया था कि पराली जलाने की घटनाओं की सेटेलाइट से निगरानी की जाए। साथ ही किसानों को वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक किया जाए। प्रशासन द्वारा किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों, कंपोस्टिंग तकनीक और बायो-डीकंपोजर के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने पराली जलाने वालों के खिलाफ पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति शुल्क तय किया है। इसके अनुसार, दो एकड़ से कम क्षेत्र पर 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ तक 5,000 रुपये, पांच एकड़ से अधिक पर 15,000 रुपये क्षतिपूर्ति शुल्क लगेगा। साथ ही प्रत्येक 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जा रही है, जो अपने क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### रिश्वत लेते दरोगा रंगेहाथ गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अमेठी जिले के संग्रामपुर थाने के दरोगा कर्मवीर सिंह को एंटी करप्शन टीम ने लखनऊ में रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दरोगा पर शिकायतकर्ता से फाइनल रिपोर्ट के बदले 30 हजार रुपए मांगने का आरोप है। एंटी करप्शन टीम ने गोमतीनगर स्थित फीनिक्स प्लासियो मॉल के गेट नंबर 7 से दरोगा कर्मवीर सिंह को गिरफ्तार किया है। उस समय वह शिकायतकर्ता से रिश्वत की रकम ले रहे थे। टीम ने मौके से 30 हजार रुपए बरामद किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, दरोगा ने एक मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने के लिए शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपए की मांग की थी। परेशान होकर शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन टीम से संपर्क किया। टीम ने पहले से ही ट्रैप की पूरी योजना बनाई। तय जगह पर दरोगा को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार दरोगा कर्मवीर सिंह से एंटी करप्शन दफ्तर लाकर पूछताछ शुरू की है। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने रकम लेने की बात स्वीकार की है। टीम ने आरोपी दरोगा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रोफेसर ने छात्र को रॉड से पीटा, क्लास चलाने की मांग पर बवाल, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बीकेटी स्थित आईटीएम कॉलेज में क्लास नियमित रूप से न होने की शिकायत लेकर पहुंचे छात्र को कॉलेज प्रबंधन देखने वाले प्रोफेसर ने पत्नी संग मिलकर लोहे की रॉड से पीट दिया। मारपीट का वीडियो अन्य छात्रों ने अपने मोबाइल पर बना लिया। छात्र ने बीकेटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। फैजुल्लागंज के पुरनिया निवासी छात्र अनिकेत वर्मा ने बताया कि कॉलेज में कई दिनों से क्लास नहीं चल रही थी। इस पर वह कॉलेज प्रबंधन के जिम्मेदार प्रोफेसर विनोद यादव के पास जाकर रेगुलर क्लास चलाने की मांग करने गया था। आरोप है कि इस बात पर प्रोफेसर भड़क गए और पत्नी अर्चना यादव के साथ मिलकर अनिकेत पर हमला कर दिया। छात्र ने बताया कि दोनों ने लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा। किसी तरह उसने अपनी जान बचाई। अन्य छात्रों ने घटना का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त इंस्पेक्टर कैलाश दुबे ने बताया कि छात्र की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार बुजुर्ग की मौत, बेटा घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंटौजा थाना क्षेत्र में बेटी की शादी का कार्ड बांटने निकले बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत हो गई। बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। बुजुर्ग बेटी की शादी का कार्ड बांटकर घर लौट रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार बाप-बेटे घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। इटौंजा अटेसुआ के मुन्नू पुरवा गांव निवासी 60 वर्षीय परशुराम यादव की बेटी रोली की 25 नवंबर को शादी है। जिसकी तैयारी चल रही हैं। बुधवार शाम परशुराम बेटे सुभाष के साथ शादी के कार्ड बांटने निकले। रिश्तेदारों को कार्ड देकर रात करीब 8.30 बजे घर वापस लौट रहे थे। मानपुर मंडी के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। परशुराम व उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें इलाज के लिए राम सागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान परशुराम की मौत हो गई। जबकि बेटे का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना के बाद सारी खुशियां गम में बदल गईं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है बेटी की शादी को लेकर परशुराम काफी खुश थे। उसकी विदाई से पहले इतनी दुखद घटना हो गई।

### बड़े रैकेट का भंडाफोड़, ट्रकों को अवैध तरीके से पास कराने के लिए लेते थे 7000 रुपए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी एसटीएफ(यूपीएसटीएफ) ने ओवरलोड ट्रकों को अवैध तरीके से पास कराने वाले एक बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। इस रैकेट में परिवहन विभाग और खनन विभाग के कई अधिकारियों की मिलीभगत सामने आई है। जांच में खुलासा हुआ है कि बालू और मौरंग से लदे ओवरलोड ट्रकों को बिना चेकिंग के यूपी में चलाने के लिए दलाल एक ट्रक से 7000 रुपये वसूलते थे। इसमें से 5000 रुपये सीधे आरटीओ और खनन विभाग के अफसरों तक पहुंचते थे। यूपीएसटीएफने लखनऊ, फतेहपुर, उन्नाव और रायबरेली में एक साथ छापेमारी की। जांच के बाद एआरटीओ, पीटीओ और खनन अधिकारियों समेत कई लोगों के खिलाफएफआईआर दर्ज की गई है। लखनऊ के मड़ियांव थाने में एआरटीओ राजू बंसल, पीटीओ मनोज भारद्वाज समेत 9 लोगों पर मुकदमा दर्ज। फतेहपुर के खनन अधिकारी देशराज पटेल सहित 6 लोगों पर एफआईआर। रायबरेली, एआरटीओ पुष्पांजली और एक अन्य आरोपी को नामजद किया गया है। वहीं, उन्नाव के शहर कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में अफसरों के साथ उनके गनर और ड्राइवरों के नाम भी शामिल हैं, जो इस अवैध वसूली में भूमिका निभा रहे थे। एसटीएफकी जांच में सामने आया कि बांदा-हमीरपुर से लेकर लखनऊ तक ओवरलोड ट्रकों को पास कराने का पूरा नेटवर्क चल रहा था। दलाल रात में ही अधिकारियों को ट्रक नंबर और वसूली गई रकम की जानकारी भेज देते थे ताकि सुबह किसी भी चेकिंग में ट्रक को न रोका जाए। अगर कोई ट्रक पकड़ा भी जाता, तो बिना चालान के छोड़ दिया जाता था। इस कार्रवाई के बाद यूपी एसटीएफने पूरे नेटवर्क को तोड़ने के लिए आगे की जांच तेज कर दी है। अधिकारी अब यह पता लगा रहे हैं कि इस सिंडिकेट से जुड़े और कौन-कौन से अफसर और कर्मचारी हैं।

## दुधवा के पास बनेगा अत्याधुनिक वेलनेस टूरिज्म हब : जयबीर

▸ पर्यटकों को मिलेगी लग्जरी कॉटेज सुविधा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में ईको टूरिज्म स्थल दुधवा नेशनल पार्क के निकट चंदन गांव में करीब पांच एकड़ क्षेत्रफल में 'होलिस्टिक वेलनेस टूरिज्म' थीम पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक विशेष आवासीय पर्यटन इकाई विकसित की जाएगी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह पहल दुधवा को केवल वन्यजीव प्रेमियों का प्रमुख गंतव्य ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, प्रकृति और शांति की तलाश में आने वाले पर्यटकों के लिए भी एक आदर्श अनुभव केंद्र बनाएगी। यहां पर्यटकों के लिए विभिन्न श्रेणी के लग्जरी कॉटेज बनाए जाएंगे। ये कॉटेज न केवल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। बल्कि प्रकृति के बीच सुकूनभरा अनुभव भी देंगे। परिसर में पर्यटकों के विशिष्ट अनुभव लिए खेलकूद सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। आगंतुकों के लिए योग, ध्यान और वेलनेस की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

## कृषि सशक्तीकरण के बगैर विकसित उ.प्र. संम्भव नहीं : शाही


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को एक पूर्ण विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और कृषि क्षेत्र के सशक्तीकरण के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता है।

श्री शाही ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 17 नवम्बर को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में बड़े पैमाने पर जन संवाद एवं विचार मंथन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 300 कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, प्रगतिशील कृषक तथा अधिकारी हिस्सा लेंगे। कृषि विभाग नीति आयोग के परामर्श से राज्य का कृषि विज़न डॉक्यूमेंट तैयार करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की 11 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में 21.58 प्रतिशत योगदान देती है। गेहूँ, चावल, गन्ना और आलू उत्पादन में प्रदेश देश में शीर्ष स्थान पर है। सब्ज़ियों, दूध और मछली उत्पादन में भी यूपी का योगदान उल्लेखनीय है। कृषि सेक्टर की जीएसवीए भी 2016-17 के 2 लाख करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 4.37 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह कृषि क्षेत्र की मजबूत क्षमता को दर्शाता है।

कृषि मंत्री ने बताया कि जलवायु संरक्षित खेती, ऊसर और बंजर भूमि के सुधार, प्रमाणित बीजों की उपलब्धता, कृषि निर्यात, मूल्य संवर्धन और आधुनिक तकनीक अपनाना उनकी प्राथमिकताएँ हैं। वर्ष 2047 तक कृषि क्षेत्र से 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने



कहा कि फसल सघनता 182 प्रतिशत से बढ़ाकर 250 प्रतिशत की जाएगी तथा गेहूँ, धान, मक्का, दलहन और तिलहन की उत्पादकता में बड़ी वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने प्रदेश की 30 लाख हेक्टेयर ऊसर एवं बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाने, 75 प्रतिशत कृषि मशीनीकरण सुनिश्चित करने तथा एआई आधारित उपकरणों एवं ड्रोन तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। गन्ने में सहफसली खेती को बढ़ावा देने, पांच बीज पार्क स्थापित करने और कृषि वानिकी को ÷हर खेत में मेंड़, हर मेंड़ पर पेड़÷ अभियान से जोड़ने की भी घोषणा की गई।

कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की आय तीन गुना करने के लिए उच्च मूल्य वाली फसलों, प्राकृतिक खेती, तिलहन-दलहन विस्तार, मक्का क्षेत्र को 50 लाख हेक्टेयर करने, कीटनाशक उपयोग में 25 प्रतिशत कमी तथा एआई आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि निर्यात आधारित क्लस्टर, वैश्विक स्तर के कृषि शोध संस्थान, फसल बीमा कवरेज में सुधार और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से वर्ष 2047 तक कृषि को टिकाऊ, लाभकारी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाया जाएगा।

## यूपी में एक करोड़ घरों तक पहुंचेंगे संघ कार्यकर्ता, 20 से शुरू होगा अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने सामाजिक आधार को विस्तार देने और हिंदुत्व के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुँचाने के उद्देश्य से एक बड़े देशव्यापी जनसंपर्क अभियान की तैयारी में जुटा हुआ है। संघ से जुड़े सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में यह अभियान विशेष रूप से व्यापक होगा। राज्य के छह संघटनात्मक क्षेत्रों में संघ के कार्यकर्ता एक करोड़ से अधिक घरों तक पहुँचने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार संघ का यह 'गृह संपर्क अभियान' 20 नवंबर से शुरू होकर 21 दिसंबर तक चलेगा, जिसके दौरान 25 लाख से अधिक स्वयंसेवक देशभर में घर-घर जाकर संपर्क करेंगे और संघ की विचारधारा से संबंधित साहित्य वितरित करेंगे।




संघ के सूत्रों के अनुसार, स्वयंसेवक इस अभियान के तहत लोगों को 'भारत माता' के पोस्टर, पुस्तिकाएँ और पर्चे वितरित करेंगे, जिनमें आरएसएस की विचारधारा, उद्देश्य, कार्यसंरचना और सामाजिक परिवर्तन के लक्ष्य का विस्तार से उल्लेख होगा। अभियान में संघ का प्रमुख फोकस उसके 'पंच परिवर्तन' कार्यक्रम पर रहेगा, जिसमें पाँच मुख्य विषय परिवार मूल्य, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आत्मनिर्भरता, नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता शामिल हैं। स्वयंसेवक घर-घर जाकर इन विषयों पर लोगों को जागरूक करेंगे। यह अभियान ऐसे समय में आ रहा है जब आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। संघ सूत्रों के मुताबिक, यह अवसर न केवल प्रतीकात्मक है बल्कि संगठन को नई ऊर्जा और जनसंपर्क का व्यापक अवसर भी देगा। अभियान की रूपरेखा का संकेत आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने इसी वर्ष जून में कानपुर प्रवास के दौरान दिया था। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की थी कि वे परिवारों तक पहुँचें और समाज में समानता, एकता और उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करें।

## साबरमती एक्सप्रेस में लखनऊ-सुलतानपुर खंड पर हुआ सघन टिकट जांच अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे लखनऊ कुलदीप तिवारी के निर्देशों के अनुपालन में 12 नवंबर को लखनऊ मंडल की स्पेशल टिकट चेकिंग टीम द्वारा गाड़ी संख्या 20939/20940 साबरमती एक्सप्रेस में लखनऊ से सुल्तानपुर एवं सुल्तानपुर से लखनऊ के बीच सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया।

इस अभियान के दौरान बिना टिकट अनियमित टिकट एवं उपयुक्त श्रेणी से उच्च श्रेणी में यात्रा करने वाले कुल 275 यात्रियों से भारतीय रेलवे अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए रु. 1,96,400/- का जुर्माना वसूला गया। अभियान में 7 टिकट चेकिंग कर्मियों की

▸ 275 यात्रियों से 1,96,400 रु का जुर्माना वसूल



विशेष टीम तथा रेलवे सुरक्षा बल के 2 जवानों ने सहभागिता की। संचालन के दौरान यात्रियों को नियमबद्ध व मान्य टिकट के साथ ही यात्रा करने तथा रेलवे नियमों के पालन हेतु जागरूक भी किया गया। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल यात्रियों से अपील करता है कि बिना टिकट यात्रा न करें एवं अपनी सुरक्षा एवं सुविधा हेतु हर समय वैध टिकट के साथ यात्रा करें।

## एग्जिट पोल होंगे फेल, बिहार में बनेगी तेजस्वी की सरकार : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बरेली पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा, पिछले चुनाव में भाजपा ने अपने हिसाब से अधिकारियों की जगह-जगह पोस्टिंग करा दी थी। उन्होंने आरोप लगाया, लोकसभा चुनाव में भाजपा के एजेंट बनकर अधिकारियों ने वोटिंग कराई थी। लाखों लोगों को वोट डालने से वंचित कर दिया था। अखिलेश यादव बरेली में बहेड़ी विधायक अताउर रहमान की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। शादी समारोह निपटाने के बाद अखिलेश ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बिहार विधानसभा चुनाव के रिजल्ट पर भी



विस्तार से चर्चा की। एग्जिल पोल में दिख रही एनडीए की जीत को अखिलेश ने गलत बताया।

शुक्रवार को वोटिंग की गिनती शुरू होने के साथ एग्जिट पोल के नतीजे धराशाई हो जाएंगे। बिहार में तेजस्वी यादव की सरकार बनेगी। लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव बोले, अगर अधिकारी धांधली न करते तो परिणाम कुछ और होता। अखिलेश ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। धांधली को लेकर हमने कई बार शिकायत की लेकिन चुनाव आयोग ने कोई ध्यान नहीं दिया। भाजपा सरकार हमेशा से लोगों का ध्यान असल मुद्दों से भटकाती रही है।

एसआईआर को लेकर अखिलेश यादव ने कहा, यूपी में एसआईआर का काम शुरू करके तीन महीने के लिए सभी राजनीतिक पार्टियों को उलझा दिया है। अखिलेश ने सपा कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। पीडीए प्रहरी बनकर हर वोट की रक्षा करें। किसी का वोट बने से ना छूटने पाए। उम्मीद है कि चुनाव आयोग इस बार भाजपा का आयोग बनकर नहीं रहेगा। बरेली के लिए समाजवादी पार्टी आगामी चुनाव में अलग मेनिफेस्टो खुद तैयार करेगी।

**कार्यालयः- सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई, लखनऊ**

पत्रांक-157/सहा0आयु0/स0द0पं0ई0-लखनऊ/ दिनांकः 07 नवम्बर 2025

**नीलामी सूचना**

**सी.जी.एस.टी./एस.जी.एस.टी. अधिनियम 2017 की सुसंगत घारा 79 (1) (बी) के अन्तर्गत माल की नीलामी की सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित अनुसूची (SCHEDULE) में वार्णित जब्त/अभिग्रहीत किए गए माल ओल्ड आयरन स्क्रैप क्रमशः 17810 Kgs, 16590 Kgs, 29900 Kgs, 26370 Kgs को सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से "जो जैसा है" की स्थिति में अनुसूची में वर्णित विवरण के अनुसार दिनांक 17.11.2025 (दिन सोमवार) को प्रातः 11.00 बजे कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई, लखनऊ राज्य कर भवन, 5 मीराबाई मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ के परिसर में नीलामी समिति के समक्ष आयोजित की जाएगी। नीलामी की तारीख से पूर्व देय सम्पूर्ण धनराशि के भुगतान हो जाने पर नीलामी की प्रक्रिया रोक दी जाएगी। जिसका विवरण एवं मुख्य शर्ते निम्नलिखित है-

अनुसूची (SCHEDULE)

| क्र0सं0 | माल का विवरण | झाल/नग | माल की मात्रा | कुल माल की धरोहर राशि (EARNEST MONEY) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ओल्ड आयरन स्क्रैप | 01 Lot | 17810 kgs | Rs. 50,000/- प्रति लॉट |
| 2 | ओल्ड आयरन स्क्रैप | 01 Lot | 16590 kgs | |
| 3 | ओल्ड आयरन स्क्रैप | 01 Lot | 29900 kgs | |
| 4 | ओल्ड आयरन स्क्रैप | 01 Lot | 26370 kgs | |

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण/व्यक्ति उक्त स्थल पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी से सम्बंधित नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई, राज्य कर भवन, 5 मीराबाई मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से दिनांक 15.11.2025 (दिन शनिवार) तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

**नीलामी में प्रतिभाग करने के नियम एवं मुख्य शर्ते-**

1. उचित अधिकारी (PROPER OFFICER)/अध्यक्ष नीलामी समिति को यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए नीलामी निरस्त कर सकता है।
2. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण/व्यक्ति उक्त स्थल पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी में जी.एस.टी. अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत व्यक्ति ही प्रतिभाग कर सकते हैं। साक्ष्य के रूप में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति को अपने जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
3. नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु माल के विवरण के सम्मुख अंकित धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट (DRAFT) ही मान्य होगा, जो सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई लखनऊ के नाम से देय होगा। जिस व्यक्ति के पक्ष में नीलामी स्वीकृत की जाएगी, उसे छोड़कर नीलामी प्रकिया में भाग लेने वाले शेष फर्म/व्यक्तियों की धरोहर राशि वापस कर दी जाएगी।
4. माल जिस दशा में है जहां है उसी प्रकार नीलाम किया जाएगा। बोलीकर्ता द्वारा माल की गुणवत्ता एवं माल का आकलन स्वयं उपस्थित होकर करना होगा। नीलामी के उपरान्त उक्त के सम्बंध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. नीलामी समिति के समक्ष उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा बोली गयी धनराशि को समिति द्वारा विवेकानुसार/नियमानुसार स्वीकार/अस्वीकार किया जा सकेगा तथा स्वीकार किए जाने की स्थिति में उच्चतम बोलीकर्ता को नीलामी का 25 प्रतिशत तुरन्त एवं शेष नीलामी की धनराशि निर्धारित समय एक सप्ताह के अन्दर जमा कर माल को जिस स्थिति में है उसी स्थिति में अपने संरक्षण में लेना होगा अन्यथा की स्थिति में उसका दावा निरस्त करते हुए धरोहर तथा 25 प्रतिशत जमा की गयी धनराशि राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के अन्तर्गत नीलाम किए गए माल पर नियमानुसार निर्धारित कर देयता भी जमा की जाएगी।

**(श्यामवीर सिंह)**
**सहायक आयुक्त, राज्य कर,**
**सचल दल पंचम इकाई, लखनऊ।**

## राजधानी के नामचीन मिठाई दुकानदारों की घटिया करतूत, एफएसडीए ने खोली पोल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी में देशी घी की मिठाइयों के नाम पर उँचें-उँचें नामचीन दुकानदार मुनाफे के चक्कर में ग्राहकों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के द्वारा मारे गये छापों ने राजधानी के सभी प्रतिष्ठानों की पोल खोल कर रख दी है।

एफएसडीए के आयुक्त के निर्देश पर राजधानी के दस प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों पर छापे मारने की कार्यवाही की गयी। जिसमे कुल इक्कीस नमूने लिये गये। साथ ही साफसफाई व स्वच्छता का गहन निरीक्षण किया गया। लखनऊ से कानपुर तक चले इस विशेष अभियान में कुल 3664 किलो कीमत 1440000 का माल जब्त किया गया और नष्ट कराया गया। विशेष प्रवर्तन दल द्वारा छप्पन भोग, राधेलाल क्लासिक, रिट्ज स्वीट्स, मोतीमहल, मधुरिमा, नीलकंठ, सियाराम, महालक्ष्मी, श्याम स्वाद, कंचन स्वाट्स आदि का गहन निरीक्षण किया जिसमे सभी के यहां हाईजीन व सेनेटरी की स्थिति काफी खराब पायी गयी। इनको सुधार के निर्देश दिये। साथ ही अधोमानक व खराब माल की जब्ती के साथ माल को नष्ट भी कराया। छप्पन भोग में माल की जब्ती के साथ दस किलो रंगीन पेठा नष्ट कराया। श्याम स्वाद के प्रतिष्ठान में तीन कुंतल काजू बरफी कीमत 360000 को नष्ट कराया। नीलकंठ में 255 किलों कीमत 229500 की मिठाइयों को नष्ट कराया। इसी प्रकार कंचन स्वीट्स में तीस किलों मिठाइयों का नष्ट कराया। वही महालक्ष्मी स्वीट्स में लाइसेंस न होने पर प्रतिष्ठान को बंद कराने की कार्यवाही की जा रही है।

**लोगों की सेहत से खेल रहे मिठाइयों के प्रतिष्ठित दुकानदार**

साथ ही मधुरिमा, सियाराम, राधेलाल छप्पन भोग आदि में गंदगी आदि पाये जाने पर नोटिस दिया गया। इसके पूर्व भी मधुरिमा अमीनाबाद में दीपावली पर सोन हलवे मे बाल पाये जाने की शिकायत सामने आयी थी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा की गयी इस कार्यवाही ने सभी प्रतिष्ठित मिठाई दुकानदारों की ईमानदारी की पोल खोल कर रख दी है।

## मेयर आयुक्त विवाद शान्त, कार्यकारणी बैठक निपटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम लखनऊ में लगातार दो महीने से चली आ रही महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार के बीच झगड़ा आखिरकार गुरुवार को खत्म हो गई। उच्च स्तर से मिली फटकार और चेतावनी के बाद दोनों ने अपने-अपने रुख में नरमी दिखाई है। मेयर ने जिद छोड़ी और अफसर भी नरम पड़े और कार्यकारिणी की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। लंबे समय से अटकी फाइलें और प्रस्ताव पारित किए गए, जिससे नगर निगम में कामकाज की गति दोबारा पटरी पर लौटती दिखाई दे रही है। बैठक के दौरान माहौल पूरी तरह सकारात्मक रहा। कार्यकारिणी की बैठक महापौर और नगर आयुक्त दोनों एक साथ बैठकर प्रस्तावों पर चर्चा करते नजर आए। जिन मुद्दों को लेकर दोनों के बीच विवाद गहराया था, उन पर भी आपसी सहमति बन गई। बैठक समाप्त होने के बाद दोनों अधिकारी मीडिया ब्रीफिंग के लिए साथ बैठे और हंसते हुए एक-दूसरे का समर्थन करते दिखाई दिए। ऐसा लगा मानो लंबे समय से चली आ रही टकराव की स्थिति कभी थी ही नहीं। कार्यकारिणी की बैठक में इस बार न तो आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला, न ही किसी प्रस्ताव पर बहस हुई। महापौर ने कई मुद्दों पर अपनी जिद छोड़ी, वहीं नगर आयुक्त ने भी नरमी दिखाते हुए महापौर के सुझावों को स्वीकार किया। दोनों की सहमति से ऐसे कई प्रस्ताव पारित किए गए जो पिछले महीनों से लंबित थे। जिन विषयों पर पहले टकराव हुआ था, उन पर अब समझौते की स्थिति बन गई है। जिन पिछले मुद्दों पर सवाल उठे थे, उन्हें भी अब निस्तारित कर दिया गया है। महापौर ने नगर आयुक्त की ओर देखते हुए कई बार कहा कि आप बताइए, ये आपकी ओर से है। वहीं नगर आयुक्त ने भी महापौर की बातों का समर्थन करते हुए प्रस्तावों को आगे बढ़ाया। जब मीडिया ने विवाद खत्म होने को लेकर सवाल पूछा, तो महापौर और नगर आयुक्त दोनों ने ही कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की। दोनों ने बस इतना कहा कि अब कोई विवाद नहीं है, सब कुछ ठीक है। यानि यह जबाब ही इस बॉत का संकेत था कि टकराव के मुद्दें पर दोनों लोगों को बिलकुल शांत रहने केउच्च स्तर पर निर्देश दिए गए है।

# वाहन मालिक अपने वाहनों का परमिट, बीमा करायें सही

- विद्यालय वाहनों के सभी प्रपत्र पूर्ण न होने की दशा में होगी विभागीय कार्यवाही एआरटीओ

गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।



जनपद के समस्त प्रबन्धक / प्रधानाचार्यों को अवगत कराना है कि विगत 12 नवम्बर को बनघुसरा क्षेत्र में एक विद्यालय वैन में अचानक ही आग लग जाने के दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। सौभाग्य से वैन में बैठे किसी छात्र-छात्रा के साथ कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई है। परन्तु यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है तथा प्रशासन सहित आप सभी के लिये एक चेतावनी का संकेत है। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों के माध्यम से प्राप्त निर्देशों के क्रम में आप सभी को लगातार अपने विद्यालय वाहनों को फिटनेस कराकर संचालित कराने के निर्देश दिये जाते हैं तथापि आप सभी के द्वारा इस आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। 1.अपने विद्यालय के नाम से पंजीकृत समस्त विद्यालय वाहनों का बीमा व प्रदूषण प्रमाण पत्र अद्यतन कराकर ऑनलाइन व्यवस्था के माध्यम से वाहनों का फिटनेस करा लें तथा वैधता समाप्त मार्ग परमिट को नवीनीकृत करवा लें। 2. वाहन को जिस रूप में वाहन निर्माता द्वारा निर्मित किया गया है, उसी रूप में संचालित करें। किसी भी दशा में वाहनों पर व्यय को न्यून करने की मंशा से बिना अनुमति सी.एन.जी. किट की फिटिंग जैसे परिवर्तन न करें। 3. अधिकर्षता आयु पूर्ण विद्यालय वाहनों का संचालन तत्काल रोक कर पंजीयन पुस्तिका व मार्ग परमिट समर्पित कर दें। 4. जर्जर वाहनों को तत्काल किसी कबाड़ी के पास विक्रय कर कबाड़ी की रसीद, चेसिस पटिया आदि के साथ कार्यालय में जमा कराकर वाहन का पंजीयन निरस्त करा लें। 5. विद्यालय में किसी भी अन्य निजी वाहन को विद्यालय के छात्रों का परिवहन न करने दें। उन्होंने कहा है कि समस्त निर्देशों का पालन न करने की स्थिति में किसी आकस्मिक मार्ग दुर्घटना में सम्बन्धित विद्यालय द्वारा जान-बूझकर निर्देशों की अवहेलना अथवा त्रुटि संज्ञान में आती है तो जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा स्थानीय थाना स्टाफ की सहायता से आपके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# पुलिस महानिरीक्षक ने आरक्षियों को दिया प्रशिक्षण

## प्रशिक्षुओं ने साइबर अपराध, आंतरिक सुरक्षा एवं पुलिसिंग से संबंधित पूछे सवाल

गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।



पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक द्वारा बृहस्पतिवार को रिजर्व पुलिस लाइन, जनपद गोण्डा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरक्षियों को क्राइम सीन ,इन्वेस्टिगेशन, जनसुनवाई,साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा,कॉल सर्विलांस एवं क्राइम के विभिन्न वर्टिकल्स,आंतरिक सुरक्षा तथा नैतिक कर्तव्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नव नियुक्त आरक्षियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से सशक्त करते हुए साइबर अपराध की बढ़ती चुनौतियों के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें व्यावहारिक पुलिसिंग के लिए अधिक सक्षम बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक द्वारा विभिन्न व्यावहारिक उदाहरणों, अनुभवों एवं केस स्टडी के माध्यम से विषयों को सरल और प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षुओं ने साइबर अपराध,आंतरिक सुरक्षा एवं पुलिसिंग से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का आईजी महोदय द्वारा विस्तृत रूप से समाधान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स गोण्डा शिल्पा वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जैसौरा गौशाला में मिसाल बनी सेवा भावना सचिव व प्रधान ने खुद खिलाया गुड़ व केला

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।

विकास खंड विशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत जैसौरा स्थित गौ सेवा केंद्र में बृहस्पतिवार को ग्राम सचिव लक्ष्मी नारायण व ग्राम प्रधान ने स्वयं पहुंचकर गौवंशों को गुड़ व केला खिलाकर सेवा की। इस दौरान गौशाला की साफ-सफाई चारे और दवा की बेहतर व्यवस्था देखने को मिली। खंड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह की गौ सेवा के प्रति विशेष रुचि और सतत प्रयासों से गौशाला की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उनकी प्रेरणा से अब जैसौरा की गौशाला क्षेत्र की आदर्श गौ सेवा केंद्र के रूप में पहचान बना रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ऐसी पहल से न केवल गौवंशों की स्थिति सुधर रही है बल्कि लोगों में गौसेवा के प्रति जागरूकता और संवेदना भी बढ़ रही है।

# लैंगिक आधारित एवं घरेलू हिंसा पर हुआ जागरूकता सत्र

- महिलाओं के प्रति हिंसा रोकथाम हेतु वन स्टॉप सेंटर में सत्र आयोजित



गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।

हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर में लैंगिक आधारित हिंसा एवं घरेलू हिंसा पर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा के विभिन्न रूपों के प्रति समाज को जागरूक करना तथा कार्यकर्ताओं की क्षमता वृद्धि करना रहा। इस अवसर पर विधि सह परिवीक्षा अधिकारी जयप्रकाश यादव ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु कानूनों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा अधिनियम महिलाओं को सुरक्षा और न्याय दिलाने का एक सशक्त माध्यम है। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचना जरूरी है। वहीं सेंटर मैनेजर चेतना सिंह ने कहा कि वन स्टॉप सेंटर हिंसा पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की सहायता- कानूनी, चिकित्सीय एवं परामर्श उपलब्ध कराता है। इस दौरान जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह व राजकुमार आर्य, पंकज कुमार राव, रिचा तिवारी, स्वाती पाण्डेय, दीपशिखा शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सजग बनने का संदेश दिया गया।

# आध्यात्मिकता के भाव को शिक्षा क्षेत्र में जमा रही विद्या भारती: रामजी सिंह

गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।



- विद्यालय ने अर्जित किया राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मालवीय नगर के छात्रों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर विद्यालय और जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। गत दिनों जालंधर (पंजाब) में आयोजित अखिल भारतीय वैदिक गणित मेला में वैदिक गणित प्रश्नमंच बाल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

यह प्रतियोगिता विद्यालय स्तर से लेकर अखिल भारतीय स्तर तक पांच चरणों में आयोजित होती है – विद्यालय संकुल, प्रांत, क्षेत्र और अखिल भारतीय स्तर। विद्यालय के छात्र समर पाण्डेय, अक्षत पाठक, अंश पाण्डेय ने इन सभी चरणों में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए अखिल भारतीय स्तर देश की दस टीमों को हराकर अपनी योग्यता का परिचय दिया। गुरुवार को विद्या भारती, भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह जी विद्यालय के नव निर्मित स्मार्ट जोन के उद्घाटन के लिए गोण्डा पहुंचे और उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात छात्र संवाद के दौरान श्री सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों को शुभकामनाये देते हुए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कि इन बच्चों ने अपने सटीक गणितीय ज्ञान और सृजनात्मक शक्ति से प्रश्नों का उत्तर देकर प्रथम स्थान अर्जित किया। विद्यालय परिवार में इस सफलता को लेकर हर्ष और गर्व का माहौल है।

कार्यक्रम के सम्पन्न होने के पश्चात मीडिया जनो से वार्ता करते हुए कहा कि विद्या भारती के अंतर्गत देशभर में लगभग 12500 विद्यालय संचालित होते हैं, जिनमे अध्ययनरत छात्रों को शैक्षिक ज्ञान के साथ साथ वैज्ञानिक दृष्टि कोण, शारीरिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास के लिए विद्या भारती संकल्पित हैं। उन्होंने कहां कि हम विश्व के सबसे बड़े अशासकीय संगठन के घटक है, जो भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में भारत, भारतीयता, राष्ट्र प्रेम के साथ-साथ आध्यात्मिकता के भाव को शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित करने के लिए विद्या भारती के विद्यालय निरंतर क्रियाशील है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हम विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के अधिकाधिक जनों से संपर्क कर अपने कार्यों, योजनाओं, गतिविधियों को पहुंचाने हेतु सतत संपर्क अभियान चला रहे है। सप्त शक्ति संगम के माध्यम से हम एक विशेष अभियान चला रहे हैं । जिसमें हमारा लक्ष्य है कि देश के तीन करोड़ मातृ शक्तियों से संपर्क कर लगभग 75 लाख माताओं को अपने बीच कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से उन्हें अपने से जोड़ने का प्रयास रहेगा।

हमारे पूर्व छात्र लाखों की संख्या में देश -विदेश में समाज के नवनिर्माण में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। हम समाज को कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से भी जोड़ने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है।

इस अवसर पर संभाग निरीक्षक अवरेश कुमार, विभाग प्रचारक प्रवीण, प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल, सुरेश पाण्डेय,अरुण कुमार शुक्ल, डॉ रंजन शर्मा, उमाशंकर तिवारी, पुष्पा मिश्रा, विनीत मिश्र सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। यह जानकारी प्रचार प्रमुख जीतेन्द्र पाण्डेय ने जारी एक विज्ञप्ति मे दी।

# बोलेरो-बाइक की टक्कर से बाइक सवार घायल

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़

गुरुवार दोपहर 2:00 बजे गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर उघरना सरहदी गांव के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बहराइच की तरफसे आ रही बोलेरो और सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक ननके पुत्र रणबीर निवासी नेवलापुर ;परेई का है। ननके उघरना सरहदी स्थित सेंट्रल बैंक में कुछ कार्य से गए हुए थे। वह बैंक से अपना काम निपटाकर घर लौट रहे थे कि तभी बैंक से लगभग 100 मीटर की दूरी पर यह दुर्घटना हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने तत्काल पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल ननके को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज पहुंचाया जहां अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार पांडे ने तत्काल प्राथमिक उपचार दिया। डॉ. पांडे ने बताया कि घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर यातायात सुचारू करा दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस की मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई से सड़क पर यातायात जल्द ही सामान्य हो गया।

# तेंदुए के हमले से वृद्ध की मौत, परिजनों में मातम का माहौल

- ग्रामीणों में विभाग की कार्यशैली को लेकर है गहरा आक्रोश
- ग्रामीणों ने प्रशासन से की मांग, मृतक के परिजनों को दिया जाए मुआवजा

मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज़।



ककरहा वन रेंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेझा देवनपुरवा ;खरबूजाहा पुल के पास उस समय दहशत और अफरा-तफ्री का माहौल बन गया जब एक तेंदुए ने खेत में काम कर रहे वृद्ध किसान भिखारी पुत्र सिंघा आर्य ;उम्र लगभग 60 वर्ष पर अचानक हमला कर दिया। ग्रामीणों के अनुसारए भिखारी रोज़ की तरह सुबह अपने खेत में काम करने गए थे। तभी झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने उन पर झपट्टा मारा और कुछ ही मिनटों में उन्हें मौत के घाट उतार दिया। किसान की चीख सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़े लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों ने तत्काल सूचना ककरहा वन रेंज कार्यालय को दी लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी वन विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे लोगों में विभाग की कार्यशैली को लेकर गहरा आक्रोश है।गांव के लोगों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से तेंदुए की आवाजाही देखी जा रही थी लेकिन इसके बावजूद वन विभाग ने कोई गश्त या सुरक्षा इंतज़ाम नहीं किया। ग्रामीणों ने कहा कि अगर विभाग ने पहले ही सतर्कता बरती होती तो शायद भिखारी की जान बचाई जा सकती थी।

मृतक किसान के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए और गांव के आसपास तेंदुए की तलाश कर मानव वन्य संघर्ष की घटनाओं पर रोक लगाई जाए। वहीं स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही वन विभाग हरकत में नहीं आया और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# बीईओ ने बाल दिवस कार्यक्रम की तैयारी का लिया जायजा



बहराइच समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में प्रार्थना सभा में नियमित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन करवाया जा रहा है। फखरपुर विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय साईगांव संकुल बौंडी की प्रार्थना सभा में पहुंचकर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गायन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। बाल दिवस कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया एवं शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम करवाने का निर्देश दिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी छात्रों को नियमित ड्रेस में आने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की शैक्षिक प्रगति की समीक्षा करते हुए विद्यालय की सराहना किया।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पूर्व मंत्री हुए शामिल

- महसी में भाजपा विधायक के नेतृत्व में निकली यात्रा

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महसी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा विधायक के नेतृत्व में एक विशाल पदयात्रा निकाली गई जिसमें पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह भी शामिल हुए।यह पदयात्रा बुधवार दोपहर महसी से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के नेतृत्व में किशनपुर मीठा से शुरू हुई। नौ किलोमीटर का सफ़र तय कर यह पिपरी माफी में समाप्त हुई। इस दौरान भाजपा विधायक ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर आजादी के बाद 565 रियासतों को देश के साथ जोड़कर एक भारत श्रेष्ठ भारत का निर्माण किया था। उन्होंने सभी से उनके आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया। यात्रा के दौरान श्भारत माता की जय के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय, जिला मंत्री रामनिवास जयसवाल, भाजयुमो जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित, प्रमुख प्रतिनिधि तेजवापुर रमाकर पाण्डेय, नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा, मंडल अध्यक्ष तेजवापुर विद्याधर बाजपेई, जैतापुर मुखियार चौहान, महसी संजय त्रिवेदी और रायपुर शैलेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# राजकीय बीज गोदाम पयागपुर में किसानों के साथ खुला भेदभाव

पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़

- किसानों का आरोप . गोदाम प्रभारी अपने खास लोगों को दे रहे दस-दस बोरी बीज

राजकीय बीज गोदाम पयागपुर में सुबह से ही गेहूं के बीज के लिए किसान लंबी कतारों में खड़े अपनी बारी का इंतज़ार करते रहे लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी। किसानों का आरोप है कि गोदाम प्रभारी ओम प्रकाश दूबे ने बाईपास कर अपने खास लोगों को दस-दस बोरी बीज दे दी जबकि छोटे और वास्तविक जरूरतमंद किसान खाली हाथ लौट गए। घंटों इंतज़ार के बावजूद बीज न मिलने से किसानों में भारी आक्रोश दिखाई पड़ा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे कड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे। हमें हमारे हिस्से का बीज चाहिए, अब अन्याय बर्दाश्त नहीं। किसानों ने नारे लगाए। इस बीच उपजिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी पांडेय ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। बताया गया कि उनके पहुंचने तक स्थिति सामान्य रही लेकिन उनके जाते ही पुनः वही अव्यवस्था शुरू हो गई। किसानों ने शासन से मांग की है कि इस तरह के भेदभाव पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# पीएम श्री जीआईसी रमपुरवा के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- कृषि से संबंधित विभिन्न आयामों की प्राप्त की जानकारी

पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज रमपुरवा के शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं को नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज फैजाबाद ले जाया गया।

बच्चों ने वहां कृषि से संबंधित विभिन्न आयामों यथा डेरी उद्योग मत्स्य पालन आदि के बारे में भी उपयोगी जानकारी प्राप्त की। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर संजीव सिंह द्वारा बच्चों को कृषि व उनसे सम्बंधित अन्य व्यवसायों को उन्नत तरीके से कर अधिक उत्पादन प्राप्त करने की जानकारी दी। प्रोफेसर विनोद सिंह द्वारा कृषि विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों व रोजगार की दृष्टि से उनके महत्व की चर्चा की गई। छात्र छात्राओं ने सब्जी की खेती के फार्म हाउस देखे। विभिन्न प्रकार की फसलों का पाली हाउस के अंतर्गत उत्पादन की विधि को भी जाना। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अमित कुमार पाठक, शिक्षक अजय सिंह, प्रवीन कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रियरंजन कुमार, अश्विनी कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# घर के बाहर खेल रही 3 साल की मासूम को उठा ले गया भेड़िया

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।





घर के बाहर खेल रही 3 साल की मासूम को भेड़िया उठा ले गया। परिजनों के सामने भेड़िए ने बच्ची पर हमला बोला। चीख-पुकार सुनकर गांव वाले इकट्ठा हो गए। पुलिस और वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ मिलकर बच्ची की तलाश शुरू की। ड्रोन के जरिए पूरे इलाके के चप्पे-चप्पे को खंगाला जा रहा है। बच्ची की पहचान जाह्नवी 3 पुत्री संतोष के रूप में हुई है। घटना सुबह 11 बजे की है जब जाह्नवी अपने घर के बाहर खेल रही थी। अचानक एक भेड़िया वहां आया और बच्ची पर हमला कर दिया। भेड़िया बच्ची को जबड़े में दबोचकर जंगल की ओर भाग गया। मामला नया लोधन पुरवा गांव का है। कैसरगंज थाना क्षेत्र के गोडहिया नंबर 3 के मजरा लोधन पुरवा निवासी संतोष की 3 साल की बेटी जाह्नवी गुरुवार सुबह करीब 11 बजे घर के सामने खेल रही थी। तभी अचानक एक भेड़िया आया और बच्ची को अपने जबड़ों में दबाकर उठा ले गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और जानवर के पीछे भागे लेकिन वह गन्ने के खेतों में घुस गया। काफी तलाश के बाद भी बच्ची का कोई सुराग नहीं लग सका है। बच्ची के दादा सजनलाल ने बताया कि बच्ची घर के दरवाजे के पास खेल रही थी। तभी भेड़िया धान के खेत से आया। उस समय उनकी दो बहुएं और एक पोता वहां मौजूद थे। इन्हीं तीनों ने भेड़िये को बच्ची को ले जाते हुए देखा और शोर मचाया। लेकिन तब तक भेड़िया बच्ची को लेकर गायब हो चुका था। फिलहाल बच्ची की मां बेसुध हैं। पिता संतोष ग्रामीणों और वन विभाग की टीम के साथ उसे खोजने में जुटे हुए हैं।

### ड्रोन से खेतों में तलाश जारी

सूचना मिलते ही कैसरगंज रेंजर ओमकार यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों और वन विभाग की टीम ने गन्ने के खेतों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

### सुबह दिखा था भेड़िया भगाने के लिए की थी फायरिंग

रेंजर ओमकार यादव ने बताया कि भृगुपुरवा इलाके में सुबह करीब 6 बजे भेड़िए को देखा गया था। उसे भगाने के लिए फायरिंग भी की गई थी। इसके कुछ घंटे बाद ही उसने यह हमला कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि टीम मौके पर डटी है और बच्ची की तलाश जारी है। आसपास के गांवों में लोगों को सतर्क रहने और छोटे बच्चों को अकेला न छोड़ने की अपील की गई है। इस साल बहराइच में भेड़िए अब तक 8 मासूमों की जान ले चुके हैं जबकि 30 लोग हमले में घायल हैं। वन विभाग के मुताबिक इलाके में कुल चार भेड़िए हमले कर रहे थे जिनमें से तीन को मार गिराया गया। चौथे को गोली लगी थी लेकिन वह पकड़ में नहीं आया।

# जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने राजेश शुक्ला

- महामंत्री शैलेंद्र सिंह और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार त्रिपाठी विजई

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव परिणाम बुधवार देर रात घोषित कर दिए गए। अध्यक्ष पद पर राजेश शुक्ला और महामंत्री पद पर शैलेंद्र सिंह विजयी घोषित हुए। बुधवार सुबह दीवानी न्यायालय परिसर में सुबह 10 बजे मतदान शुरू हुआ। अधिवक्ता मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। दोपहर 3 बजे मतदान समाप्त होने तक 1521 में से 1401 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद शाम 4 बजे से मतगणना शुरू हुई जो देर रात करीब 10 बजे तक चली। परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर राजेश शुक्ला को 610 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कृपाराम त्रिपाठी को 553 मत प्राप्त हुए। राजेश शुक्ला ने 47 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। महामंत्री पद पर शैलेंद्र सिंह को 355 मत मिले उन्होंने रामपाल शुक्ला ;286 मत को 69 मतों के अंतर से हराया।

**अन्य विजेता उम्मीदवार**

वरिष्ठ उपाध्यक्षः दिनेश कुमार त्रिपाठी ;486 मत।

मध्य उपाध्यक्ष, दो पद मोहम्मद उमर खां, 636 मत और परमप्रकाश पांडेय, 665 मत।

कनिष्ठ उपाध्यक्षः आनंद कुमार अवस्थी,754 मत।

कोषाध्यक्षः राजेश कुमार मिश्र ,693 मत।

संयुक्त सचिव ;प्रशासन, आलोक कुमार पाठक ;730 मत।

संयुक्त सचिव ;प्रकाशन अमित कुमार शुक्ला ;737 मत।

चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी उम्मीदवारों और समर्थकों में जश्न का माहौल देखने को मिला।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## खबरें एक नजर में

### जिला कारागार से पेशी पर आया बंदी फरार, पुलिस महकमें में मचा हड़कंप

**रायबरेली।** जिला कारागार से पेशी पर लाया गया बंदी गुरुवार को पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय नाहर नट, जो किसी आपराधिक मामले में बंद था, जिला न्यायालय में पेशी के लिए लाया गया था। पेशी के बाद उसने वकील से मिलने का बहाना बनाकर दीवानी कचहरी के पास से भागने में सफलता हासिल कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। सीओ सदर अरुण नौवहार के नेतृत्व में पुलिस टीमों को रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और शहर के मुख्य मार्गों पर तैनात किया गया है। फरार बंदी की तलाश के लिए पुलिस ने चारों दिशाओं में घेराबंदी कर सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि बंदी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**बछरावां, रायबरेली।** वादी द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर देकर बताया गया था कि दिनांक 1 नवंबर 2025 को अजय पुत्र विजय कुमार निवासी दुन्दगढ़ थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली द्वारा स्वयं को अविवाहित बताकर वादी की पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया था। जब उसे विपक्षी के विवाहित होने की जानकारी हुई तो, उसने विरोध किया। जिस पर विपक्षी उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। उसकी पुत्री किसी तरह अपने घर पहुंची। थाना स्थानीय पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर उपरोक्त अभियुक्त की तलाश के साथ अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित थी। इसी क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत बछरावां पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर उक्त मामले में स्थानीय थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 584/2025 धारा 87/351(3) बीएनएस में नामजद/वांछित अभियुक्त अजय पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम दुन्दगढ़ थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार कर स्थानीय थाने पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक रामनरेश यादव, आरक्षी अभिजीत चौहान की महती भूमिका रही।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान से हमारा देश बना अखंड भारतः अपर्णा यादव



**सीतापुर।** भारत के प्रथम गृहमंत्री व लौह पुरुष के नाम से जाने जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एकता पदयात्रा का आयोजन विधानसभावार किया जा रहा है। इसी क्रम में मिश्रिख विधानसभा में एकता पदयात्रा आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव मौजूदरही साथ ही विशिष्ट अतिथि मिश्रिख सांसद अशोक रावत , जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने यात्रा का नेतृत्व किया। इस यात्रा में मिश्रिख क्षेत्र के सामाजिक धार्मिक एवं शैक्षिक जगत से जुड़े लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा के साथ ही साथ एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए मुख्य अतिथि अपर्णा यादव ने बताया की सरदार पटेल की वजह से ही आज हमारा देश अखंड है अन्यथा हम कई सारे टुकड़ों में विभाजित होते और एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने के लिए वीजा और पासपोर्ट की जरूरत पड़ती लेकिन सरदार साहब के लौह इरादों से हम अखंड हुए हैं और अखंड भारत के रूप में हम सब एक हैं हम सब उन्हें नमन करते हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने बताया की सरदार पटेल का योगदान हम सब के लिए अतुल है हम उनके योगदान से जहां अखंड हुए हैं वही हम सब में राष्ट्रभक्ति की भावना भी जागृत हुई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया की सरदार पटेल भारत माता के ऐसे वीर सपूत थे जिनके योगदान के कारण हमारा देश एकता के सूत्र में पिरोया गया। मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने बताया कि मिश्रिख में आयोजित इस पदयात्रा में कोने-कोने से लोग आए हैं यह उनकी राष्ट्रभक्ति है। उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिश्रित ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव, अजय भार्गव, साथ ही पार्टी के मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी व कार्यकर्ता सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कोतवाली बिसवां में बैडमिंटन कोर्ट का एसपी ने किया उद्घाटन




**बिसवां (सीतापुर)।** जनपद के पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने गुरुवार को कोतवाली बिसवां परिसर में नव-निर्मित बैडमिंटन कोर्ट का फीता काटकर शुभारंभ किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने स्वयं कोर्ट पर बैडमिंटन खेलकर पुलिसकर्मियों और स्थानीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और अनुशासन भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से टीम भावना, एकाग्रता और संयम का विकास होता है जो पुलिस सेवा के लिए अत्यंत आवश्यक गुण हैं। उन्होंने कहा कि फिट पुलिस बल ही समाज की सुरक्षा और सेवा में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से नियमित रूप से खेलकूद में भाग लेने का आग्रह किया और कहा कि शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहना प्रत्येक पुलिसकर्मी का दायित्व है। कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह, प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा, आफताब आलम उर्फ पप्पू, नियाज़ुल अहमद, आफताब सहित कोतवाली का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण को सराहनीय पहल बताया और पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया।

### आबकारी निरीक्षक ने पकड़ी 93ली अवैध कच्ची शराब

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में बृहस्पतिवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम मठिया पूरे बल्दान कमालपुर, अमेठी, दौलतपुर व खखेरवा, में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र-गौरीगंज व थाना-जामो के अंतर्गत ग्राम-मठिया पूरे बल्दान कमालपुर से कुल-93ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व 250किलो ग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 5अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई तथा आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक क्षेत्र-गौरीगंज व आबकारी स्टॉफ में अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, व रामविलास आदि आबकारी सिपाही सम्मलित रहे।

### किसानों का फूटा गुस्सा, यूपीसीडा कार्यालय में जड़ा ताला



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** खड़ी फसल पर बुलडोज़र चलाने की कार्रवाई के विरोध में किसानों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा। आंदोलन के 14वें दिन किसानों ने यूपीसीडा कार्यालय में ताला जड़ दिया, जमकर नारेबाज़ी की और प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाया। धरना स्थल पर महिलाएँ, बच्चे और बुज़ुर्ग किसान भारी संख्या में जुटे हैं। महिला जिलाध्यक्ष शमीमा खान ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों की रोटी पर बुलडोज़र चलाने वालों को अब जनता जवाब देगी। अगर सरकार ने अब भी आँखें मूँद रखीं, तो यह आंदोलन तहसील से निकलकर ज़िला मुख्यालय तक पहुँचेगा। अब यह लड़ाई आर-पार की होगी, वहीं किसान नेता अरमान अली ने कहा यह सिर्फ किसानों का नहीं, बल्कि इंसाफ़ का आंदोलन है। जब तक दोषियों पर कार्रवाई और फसल का मुआवज़ा नहीं मिलेगा, तब तक यह धरना नहीं रुकेगा। प्रशासन का मौन इस अन्याय की सबसे बड़ी गवाही है। किसान नेता वीरेंद्र सिंह ने भी कहा तहसीलदार और यूपीसीडा अधिकारियों की मिलीभगत से किसानों की 30 एकड़ से ज़्यादा खड़ी फसल रौंद दी गई, ट्यूबवेल, इंजन और उपकरण तोड़ दिए गए। अधिकारी मौके पर मौजूद थे, फिर भी किसी ने रोकने की कोशिश नहीं की। धरने पर किसानों ने साफ कहा अब अन्नदाता की मेहनत कुचली जा रही है, तब प्रशासन की चुप्पी सबसे बड़ा अपराध है।

### सुरक्षा के दृष्टिगत थानों द्वारा की गई संदिग्धों की चेकिंग



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु बुधवार को देर शाम पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा थानाक्षेत्र संग्रामपुर में, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र द्वारा थानाक्षेत्र इन्हौना व मोहनगंज में, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा द्वारा थानाक्षेत्र मुंशीगंज में व जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त की गई तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग की गयी।

---

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना**

# 318 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न

- विधायक सलोन व सीडीओ ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में शामिल होकर नव वैवाहिक जोड़ों को दिया आशीर्वाद

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड सलोन के मिनी स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस भव्य आयोजन का शुभारंभ विधायक सलोन अशोक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

इसके पश्चात पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई। इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 318 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड सलोन 70, छतोह 90, डीह 134, न.पं. सलोन 9, न.पं. नसीराबाद 6 एवं न.पं. परशदेपुर 9 जोड़े सम्मिलित रहे। सामूहिक विवाह में विधायक सलोन व मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, आभूषण (चांदी की पायल, बिछिया) डिनर सेट, ट्रॉली बैग आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर विधायक सलोन ने वर-वधुओं को आर्शीवचन देते हुए कहा कि आज आप अपनी जिंदगी की नई शुरूआत करने जा रहे हैं, जिसके लिए आप सभी को बधाई व शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा है कि ऐसे गरीब व निर्धन परिवार जो शादी विवाह समारोह में होने वाले व्यय को वहन करने में सक्षम नहीं हैं, उनका भी विवाह समारोह सम्मानपूर्वक, परम्परागत व धार्मिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हो सके, इसलिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को प्रारंभ किया गया है, जिसके क्रम में आज यहां भव्य आयोजन किया गया है, इस आयोजन में 318 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है।

## कपड़ा व्यवसाई की पत्नी का असमय निधन, नगर में शोक



**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसाई एवं सपा नेता सुधीर साहू की पत्नी आकांक्षा साहू उम्र 35 वर्ष का लंबी बीमारी के चलते बीती रात ऑक्सीजन लेवल कम होने पर परिजन उन्हें रायबरेली के एक निजी अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान तबीयत में सुधार नहीं आया और मौत हो गई। आकांक्षा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई उनकी दो बेटियां सांभवी साहू 7 वर्षऔर सांवी साहू 3 :30 वर्ष का रो रो कर बुरा हाल है। निधन की सूचना सुनकर उनके घर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। सुधीर साहू के पिता जयकरन गुप्ता का कपड़े का बड़ा व्यवसाय है जिसे उनके तीन पुत्र और वो खुद संभालते हैं तथा सत्यनारायन गुप्ता जयकरन गुप्ता के बहनोई थे और मौजूदा चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू सत्यनारायन गुप्ता के पुत्र हैं और उनकी बहू सरला साहू चेयरमैन हैं महराजगंज नगर का या एक प्रतिष्ठित परिवार है जिनके यहां आज दुख की इस घड़ी में ढ़ाढस बंधाने वालों का तांता लग गया। दुख प्रकट करने वालों में पूर्व विधान परिषद सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह पूर्व विधायक रामलाल अकेला पूर्व विधायक राजाराम त्यागी मौजूदा विधायक श्याम सुंदर भारती पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह कांग्रेसी प्रदीप दीपू चौधरी बावन बुजुर्ग बल्ला प्रधान पंकज गुप्ता सूर्यभान सिंह राम मेडिकल स्टोर राजेंद्र सिंह व्यापारी अली अमजद फूलचंद साहू शंभू गुप्ता अखिलेश गुप्ता व्यापारी राम अचल मौर्य विनय गुप्ता अन्य लोगों ने दु:ख प्रगट किया।

## शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों ने नव आगंतुक बीओ का किया स्वागत



**बछरावां, रायबरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा बछरावां जनपद रायबरेली के अध्यक्ष अमन शुक्ला एवम शिक्षामित्र एसोसिएन के अध्यक्ष पवन शुक्ला के नेतृत्व में नवागंतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी इंद्रा वर्मा का पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह, एवम् अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। श्रीमती वर्मा ने कहा कि शिक्षक समस्याओं का निराकरण मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। शिक्षक तनावमुक्त रहेगा तो बेहतर शिक्षण कार्य करेगा, इसलिए उनका प्रयास रहेगा कि शिक्षक के समक्ष कोई समस्या पैदा ही न होने पाए। उन्होंने कहा कि मानवता और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाएगा। अध्यक्ष अमन शुक्ला ने शिक्षकों की समस्याओं का निवारण और विकासखंड को जनपद में अग्रिम पंक्ति में लाने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। शिक्षामित्र संगठन के अध्यक्ष पवन शुक्ला ने अपने साथियों की समस्याओं को भी साझा किया।

## विद्युत उपभोक्ता ने अधिशासी अभियंता को दिया शिकायती पत्र

- विद्युत अधिकारियों द्वारा फर्जी आख्या प्रेषित कर फर्जी विद्युत बिल जारी करके करवा लिया भुगतान

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जाकिर हुसैन निवासी मोन थाना महराजगंज ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज रायबरेली को ऑनलाइन शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी एवं अवर अभियंता द्वारा फर्जी आख्या प्रेषित कर फर्जी विद्युत बिल जारी करके भुगतान करवा दिया गया। उपभोक्ता ने आरोप लगाया कि महराजगंज के अधिकारियों द्वारा अनावश्यक रूप से पीड़ित करने में किसी भी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी गई क्योंकि विभागीय श्वेत पत्र की आख्या का अध्ययन करने के उपरांत यह ज्ञात होता है कि शासन की दृष्टिकोण में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए विद्युत विभाग ग्रामीण उपभोक्ताओं का शोषण करने में किसी भी प्रकार से पीछे नहीं है दिनांक 26 मार्च 2025 की निस्तारण आख्या पत्र क्रमांक 45 50 में प्रार्थी जाकिर हुसैन के प्रार्थना पत्र पर शबनम बानो पुत्री मोहम्मद अमीन की ऑनलाइन आख्या अपलोड कर दी गई और जाकिर हुसैन का प्रकरण फर्जी तौर पर निस्तारण कर दिया गया जो की विद्युत विभाग के अंधेरे को उजाले में लाकर उजागर कर रहा है। द्वितीय दृष्टिकोण से दृष्टिगत करने के उपरांत विद्युत विभाग का खेल कुछ इस प्रकार से है कि ह्रदय जांच करने वाले उपभोक्ता को विद्युत विभाग द्वारा डायलिसिस की रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई दिनांक 21 अप्रैल 2025 को 8030 रुपए संपूर्ण विद्युत बिल की धनराज बढ़कर विभाग ने उपभोक्ता को कार्यालय में बुलाकर भुगतान ले लिया। वर्तमान में दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को 5700 पिछला बकाया दिखाकर एक माह का 620 यूनिट का बिल जारी कर दिया जो विभागीय अंधेर की संज्ञा को प्रदर्शित करता है क्योंकि एक ओर विभाग ने उपभोक्ता का बिल संशोधन करते हुए संपूर्ण भुगतान ले लिया और बकाया दिखाकर उपभोक्ता पर अनावश्यक बिल का बोझ भी लाद दिया संबंधित प्रकरण में पूर्व में एक प्रार्थना पत्र एसपी रायबरेली को भी विद्युत विभाग के खिलाफ उपभोक्ता द्वारा प्रेषित किया जा चुका है जिसकी जांच भी कोतवाली महाराजगंज से विद्युत विभाग कार्यालय को प्रेषित की गई थी वर्तमान की स्थिति को दृष्टिकित करते हुए पुनः संबंधित प्रार्थना पत्र स्मरण पत्र के रूप में पुलिस अधीक्षक महोदय रायबरेली को प्रेषित कर विद्युत विभाग के प्रति उचित कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया जाएगा।

## किसान की लापरवाही दूसरे किसान को पड़ी भारी, हुआ हजारों का नुकसान

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत गजियापुर मजरे शेखपुर समोधा गाँव में सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए एक किसान के द्वारा अपने खेत की पराली जला दी गई। जिसका खामियाजा उसके पड़ोसी दूसरे किसान को हजारों के हुए नुकसान को लेकर भुगतना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त ग्राम सभा शेखपुर समोधा के मजरे खालेगांव निवासी पुनवासी पुत्र स्व. सुखलाल के द्वारा गजियापुर गांव में मशीन से अपने खेत कटवाए गए थे। बृहस्पतिवार को उन्होंने अपने खेतों में मौजूद पराली में आग लगाते हुए सरकार के आदेशों की धज्जियां तो उड़ाई ही, साथ-साथ उनके इस लापरवाही पूर्ण कार्य से उनके खेत के बगल में स्थित पड़ोसी किसान गंगाबिशुन पुत्र अंगद निवासी मेहरबान खेड़ा की खड़ी धान की फसल में आग लग गई। जिसमें उक्त किसान की लगभग 15 विसुवा धान की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना पर मौजूद आसपास के ग्रामीण और किसान तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया, नहीं तो अन्य किसानों की फसल भी आग की चपेट में आ जाती। किसान राम सेवक ने बताया कि उनकी फसल कटी हुई पड़ी थी। जिसमे लगभग दो-तीन खाट उनकी भी फसल आग की चपेट में आ गई है। यह घटना कहीं न कहीं किसान पुनवासी की लापरवाही को पूर्ण रूप से दर्शाते हुए सरकार के द्वारा जारी आदेशों की धज्जियां उड़ा रही है।

## भण्डारित आलू की अवधि 30 तक बढ़ी

**सीतापुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि निदेशालय उद्यान लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि माह अक्टूबर 2025 के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में तापक्रम अधिक होने एवं अक्टूबर के अन्तिम सप्ताह में वर्षा होने के कारण आलू बीज की बुवाई प्रभावित हुई है। ऐसी दशा में कृषकों द्वारा निजी शीतगृहों में भण्डारित आलू बीज सुरक्षित रखा जाना आवश्यक है। जिस हेतु शीतगृह में भण्डारित आलू की अवधि 30 नवम्बर तक बढ़ायी गयी है। अतः जनपद के कृषकों से अनुरोध है कि निजी शीतगृह में भण्डारित आलू को 30 नवम्बर तक निकालना सुनिश्चित करें, जिससे विपरीत परिस्थितियों में होने वाले आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

## हत्या के प्रयास में वांछित अभियक्त गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विमलेश सिंह पुत्र स्व राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पूरे मंशा गूजर टोला थाना गौरीगंज द्वारा दी गई तहरीर पर थाना गौरीगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में गौरीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित थार वाहन रजि नं UP32 PP 6189 पर सवार एक अभियुक्त इमरान पुत्र हाजी मकबूल निवासी ग्राम पूरे हसन मजरे हरिकरनपुर थाना जामो को गिरफ्तार किया गया है। थार वाहन की तलाशी से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ व जांच से ज्ञात हुआ कि मो इस्लाम के पुत्र जीशान की मृत्यु का बदला लेने के लिये इमरान द्वारा आपराधिक षड़यंत्र करके एक सुनियोजित योजना के तहत घटना कारित कराई गई थी। पूर्व में गिरफ्तार मुख्य साजिशकर्ता मो इस्लाम द्वारा दिये गये रुपये को इमरान द्वारा घटना में शामिल अपने अन्य साथियों तक पहुंचाया गया था। घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस इमरान द्वारा अपने साथी उदय सिंह को उपलब्ध कराया गया था। घटना के उपरान्त अभियुक्त उदय सिंह व उसके साथियों द्वारा भागते समय घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस इमरान को वापस कर दिया गया था जिसे थार वाहन से बरामद किया गया है।

## बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने की अनूठी जनस्वास्थ्य पहल

- सीएमओ ने किया डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम का शुभारंभ
- पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से चलाया जा रहा कार्यक्रम

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**




शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने को लेकर जनपद में एक अनूठी जनस्वास्थ्य पहल की गयी है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम का गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की कुल मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया भी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पर नियन्त्रण के लिए स्टॉप डायरिया कैम्पेन (डायरिया रोको अभियान) चलाया जा रहा है, जिसे ÷डायरिया से डर नहीं÷ कार्यक्रम से और बल मिलेगा। इसके तहत समुदाय में जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा और व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि दस्त प्रबन्धन को पूरी तरह प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि डायरिया से डरने की जरूरत उस स्थिति में नहीं है जब हम पूरी तत्परता के साथ उसके रोकथाम और बचाव के उपायों को तत्काल अपना लेते लेते हैं। दूसरी ओर डायरिया से डरना इसलिए जरूरी है कि यदि तत्काल जरूरी उपाय न किये गए तो वह गंभीर रूप भी ले सकती है। उन्होंने अपना अनुभव भी डायरिया के बारे में साझा किया कि किस तरह उनका पुत्र भी एक बार डायरिया की गिरफ्त में आ गया था और गंभीर स्थिति से किस तरह से उसको बचाया जा सका था। उन्होंने चिकित्सकों और सहयोगी संस्थाओं से अपील की कि डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में दिल लगाकर कार्य करें। डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए पीएसआई-इंडिया के स्टेट हेड अमित कुमार और सीनियर मैनेजर प्रोग्राम अनिल द्विवेदी ने बताया कि आशा, आंगनवाड़ी, एएनएम और महिला आरोग्य समितियों के सदस्यों को डायरिया के प्रमुख बिदुओं के बारे में प्रशिक्षित करने के साथ ही ओआरएस की महत्ता, शीघ्र स्तनपान और छह माह तक सिर्फ स्तनपान के फायदे के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। हाथ धुलने की सही विधि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। दीवार लेखन के माध्यम से जन-जन तक डायरिया से बचाव के प्रमुख सन्देश पहुंचाए जायेंगे। डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम से बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) और शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य विभागों को भी जोड़ा जाएगा। निजी क्षेत्र के चिकित्सकों और अस्पतालों को भी कार्यक्रम से जोड़ा जायेगा। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आर.सी.एच.) डॉ. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि डायरिया की शुरुआत में ही पहचान कर ओआरएस का घोल दिया जाए तो गंभीर स्थिति तक पहुँचने से बच्चे को बचाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. पीयूष ने डायरिया की स्थिति में ओआरएस और जिंक देने की मात्रा के बारे में भी लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। यूनिसेफ के डॉ. सुबोध ने ओआरएस और जिंक का कवरेज बढाने के लिए मानिटरिंग पर जोर देने के साथ ही इसमें पूरा सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा और सूचना अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य इकाइयों के साथ ही डायरिया के लिहाज से संवेदनशील गाँवों में भी ओआरएस और जिंक कार्नर बनाने की बात कही। सीतापुर में इस पहल के शुभारंभ पर केनव्यू के सेल्फ केयर बिजनेस यूनिट हेड, प्रशांत शिंदे ने कहा कि सरकार के डायरिया रोको अभियान को मजबूती देने के उद्देश्य से डायरिया से डर नहीं की एक बहुवर्षीय पहल की गई है। इस पहल का उद्देश्य पांच साल से कम उम्र के कमजोर बच्चों को एकीकृत दस्त प्रबंधन कार्यक्रम के माध्यम से सुरक्षित बनाना है। इसमें ओआरएस के कवरेज के विस्तार पर भी पूरा ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. विकास मिश्रा, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वयक शिवाकांत, डीसीपीएम रिजवान मलिक, उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी राज कुमार, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन की जिला समन्वयक सीता मिश्रा, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष वाजपेयी, पीएसआई इण्डिया से कमलेश कुमार, अश्विनी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई सीएम डैशबोर्ड की बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों सीएम डैशबोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने विभागवार योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली, तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं तथा जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानू सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाए जाने को लेकर डीएम ने की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाए जाने की प्रगति की समीक्षा बैठक कर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार से अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि अब तक 1,71,000 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई जा चुकी है, जबकि अभी 1,24,000 किसानों की आईडी बनाए जाने का कार्य शेष है। इस कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लेखपालों और पंचायत सचिवों के माध्यम से प्रत्येक किसान की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में जन सेवा केंद्रों का भी सहयोग लिया जाए ताकि लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त किया जा सके और जनपद के सभी किसानों की रजिस्ट्री आईडी समयबद्ध रूप से तैयार हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## यातायात जागरूकता अभियान में दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु किया जागरूक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में बृहस्पतिवार 13 नवम्बर को यातायात जागरूकता माह नवंबर के तेहरवें दिन यातायात पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहन चालकों व आमजनमानस को जागरूक किया गया तथा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित बैनर व पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाते हुए आम जनता को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 187 वाहनों का चालान कर 2,17,000 रुपये जुर्माना योजित किया गया।


# धमाके के सुलगते सवाल

सुरक्षा की दृष्टि से चाकचौबंद मानी जाने वाली देश की राजधानी में लाल किले के पास हुए भीषण धमाके ने कई ज्वलंत सवालों को जन्म दिया है। सुरक्षा व्यवस्था के छिद्रों को पाटने की जरूरत के साथ चेताया है कि हमारी जरा सी चूक से आतंकवादियों को फिर से पांव जमाने का मौका मिल सकता है। अब जब मामले की जांच देश की शीर्ष खुफिया एजेंसियां कर रही हैं तो जांच के निष्कर्ष ही हकीकत बताएंगे। लेकिन धमाके का स्तर और उससे हुई जनधन की हानि चिंता बढ़ाने वाली है। निश्चित ही यह घटना एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करती है। सवाल यह भी उठता है कि चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपराधी कैसे इतनी बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ संवेदनशील इलाके में ले जाने में सफल हुए। प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार जम्मू-कश्मीर के रास्ते उत्तर प्रदेश व हरियाणा तक फैले कश्मीरी डॉक्टरों के एक समूह ने घटना को अंजाम दिया। इस घटनाक्रम ने पूरे देश को चौंकाया कि समाज में दूसरे भगवान का दर्जा पाने वाले डॉक्टर कैसे लोगों के चिथड़े उड़ाने वाले कृत्य को अंजाम दे सकते हैं? उनकी उस शपथ का क्या हुआ जो डॉक्टर पढ़ाई पूरी करने के बाद लोगों की जीवन रक्षा के लिए लेते हैं? अब तक यह मान्यता रही है कि आतंकवादी संगठनों से वे लोग ही जुड़ते हैं, जो कम पढ़े-लिखे होते हैं और विध्वंसकारी ताकतों के बहकावे में आकर आतंकवाद की राह में उतर जाते हैं। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से इस आतंक के स्लीपर सैल में डॉक्टरों के समूह का शामिल होना बेहद चिंता का विषय है। जो समाज के उस विश्वास को तोड़ता है कि डॉक्टर हमेशा जीवन देने वाला ही होता है। भविष्य में यह खतरनाक प्रवृत्ति अन्य व्हाइट कॉलर जॉब करने वाले समूह को भी घातक रास्ते पर ले जा सकती है। ऐसे में हमें लाल किले के निकट घटी घटना को गंभीरता से लेना चाहिए और आसन्न खतरे को महसूस भी करना चाहिए। बहरहाल, लाल किले के निकट की घटना एक आतंकी साजिश थी या बड़ी साजिश को अंजाम देने निकले अपराधियों की चूक से समय से पहले घटी घटना, ये एनआईए की जांच से ही पता चल सकेगा। लेकिन जो क्षति घटनास्थल पर हुई है वह किसी आतंकी घटना से कम तो नहीं है। बहरहाल, राष्ट्रीय राजधानी में हुई घटना के चलते भविष्य के खतरे के मद्देनजर सभी दृष्टिकोणों से मामले की जांच की जानी चाहिए। शायद इसी कारण से दिल्ली पुलिस ने यूएपीए, विस्फोटक अधिनियम व अन्य कठोर धाराओं में मामला दर्ज करके जांच का दायरा बढ़ाया गया है। लेकिन इस घटनाक्रम के बाद सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के प्रश्न भी हमारे सामने हैं कि कैसे अपराधी इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ राजधानी में ले जाने में सफल हुए। जिसके चलते भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिये सभी जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। याद रहे कि अतीत में भी कई बार दिल्ली को आतंक से दहलाने की कोशिशें हुई हैं। हमें उन घटनाओं से भी सबक लेने की जरूरत है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आतंकवाद के मामले में जरा सी चूक भी व्यापक क्षति का सबब बन सकती है। देश को अस्थिर करने की किसी भी साजिश को विफल बनाने और आम लोगों का जीवन सुरक्षित बनाने के लिये सख्त कदम उठाने की जरूरत है। इस नये टेरर मॉड्यूल के मद्देनजर भी निगरानी का दायरा बढ़ाने की जरूरत है। पता लगाने की जरूरत है कि कैसे अपराधी इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ वाया फरीदाबाद दिल्ली पहुंचाने में सक्षम बने। वैसे हाल के वर्षों में देश के भीतर आतंकी घटनाओं पर लगभग विराम लगा हुआ था, लेकिन हालिया घटना ने हमारी चिंताओं को बढ़ाया ही है। हमें आतंकवाद को बढ़ावा देने के हर प्रयास को सख्ती से कुचलने की जरूरत है। सजग और सतर्क खुफिया तंत्र इसमें निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सरकार की कोशिश होनी चाहिए कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई हो। साथ ही इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि इस कांड में सीमा पार सक्रिय आतंकी संगठनों की भूमिका तो नहीं है। बिना बाहरी मदद के इतनी बड़ी साजिश को अंजाम देना सहज नहीं हो सकता। व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल का पनपना हमारी गहरी चिंता का विषय भी होना चाहिए।

# भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए उभरती नई चुनौती



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर दिल्ली, जो भारत की आत्मा का प्रतीक है,सत्ता, संस्कृति, और सुरक्षा का संगम। जब इसी दिल में लाल किला जैसे ऐतिहासिक, संरक्षित और उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में विस्फोट होता है,तो यह केवल एक सुरक्षा चूक नहीं रह जाता, यह राष्ट्रीय चेतना को झकझोर देने वाला संदेश बन जाता है। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब उस दौर में प्रवेश कर चुका है जहाँ आतंकवाद केवल बंदूकों और बमों से नहीं,बल्कि ब्रेनवॉश, बौद्धिक आतंक और साइकोलॉजिकल रिक्रूटिंग के जरिए अपना विस्तार कर रहा है।यह धमाका उस नए युग की शुरुआत का संकेत है जिसमें आतंकी नेटवर्क ने पारंपरिक रणनीतियों को त्याग कर,सॉफ्ट टेररिज़्म यानी मानसिक और वैचारिक आतंकवाद की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। मैं यह मानता हूं कि आज भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर वह डिजिटल और वैचारिक शक्ति का केंद्र बन रहा है, दूसरी ओर वही क्षेत्र आतंक के व्हाइट-कलर अवतार का मैदान भी बनता जा रहा है। लाल किला विस्फोट इस नई वास्तविकता की सबसे भयावह चेतावनी है, कि आतंक अब हमारी सीमाओं के बाहर नहीं,बल्कि हमारे विश्वविद्यालयों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और दफ्तरों के भीतर प्रवेश कर चुका है। इसलिए भारत को अब पारंपरिक नेशनल सिक्योरिटी पॉलिसी के साथ एक नेशनल माइंड-सिक्योरिटी पॉलिसी भी तैयार करनी होगी, जो शिक्षा, सूचना, साइबर और वैचारिक सुरक्षा को एक समग्र रणनीति में जोड़े आख़िरकार, जब आतंकी हथियारों से नहीं, विचारों से हमला करते हैं,तो देश को भी केवल सुरक्षा बलों से नहीं, बल्कि सतर्क नागरिकों, जागरूक संस्थानों और सशक्त विचारधारा से जवाब देना होगा। यही उस अदृश्य युद्ध का सटीक प्रतिकार होगा जो आज भारत के मस्तिष्क पर लड़ी जा रही है।

साथियों बात अगर हम लाल किला विस्फोट,एक प्रतीकात्मक हमला,एक गहरी साजिश को समझने की करें तो,लाल किला केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि भारतीय गणराज्य की गरिमा का प्रतीक है। जब इस धरोहर को निशाना बनाया गया, तो इसका उद्देश्य केवल भय फैलाना नहीं बल्कि भारत की आत्मा पर प्रहार करना था। प्रारंभिक जांच से यह संकेत मिले कि इस हमले की योजना अत्यधिक शिक्षित, सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित और प्रोफेशनल लोगों ने तैयार की थी,यानी वह वर्ग, जिसे अब तक समाज सम्मानित नागरिक कहता आया है। यहीं से इस घटना की गंभीरता कई गुना बढ़ जाती है।यह केवल आतंकवाद नहीं, बल्कि व्हाइट कलर टेरर नेटवर्क का उदाहरण है,एक ऐसा नेटवर्क जो हथियार नहीं, बल्कि विचार, शिक्षा, तकनीक और मनोविज्ञान को हथियार बनाता है। इस नेटवर्क का खतरनाक पहलू यह है कि यह समाज की मुख्यधारा में रहकर, उसी के ताने-बाने को भीतर से नष्ट करता है।

साथियों बात अगर हम व्हाइट कलर टेरर नेटवर्क, विश्वविद्यालय और पेशेवर संस्थान आतंकवाद की नई पोशाक को समझने की करें तो, पारंपरिक आतंकवाद में बंदूक, विस्फोटक और गुप्त ठिकाने शामिल होते थे, लेकिन अब यह युग समाप्त हो रहा है। नई पीढ़ी का आतंकवाद व्हाइट कॉलर हो गया है, यानी वो लोग जो शिक्षित हैं,डॉक्टर हैं, प्रोफेसर हैं, इंजीनियर हैं, आईटी एक्सपर्ट हैं। ये लोग किसी सीमा पार के कैंप में नहीं, बल्कि विश्वविद्यालयों, डिजिटल प्लेटफॉर्मों और थिंक टैंकों के माध्यम से भर्ती किए जाते हैं। यह आतंकवाद अब रॉकेट लांचर से नहीं, बल्कि री- प्रोग्राम किए गए माइंड से काम लेता है। व्हाइट कलर टेरर नेटवर्क की यह अवधारणा आज के समय में वैश्विक स्तर पर सबसे खतरनाक मानी जा रही है। अमेरिका में लोन वुल्फ टेररिज़्म, यूरोप में स्लीपर सेल प्रोफेशनल्स और दक्षिण एशिया में इंटेलेक्चुअल रेडिकलिज़्म, यह सब एक ही श्रेणी में आते हैं।भारत में यह मॉडल धीरे-धीरे सक्रिय हुआ है,खासतौर पर सोशल मीडिया, डार्क वेब और विश्वविद्यालय परिसरों के जरिए। विश्वविद्यालय और पेशेवर संस्थान, वैचारिक रेडिकलाइजेशन के नए ठिकाने-लाल किला विस्फोट के संदिग्धों में कुछ विश्वविद्यालय- शिक्षित लोग शामिल होना कोई संयोग नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि भारत के कुछ शैक्षणिक संस्थानों में विचारधारात्मक चरमपंथ ने धीरे- धीरे जड़ें जमाई हैं। कट्टरपंथी संगठन अब हथियारों की बजाय ब्रेनवॉशिंग पर अधिक निवेश कर रहे हैं। वे छात्रों को सिस्टम के खिलाफ, राज्य के विरोध में और सांस्कृतिक अस्मिता से दूर करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। विश्वविद्यालयों का माहौल जहां स्वतंत्र चिंतन का केंद्र होना चाहिए वहीं कुछ स्थानों पर यह सॉफ्ट रिक्रूटमेंट जोन में बदल गया है। ये युवा न तो सीधे आतंक मेंशामिल होते हैं, न ही हथियार उठाते हैं, बल्कि वे वैचारिक वाहक बन जाते हैं, जो आगे चलकर साइकोलॉजिकल टेरर के वाहक होते हैं।

साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया, आतंक का नया भर्ती तंत्र व बौद्धिक आतंकवाद को समझने की करें तो, 21वीं सदी का आतंकवाद अब जंगलों या पहाड़ों में नहीं, बल्कि मोबाइल स्क्रीन और चैट ग्रुपों में पलता है। लाल किला विस्फोट की जांच में सामने आया कि कुछ अभियुक्तों की ऑनलाइन इंडोक्ट्रीनेशन विदेशी प्रोफाइलों के माध्यम से की गई थी।यह नेटवर्क डिजिटल स्लीपर सेल्स की तरह काम करता है जहाँ व्यक्ति सामान्य नागरिक की तरह दिखता हैपर धीरे- धीरे उसे चरमपंथ की विचारधारा में खींच लिया जाता है। साइकोलॉजिकल टेररिज़्म का यह डिजिटल चेहरा वैश्विक है। सीरिया, अफगानिस्तान, और अफ्रीका से लेकर यूरोप और अब भारत तक, यह नेटवर्क डिजिटल जिहाद, साइबर रिक्रूटमेंट और फेक नरेटिव प्रोपेगेंडा के माध्यम से युवाओं को जोड़ रहा है। भारत में भी इस खतरे के संकेत स्पष्ट हैं। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार केवल फिजिकल टेररिज़्म पर नहीं, बल्कि साइबर-सोशल रेडिकलाइजेशन पर भी कठोर निगरानी रखे। बौद्धिक आतंकवाद, जब शब्द बनते हैं हथियार- आधुनिक आतंकवाद का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह अब केवल गोली से नहीं, बल्कि विचार से भी हत्या करता है।यह वही स्थिति है जब शिक्षित, सभ्य और प्रतिष्ठित लोग, अपने विचारों के माध्यम से युवाओं के मन में नफरत, विभाजन और हिंसा का बीज बो देते हैं। इसे ही सुरक्षा विशेषज्ञ बौद्धिक आतंकवाद या इंटेलेक्चुअल रेडिकलिज़्म कहते हैं।लाल किला विस्फोट इसी प्रवृत्ति की परिणति है,जहां विचारधारा ने विस्फोटक का रूप ले लिया। आतंक अब उन विश्वविद्यालयों और प्रोफेशनल सर्किलों में पैठ बना रहा है जहां सोचने-समझने की शक्ति को हथियार बना दिया गया है।इस स्थिति से निपटने के लिए केवल सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका पर्याप्त नहीं, समाज, शिक्षा प्रणाली और परिवारों को भी जागरूक होना होगा।

साथियों बात अगर हम वैश्विक संदर्भ, सुरक्षा तंत्र की चुनौती, दुनियाँ में बढ़ता व्हाइट कलर टेररिज़्म को समझने की करें तो,लाल किला विस्फोट कोई अलग घटना नहीं है; यह उसी श्रृंखला का हिस्सा है जो यूरोप, अमेरिका और एशिया के कई देशों में देखी जा रही है।अमेरिका में 9/11 के बाद यह महसूस किया गया कि कुछ उच्च शिक्षित इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों ने इस हमले की योजना बनाई थी।इसी तरह ब्रिटेन में 2005 का लंदन ब्लास्ट और फ्रांस में 2015 का पेरिस अटैक,दोनों में ऐसे लोग शामिल थे जो उच्च शिक्षित और सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित थे।यह प्रवृत्ति बताती है कि आतंकवाद अब गरीबी, अशिक्षा या बेरोजगारी से नहीं, बल्कि विचारधारात्मक हाइजैकिंग से पैदा हो रहा है।भारत के लिए यह एक गंभीर चेतावनी है कि यदि समय रहते इस दिशा में वैचारिक और डिजिटल सुरक्षा नहीं बढ़ाई गई, तो आने वाले वर्षों में इंटेलेक्चुअल टेररिज़्म सबसे बड़ी चुनौती बन सकता है।सुरक्षा तंत्र की चुनौती, जब दुश्मन हमारे भीतर हो-भारत की सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह नई परिस्थिति सबसे कठिन है।पहले आतंकवादी सीमाओं के पार से आते थे, पर अब वह हमारे बीच रहकर हमारे जैसा जीवन जीते हुए, हमारे खिलाफ साजिश रचते हैं। ऐसे में पारंपरिक खुफिया प्रणाली पर्याप्त नहीं रह जाती। सुरक्षा तंत्र को अब साइकोलॉजिकल प्रोफाइलिंग, इंटेलेक्चुअल सर्विलांस और डिजिटल पैटर्न एनालिसिस जैसे आधुनिक तरीकों का उपयोग करना होगा।इसके साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, विश्वविद्यालय प्रशासन और कॉरपोरेट संस्थानों को भी सुरक्षा साझेदार बनाना होगा। नेशनल सेक्योरिटी अब केवल पुलिस या इंटेलिजेंस एजेंसी का विषय नहीं रहा; यह अब वैचारिक, तकनीकी और सामाजिक सुरक्षा का संयुक्त फ्रेमवर्क है।सॉफ्ट रेडिकलाइजेशन, सबसे छिपा, सबसे खतरनाक रूप-सॉफ्ट रेडिकलाइजेशन वह प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति को धीरे-धीरे, बिना किसी हिंसक प्रशिक्षण के, वैचारिक रूप से चरमपंथी बना दिया जाता है,यह प्रक्रिया महीनों नहीं, बल्कि वर्षों में होती है,और व्यक्ति को अहसास तक नहीं होता कि वह एकविचारधारात्मक सैनिक बन चुका है। लाल किला धमाका इसी सॉफ्ट रेडिकलाइजेशन की परिणति है। यह हमें बताता है कि आतंकी अब गोलियों की नहीं, बल्कि क्लिक की दुनिया में रहते हैं। इसलिए सुरक्षा एजेंसियों को इस अदृश्य आतंक को पहचानने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और डाटा एनालिटिक्स का उपयोग बढ़ाना होगा। साथियों बात अगर हम समाधान, विचार, निगरानी और समाज की सजगता को समझने की करें तो,अब सवाल यह है कि इससे निपटा कैसे जाए? सबसे पहले, राष्ट्रीय सुरक्षा नीति में सॉफ्ट रेडिकलाइजेशन मॉनिटरिंग को एक स्वतंत्र अध्याय के रूप में शामिल करना होगा। दूसरा, विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय सुरक्षा चेतना पाठ्यक्रम लागू किए जा सकते हैं, ताकि छात्र यह समझ सकें कि विचारों का दुरुपयोग कैसे हो सकता है। तीसरा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को कानूनी रूप से बाध्य किया जाए कि वे ऐसे सटीक डिजिटल नेटवर्क का डेटा सरकार से साझा करें जो वैचारिक कट्टरता फैला रहे हैं।चौथा,समाज में परिवार स्तर पर संवाद बढ़ाया जाए क्योंकि अधिकांश ब्रेनवॉशिंग तब होती है जब व्यक्ति अकेला या मानसिक रूप से असुरक्षित होता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि लाल किला विस्फोट का सबक, लाल किला विस्फोट ने हमें यह याद दिलाया है कि भारत की सुरक्षा अब केवल सीमा की नहीं, विचार की भी लड़ाई है। जब शिक्षित, सभ्य और सम्मानित व्यक्ति आतंक का औजार बन जाता है, तब यह केवल खुफिया विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना की हार होती है।इसलिए यह आवश्यक है कि भारत एक ऐसी नीति बनाए जिसमें कठोर सुरक्षा उपायों के साथ- साथ वैचारिक जागरूकता, डिजिटल अनुशासन और बौद्धिक जिम्मेदारी को भी राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा माना जाए। लाल किला का यह घाव हमें यह सिखाता है कि दिल्ली की सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि हर नागरिक की वैचारिक सतर्कता पर निर्भर है।यह एक ऐसा दौर है जब हथियारों से नहीं, विचारों से लड़ाई लड़ी जा रही है,और इस युद्ध में भारत को ज्ञान, विवेक और सजगता से ही विजय प्राप्त करनी होगी। आज की सबसे बड़ी जंग मनुष्य के मन में लड़ी जा रही है, और जो अपने विचारों की रक्षा कर लेगा, वही राष्ट्र की रक्षा करेगा।

विचार

# मदरसों की शिक्षा में बदलाव की सख्त जरूरत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत एक सभ्य, सहिष्णु और विविधताओं से भरा देश है, जहाँ सैकड़ों भाषाएँ, दर्जनों धर्म और असंख्य परंपराएँ एक ही भूमि पर सांस लेती हैं। यही इसकी पहचान भी है और यही इसकी ताकत भी। किंतु अफसोस, इसी सहिष्णुता को कुछ कट्टरपंथी ताकतें कमजोरी समझने लगी हैं। गुजरात एटीएस द्वारा हाल ही में अहमदाबाद से गिरफ्तार किए गए तीन आतंकियों डॉ. मोहिउद्दीन, सोहेल और आजाद सैफी के खुलासे ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है।

वस्तुतः इन तीनों ने देखा जाए तो सिर्फ देश के प्रमुख मंदिरों पर हमले की साजिश ही नहीं रची थी, ये प्रसाद में जहर मिलाकर हजारों निर्दोष श्रद्धालुओं की जान लेने की योजना बना रहे थे। एटीएस ने गिरफ्तार आतंकियों के पास से 'रिसिन' नामक बेहद खतरनाक जैविक जहर पाया है। यह अरंडी के बीजों से तैयार किया जाने वाला ऐसा रासायनिक पदार्थ है, जिसकी सिर्फ एक मिलीग्राम मात्रा किसी इंसान की जान लेने के लिए काफी होती है। आतंकियों की योजना थी कि दिल्ली, लखनऊ और अहमदाबाद के बड़े-बड़े मंदिरों में यह जहर प्रसाद में मिलाकर भक्तों तक पहुँचाया जाए।

इसे आप आतंक की अमानवीयता के सबसे भयावह चेहरे के रूप में भी देख सकते हैं। किसी धर्मस्थल को निशाना बनाना और वहाँ आने वाले निर्दोष लोगों की हत्या की योजना बनाना, इस बात का प्रमाण है कि इस्लामिक आतंकवाद आज विचारधारात्मक जहर के रूप में सारी हदें पार चुका है और मौका पाते ही गैर मुसलमानों (हिन्दू, सिख, जैन एवं अन्य) को निगल रहा है।

गुजरात एटीएस की जाँच से यह भी सामने आया है कि ये तीनों आरोपी सीधे अफगानिस्तान में बैठे अपने हैंडलर अबू खदीजा से जुड़े थे। यानी, ये अंतरराष्ट्रीय जिहादी नेटवर्क का हिस्सा हैं। अबू खदीजा ने इन्हें ऑनलाइन ट्रेनिंग दी थी, किस तरह रिसिन तैयार किया जाए, किस तरह उसे प्रसाद में बिना शक पैदा किए मिलाया जाए और किस तरह मंदिरों में जाकर 'रेकी' (जासूसी) की जाए। कहना होगा कि आतंकवाद अब डिजिटल भी हो चुका है, ऑनलाइन क्लासेस, व्हाट्सएप चैनल्स और डार्क वेब के जरिए जिहाद की शिक्षा दी जा रही है और सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इन युवाओं की जड़ें मदरसे की शिक्षा प्रणाली में ही दिखाई दे रही हैं।

आरोपियों में से सोहेल और आजाद का नाता मुजफ्फरनगर के एक मदरसे से बताया गया है। यही वह जगह है जहाँ बचपन से काफि?रों (गैर मुसलमानों) से नफरत और जिहाद के नाम पर जन्नत (स्वर्ग) जैसी मानसिकता बोई जाती है। फरीदाबाद से गिरफ्तार एक अन्य मॉड्यूल के आतंकियों, डॉ. मुजम्मिल और डॉ. शाहीना शाहिद ने कबूल किया कि उनके निशाने पर अयोध्या का राममंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर थे। यह महज संयोग नहीं कि देश के वे ही स्थल निशाने पर हैं जो हिंदू अस्मिता के प्रतीक हैं। इन हमलों का मकसद सिर्फ मौतें नहीं बल्कि समाज में भय और विभाजन फैलाना है। यह जिहाद अब कोई संगठन नहीं, बल्कि एक मानसिक वायरस है जो धीरे-धीरे देश की एकता को खा रहा है।

सवाल यह है कि क्या स्वाधीनता के 78 साल बाद भी हम ऐसी संस्थाओं को खुली छूट देते रहेंगे जहाँ से नफरत और हिंसा की खेती हो रही है? मदरसों की शिक्षा में सुधार की बातें दशकों से हो रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर बदलाव नगण्य हैं। वहीं, आतंकवाद की जड़ें अब सिर्फ सीमापार नहीं, बल्कि हमारे अपने मोहल्लों, अपने गाँवों, अपने शहरों तक पहुँच चुकी हैं। जब तक मदरसों की पाठ्यचर्या में राष्ट्रभक्ति, संविधान और आधुनिक शिक्षा को जगह नहीं मिलेगी, तब तक ऐसे डॉ. मोहिउद्दीन और सोहेल पैदा होते रहेंगे। एतिहासिक धरातल पर यदि विचार करें तो इस तरह की घटनाएँ कोई नई नहीं हैं। 2008 के अहमदाबाद बम धमाके हों या 2021 में घनी आबादी वाले इलाकों में पकड़े गए आईएसआईएस मॉड्यूल, लगभग हर केस में पाया गया है कि आतंकियों को मजहबी (धार्मिक) उन्माद ने ही प्रेरित किया। लेकिन दुखद यह है कि हर बार राजनीतिक वर्ग चुप रहता है। इसके इस्लामिक संगठन जो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, वे ऐसी घटनाओं पर चुप्पी साध लेते हैं। सभी धर्म समान हैं कहने वाले नेता तब मौन हो जाते हैं जब कोई मंदिर निशाने पर आता है। क्यों? क्योंकि हिंदू समाज से वोट के नाम पर धैर्य की उम्मीद की जाती है। लेकिन कब तक? यदि कहीं क्रिया की प्रतिक्रिया सामने आएगी तो फिर कहा जाएगा कि भारत में मुसलमानों पर अत्याचार और हिंसा हो रही है!

आज भारत की समस्या सिर्फ हथियारबंद आतंकियों की नहीं है, वस्तुतः उस सोच की है जो यह मानती है कि काफिरों का खून (गैर मुसलमान हिन्दू एवं अन्य का) बहाना मजहब (धर्म) की सेवा है। इस सोच को सिर्फ पुलिस की गोलियों या जेलों से खत्म नहीं किया जा सकता; इसके लिए विचार और शिक्षा में शुद्धिकरण जरूरी है। अब कहना यही होगा कि भारत के मदरसों में जब तक बच्चों को कुरान के साथ संविधान, विज्ञान, इतिहास और मानवता की शिक्षा नहीं दी जाएगी, तब तक यह समस्या बनी रहेगी।

अब सरकार को चाहिए कि हर मदरसे का ऑडिट करवाए, देश में कोई भी अवैध मदरसा संचालित नहीं होना चाहिए, क्या पढ़ाया जा रहा है, किस फंडिंग से संचालित हैं और क्या उनके पास राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम है। यह देखना हर राज्य सरकार का कर्तव्य है। मदरसों को मजहबी संस्थान मानकर अनियंत्रित छोड़ देना, आने वाले वर्षों में यह मानकर चलिए कि भयंकर सामाजिक विस्फोट को जन्म देना है।

हर बार जब कोई आतंकी साजिश विफल होती है, हम राहत की साँस लेते हैं, चलो, इस बार बच गए लेकिन यह राहत कितनी देर की है? अगर शिक्षा, समाज और सरकार ने सामूहिक रूप से इस चुनौती का सामना नहीं किया, तो अगली बार बचने का मौका नहीं भी मिल सकता है। भारत को यह तय करना होगा कि सहिष्णुता और आत्मसमर्पण में फर्क क्या है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ यह नहीं कि देश के बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को बार-बार कुचला जाए। अगर कोई विचारधारा यह सिखाती है कि गैर-मुस्लिम दुश्मन हैं, तो उसे धार्मिक स्वतंत्रता नहीं कहा जा सकता, वस्तुतः वह राष्ट्र-विरोधी अपराध है।

अब वक्त है कि भारत इस बीमारी का इलाज करे, दिल्ली कार ब्लास्ट सामने आया ही है, ऐसे में अब अति जरूरी हो गया है कि मदरसों में सुधार हो, इस्लामिक उपदेशों की निगरानी हो और सबसे जरूरी, इस्लामिक या अन्य किसी भी प्रकार की कट्टरता के खिलाफ सामाजिक आंदोलन हो। जब तक भारत का युवा यह नहीं समझेगा कि धर्म, रिलीजन, मजहब, पंथ की रक्षा हत्या से नहीं, मानवता से होती है, तब तक ऐसी घटनाएँ दोहराई जाती रहेंगी और यदि हमने अब भी आँखें मूँदी रहीं, तो सच यही है कि यूँ ही मारे जाते रहेंगे 'भारतवासी'।

साहित्य



## मां

श्याम सिंह बिष्ट


आज फिर अपनी मां की
गोद में सोने का मन करता है
बिन बताए आज फिर
रोने का मन करता है।

आज फिर बचपन की यादों में
खो जाने का मन करता है
वह घुटनों के बल चलते हुए
नन्है-नन्हे कदम, चलने को मन करता है।

आज फिर अपनी मां की लोरी
सुनने को मन करता है
आज फिर अपनी मां की
उंगली पकड़ कर चलनै को मन करता है।

क्या हुआ बड़े हो गए हैं तो
आज फिर अपनी मां के हाथों का
खाने का मन करता है

उल्झी है जब से जिंदगी-जिंदगी बनाने में
आज फिर अपनी मां के लिए
कुछ कर गुजरने का मन करता है
आज फिर अपनी मां की
गोद में सोने का मन करता है।



# राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**वृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से उत्साहित होंगे।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंहः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। नकारात्मक चिंताओं से मन बोझिल होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में व्यस्तता बढ़ेगी। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# भागीदारी में आगे, हिस्सेदारी में पीछे महिलाएं

राजकुमार सिंह

अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी महिला मतदाताओं को रिझाने में सत्ता के दावेदारों ने कसर नहीं छोड़ी। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने चुनाव की घोषणा से ऐन पहले महिला सशक्तिकरण के नाम पर सवा करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपए ट्रांसफर किए तो महागठबंधन ने 'माई-बहिन योजना' के तहत हर महिला को अढ़ाई हजार रुपए महीना देने का वायदा किया। महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने जीविका दीदियों का वेतन बढ़ा कर 30 हजार रुपए करने का वायदा भी मतदान से पहले कर दिया।

महिलाओं पर इस चुनावी मेहरबानी का कारण समझना मुश्किल नहीं। 2010 से ही हर चुनाव में महिलाएं मतदान में पुरुषों से बाजी मारती रही हैं। 2010 में पुरुषों का मतदान प्रतिशत जहां 51.5 ही रहा, 54.5 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाले। 2015 में हुए अगले विधानसभा चुनाव में मतदान का यह अंतर और बढ़ गया। पुरुष मतदान का प्रतिशत 53.3 तक ही सुधरा तो महिलाएं 60.5 प्रतिशत पर पहुंच गईं। बेशक 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में महिला मतदान प्रतिशत में कुछ कमी आई लेकिन 54.5 प्रतिशत पुरुष मतदान के मुकाबले 59.7 प्रतिशत के साथ आगे वे ही रहीं। इस चुनाव में भी मतदान में महिलाओं के आगे रहने के संकेत हैं। हार-जीत मतदान से ही तय होती है। मतदान में महिलाएं आगे हैं तो जाहिर है कि सरकार के चयन में भी उनकी पसंद पुरुषों के मुकाबले ज्यादा निर्णायक भूमिका अदा करती है। इसलिए भी कोई खुद को महिलाओं का हितैषी दिखाने में पीछे नहीं रहना चाहता। चुनावी आंकड़े और विश्लेषण यह संकेत भी देता है कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तो देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता महिलाओं में अन्य राजनेताओं के मुकाबले ज्यादा है।

बेशक महिलाओं में राजनीतिक जागरूकता और मतदान में बढ़ती उनकी भागीदारी देश और समाज के लिए सुखद संकेत है। वांछित परिणामों पर बहस हो सकती है, पर बिहार में महिला सशक्तिकरण के लिए कदम उठाए गए हैं। पंचायत चुनाव में 35 प्रतिशत आरक्षण है तो पुलिस भर्ती में 50 प्रतिशत लेकिन बात जब विधानसभा और लोकसभा की चुनावी राजनीति में प्रतिनिधित्व की आती है तो तस्वीर निराशाजनक उभरती है। मसलन, इस विधानसभा चुनाव में बिहार की 243 सीटों पर 2357 पुरुष उम्मीदवार मैदान में हैं लेकिन महिला उम्मीदवारों की संख्या मात्र 258 ही है। संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिए वर्ष 2023 में 106वां संविधान संशोधन पारित करते समय अपनी प्रतिबद्धता दोहराने वाले राजनीतिक दल महिलाओं को कम टिकट के लिए 'जीत की संभावना' की कसौटी की आड़ लेते हैं। पिछले बिहार विधानसभा चुनाव में 370 महिलाओं को टिकट दिए गए लेकिन सिर्फ 26 यानी 7 प्रतिशत ही जीत पाईं जबकि पुरुष उम्मीदवारों की जीत का प्रतिशत 10 रहा। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि जिन राजनीतिक दलों की अपनी जीत की संभावना कम रहती है, वे महिलाओं को टिकट देने में उदारता दिखाते हैं। 2022 में प्रियंका गांधी ने 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देते हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 148 महिला कांग्रेस उम्मीदवार उतारीं, पर मात्र एक जीत पाई। जीत की बेहतर संभावना वाले राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा जैसे राज्यों में कांग्रेस ने महिलाओं के प्रति ऐसी उदारता कभी नहीं दिखाई। इस बार बिहार में महिलाओं को सबसे ज्यादा 26 टिकट मायावती की बसपा ने दिए हैं। 25 टिकटों के साथ प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी दूसरे नंबर पर है। ये दोनों ही सत्ता की प्रमुख दावेदार नहीं लगतीं। सत्ता के प्रमुख दावेदारों में भाजपा और जद-यू ने 13-13 टिकट दिए हैं तो राजद ने 11, कांग्रेस के 61 उम्मीदवारों में 5 महिलाएं हैं।

चिराग पासवान की लोजपा (आर) ने 29 में से 6 उम्मीदवार महिलाएं उतारीं लेकिन एक का नामांकन रद्द हो गया। एक और सच यह भी है कि जीत की संभावना वाली सीटों पर टिकट में अक्सर राजनीतिक परिवारों की महिलाओं को ही मौका मिलता है। मसलन, जीतनराम मांझी ने अपने हिस्से आई 6 सीटों में से 2 पर महिलाओं को टिकट दिया, जिनमें से एक उनकी समधन ज्योति देवी हैं तो दूसरी बहू दीपा। राजग में 6 सीटों वाली एक और पार्टी रालोमा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी पत्नी स्नेहलता को उम्मीदवार बनाया है। दरअसल यही महिला सशक्तिकरण की चिर-परिचित राजनीतिक शैली बन गई है। मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के बावजूद चुनावी राजनीति में उनकी घटती हिस्सेदारी हमारी राजनीतिक व्यवस्था पर ही सवालिया निशान है।

बिहार में 2010 में 34 महिलाएं जीत कर विधानसभा पहुंची थीं। 2015 में यह संख्या घट कर 28 रह गई तो 2020 में 26। वैसे चुनावी लोकतंत्र में आधी आबादी की बढ़ती भागीदारी और घटती हिस्सेदारी की यह विडंबना राष्ट्रव्यापी है। पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में भी 20 से ज्यादा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मतदान प्रतिशत ज्यादा था। कमोबेश यही कहानी 2019 के लोकसभा चुनाव की रही लेकिन आजादी के बाद से ही उनकी जीत का प्रतिशत घटता जा रहा है।

1957 में चुनाव लडने वाली 45 महिलाओं में से 22 जीत कर लोकसभा पहुंच गई थीं लेकिन 2024 में चुनाव लड़ने वाली 800 महिलाओं में से मात्र 74 ही जीत पाईं। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में आधी आबादी की यह तस्वीर देश के राजनीतिक नेतृत्व से ईमानदार आत्मविश्लेषण और प्रतिबद्धता की मांग करती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### डामर गांव में कृषि अधिकारी ने किसानों को पराली न जलाने के संबंध में किया जागरूक



**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में कृषि विभाग कर अधिकारी द्वारा किसानों को धान की पराली को खेतो में न जलाए जाने को लेकर जागरूक किया। तथा पराली के निस्तारण के कृषि यंत्रों की जानकारी दी। क्षेत्र के डामर गांव में उपकृषि निदेशक डा प्रमोद कुमार द्वारा किसानो को धान के अवशेष पराली को खेत में न जलाए जाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि धान के अवशेष के निस्तारण के लिए किसानों को कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर कृषि यंत्र दिए जाने की सुविधा दी जा रही है। तथा खेत में पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। तथा धान के अवशेष जलाने पर वातावरण प्रदूषित होता है। पराली जलाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। इसमें जुर्माना का भी नियम है। इस लिए धान की फसल करने वाले किसान अपने खेतों में पराली न जलाए । इसकी निगरानी लगातार की जा रही है। इस अवसर पर किसान श्याम दास, राहुल कुमार, लल्लू, सहित कृषि विभाग के मनीष सिंह, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों के चलते सफाईकर्मी ने फांसी लगा की आत्महत्या

**हमीरपुर।** अज्ञात कारणों के चलते सफाई कर्मी ने बंद पड़े घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के रमेड़ी जेल तालाब निवासी रजत बाल्मीकि (23) पुत्र लल्लू ने बुधवार की देर अज्ञात कारणों के चलते बंद पड़े दूसरे घर में फांसी का फंदा बनाकर लटक गया। गुरुवार की दोपहर 12 बजे परिजन उसे ढूंढते हुए पहुंचे जहाँ उन्होंने रजत को फांसी पर लटकता देख चीख पुकार मचा दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने रजत के शव को फंदे से उतार कर कब्जे में ले लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के बड़े भाई राहुल ने बताया कि मृतक नगर पालिका में सफाई कर्मी के पद पर तैनात था, मृतक 5 भाइयों में तीसरे नंबर का था। बताया कि मृतक रजत शराब पीने का आदी था।

### संदिग्ध हालत में इलाज के दौरान महिला की मौत

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** प्रेमनगर में जेके सीमेंट के सामने हाईवे किनारे रिश्तेदार के यहां रह रही महिला की संदिग्ध हालत में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका मौदहा की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार महिला की मौत बीमारी के चलते हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जेके सीमेंट के सामने चाय पानी की दुकान चलाने वाले स्वतंत्र सिंह के यहां मौदहा निवासी बब्बी सिंह की पत्नी सोनम सिंह 35 वर्ष कई माह से बच्चों के संग ठहरी हुई थी। बीती रात इसकी अचानक हालत बिगड़ गई। रिश्तेदार इसको इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। स्वतंत्र सिंह ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर इंचौली चौकी इंचार्ज मनीष पटेल मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतका के पति के पूर्व में ही मौत हो चुकी है। इसके दो छोटी-छोटी पुत्रियां हैं। मां की मौत के बाद दोनों बेसहारा हो गई हैं।

### गांधी इन्टर कालेज में मिशन शक्ति के दौरान अच्छे अंक पाने वाली छात्रा प्रिंसी एक दिन के लिए बनीं प्रधानाचार्य



**गोहांड, हमीरपुर।** गांधी इण्टर कॉलेज गोहांड हमीरपुर में मिशन शक्ति के अंतर्गत विद्यालय की सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाली कक्षा 10की छात्रा प्रिंसी पुत्री रामकुमार को विद्यालय का एक दिन का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया प्रिंसी ने प्रधानाचार्य के रूप में शिक्षकों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### दिल्ली धामके को लेकर प्रशासन सतर्क



**मौदहा, हमीरपुर।** दिल्ली में हुए कार धमाके को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। कोतवाली पुलिस अधिकारी नगर के प्रमुख स्थानों पर लगातार भ्रमण कर वाहनों को रोक चेकिंग कर रहे हैं। दिल्ली में हुए कार धमाके को लेकर प्रशासन ने सतर्कता दिखाते हुए नगर के रेलवे स्टेशन समेत प्रमुख स्थानों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है जिसमें पुलिस अधीक्षक से लेकर अन्य पुलिस अधिकारी शामिल है। बुधवार की रात पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने दलबल सहित नगर के रेलवे स्टेशन पहुंचकर निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया इसके उपरांत नगर के मुख्य स्थानों पर भी भ्रमण कर मार्ग पर चलने वाले संदिग्ध चार पहिया वाहनों को रोक वाहनों की तलाशी ली। पुलिस की इस कार्यवाही से देर रात में फालतू इधर उधर बैठ समयपास करने व्य बेवजह वाहनों में घूमने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।

### नकली खाद के मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**खरेला/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला सुषमा चौधरी द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रकाश मय हमराह कांस्टेबल राघवेन्द्र कुमार के द्वारा मुकदमा धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त धनराज यादव पुत्र कमलेश यादव उम्र 18 वर्ष निवासी शिवलोचन का पुरवा ग्राम मवई बुजुर्ग थाना कोतवाली शहर जनपद बांदा को थानाक्षेत्र के धवारी चौराहा कस्बा खरेला से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई की गयी एवं अग्रिम विधिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

### डीएम ने प्रशासनिक अमले के साथ गौशाला का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं



**समृद्धि न्यूज महोबा।** गौ-संरक्षण हेतु गौशालाओं का समुचित क्रियान्वयन उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इसी दृष्टिकोण से जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने विकास खंड जैतपुर के ग्राम लाडपुर में गौ-शाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पंजीयन रजिस्टर को व्यवस्थित करने तथा गोबर का व्यवसायिक उपयोग कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गोवंशों की नियमित देखरेख के लिए निर्देशित करते हुए गोवंशों की ईयर टैगिंग एवं भूसे की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि गौशाला में गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा चारा व चोकर उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान केयरटेकर उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गोवंशों की नियमित जांच की जाए और कैमरो की संख्या बढ़ाई जाए। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने अमरा सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत सरोवर के चारों तरफ साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश डीपीआरओ को दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### शातिर ने बैंक खाते से उड़ाए तीन लाख दस हजार

**अजनर/महोबा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महुआ बांध निवासी चंद्रा देवी ने अजनर थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि ससुर की दैवीय आपदा की चपेट में आकर हुई मौत के बाद शासन द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में चार लाख रुपए की राशि बैंक खाते में भेजी गई थी। बताया कि जिसका एटीएम भी बनवाया था लेकिन एटीएम उसे अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। विगतदिवस दिल्ली में मजदूरी करने के दौरान मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से पता चला कि बैंक खाते से पैसे निकाले गए हैं। जिसके बाद जैतपुर कस्बा स्थित बैंक शाखा में जाकर पता किया तो बैंक कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि बैंक खाते से अलग-अलग दिन कई बार करके एटीएम के माध्यम से तीन लाख दस हजार रुपये की राशि निकाली गई है। बैंक कर्मचारियों द्वारा मामले की जानकारी होने के बाद पीड़िता के पैरों तले जमीन खिसक गई। न्याय की आस में पीड़िता ने अजनर थाना में शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर ठगी का पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

- जनसुनवाई में आयीं 92 शिकायतें, अधिकांश मौके पर निस्तारित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में लगभग 92 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# खाद विक्रेताओं के यहां अधिकारियों ने मारा छापा

**कुरारा, हमीरपुर।** नवंबर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थित समितियों में खाद उपलब्ध न होने के कारण किसान महंगी दर पर निजी खाद विक्रेताओं से खरीद कर बुवाई कर रहे हैं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थित साधन सहकारी समितियों से डीएपी खाद की उपलब्धता न होने के कारण किसान खाद के लिए परेशान है तथा निजी खाद विक्रेताओं से महंगी दर पर खाद लेकर रबी फसलों की बुवाई कर रहे हैं। क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी किसान राजू, जल्ला गांव के किसान भागवत प्रसाद, डामर गांव के किसान बद्री सिंह, अशोक, आदि किसानों ने बताया कि समितियों में डीएपी खाद की बोरी तेरह सौ पचास रुपए में मिलती है तथा निजी दुकानों से यह डी ए पी खाद की बोरी सत्रह सौ रूपये में दी जाती है। खाद विक्रेताओं द्वारा दुकान में खाद का रेट बोर्ड भी नहीं लगाया जाता है। न ही बिक्री की रसीद दी जाती है तथा मनमाने पैसे लेकर खाद की बिक्री की जा रही है। उप कृषि निदेशक डॉ प्रमोद कुमार ने कस्बे की खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण कर निर्धारित दर पर खाद किसानों को दिलाई। अधिकारियों के कस्बे में आने की जानकारी मिलते ही कई दुकान दार अपनी दुकान बंद कर इधर उधर हो गए तथा अधिकारी के जाने का इंतजार करते रहे। किसानों ने समितियों में खाद उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

# मौदहा सड़क किनारे नग्न अवस्था में मिली अज्ञात महिला की लाश, शव को नोच रहे थे कुत्ते

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली क्षेत्र के बसवारी रोड स्थित रमना के निकट उस समय सनसनी फैल गई जब नग्न अवस्था में एक अज्ञात महिला का शव पड़ा मिला। शव को कुत्ते नोच-नोच कर खा रहे थे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के रमना किशनपुर मौजे में मौदहा बसवारी मार्ग पर सड़क किनारे गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने पास झाड़ियों में नग्न अवस्था में महिला का शव देखा। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मौके पर भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कुत्तों से बचाते हुए कब्जे में लिया। वही सड़क किनारे खून पड़ा दिखा। मृतका की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। आसपास के थानों को भी महिला की शिनाख्त के लिए सूचित किया गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।मौके पर पहुँची पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने मौके का निरीक्षण कर बताया अज्ञात महिला के शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद शव की शिनाख्त कपड़ो के आधार पर की जाएगी।

# एसआईआर के गणना प्रपत्र वितरण में आई तेजी

- कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पहुंचने लगे प्रपत्र

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



एसआईआर के तहत कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में गणना प्रपत्र बांटने का कार्य तेज हो गया है। गणना प्रपत्र वितरण की अंतिम तिथि 15 नवंबर है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात किए गए। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र पहुंचने लगे हैं। विदोखर पुरई के बीएलओ वीर पाल ने बताया कि गणना प्रपत्र पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर है। मतदाता से गणना प्रपत्र भरवा कर चार दिसंबर तक वापस लिए जाने हैं। बताया कि जिन मतदाताओं के नाम 2003 की मतदाता सूची में शामिल है, उनको महज गणना प्रपत्र भरकर फोटो के साथ बीएलओ को वापस करना है। जिनका नाम मतदाता सूची में 2003 के बाद शामिल किया गया है। उनको गणना प्रपत्र के साथ स्थाई निवास एवं जन्मतिथि आदि के प्रमाण पत्र शामिल करके प्रपत्र बीएलओ को वापस करना होगा। तभी उनका नाम मतदाता सूची में शामिल रखा जाएगा।

# बड़े बेटे के यहां से छोटे बेटे के पास जा रही वृद्धा से हुई टप्पेबाजी

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बड़े बेटे के घर से छोटे बेटे के घर जा रही बुजुर्ग महिला कस्बे के बस स्टैंड के समीप टप्पेबाजी का शिकार हो गई। टप्पेबाज बुजुर्ग महिला का ब्रेन वास करके कान एवं गले के सोने के जेवरात लेकर भाग निकले। बेटे की शिकायत पर पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। अर्से बाद कस्बे में बुधवार को फिर टप्पेबाजी की घटना हुई। गुरगुज थोक निवासी राजेश सोनी ने बताया कि उसकी मां कुसमा



- कस्बे के बस स्टैंड के पास हुई घटना

देवी मेरे घर से दोपहर बाद छोटे भाई राकेश सोनी के घर वार्ड संख्या 16 विवेकानंद नगर शिवानी पैलेस के पीछे जा रही थी। बस स्टैंड के समीप बाइक सवार तीन टप्पेबाज आए और वृद्धा का ब्रेनवास करके कान एवं गले में पहने सोने के जेवरात लेकर रफू चक्कर हो गए। टप्पेबाजों के जाने के बाद महिला को ठगी का एहसास हुआ। उसने घटना से पुत्रों को अवगत कराया। पुत्र राजेश सोनी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बस स्टैंड के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर टप्पेबाजों की तलाश में जुट गई हैं। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है टप्पेबाजों को शीघ्र तलाश कर कार्यवाही की जाएगी।

# डामर गांव निवासी भाजापा बूथ अध्यक्ष की मौत



**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव निवासी भाजपा बूथ अध्यक्ष की सुबह पांच बजे बीमारी के चलते दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त हो गया। भाजपा नेताओं ने घर जाकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। क्षेत्र के डामर गांव निवासी वीर सिंह कुशवाहा 45 वर्ष पुत्र हरीनारायण भाजपा पार्टी का बूथ अध्यक्ष था। गांव में मेला मंगलवार को था। तथा रात में रामलीला का कार्यक्रम चल रहा था। मृतक के भाई जगदेव ने बताया कि सुबह पांच बजे वह रामलीला देखने गया था। वहां से साढ़े पांच बजे घर वापस आया है। तथा चक्कर आने पर गिर गया तथा उसकी मौत हो गई। वह एक वर्ष से बीमार चल रहा था। इसके एक पुत्र व दो पुत्रियां है। पत्नी सहित बच्चों के रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल , जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, बृजकिशोर गुप्ता, रामविलास श्रीवास, सहित पार्टी के कार्यकर्ता उसके घर जाकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी तथा हर संभव मदद का आश्वाशन दिया। शोक के माहौल में यमुना नदी में अंतिम संस्कार किया गया है।

# एएसपी ने डायल-112 के नये पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस मुख्यालय आपातकालीन सेवा डायल-112 की ओर से जनपद महोबा को प्राप्त नये पीआरवी वाहनों को अपर पुलिस अधीक्षक,नोडल अधिकारी डायल-112 वन्दना सिंह द्वारा पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद को प्राप्त नये चार-पहिया (स्कार्पियो) पीआरवी वाहन कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आपातकालीन पुलिस सेवा को तेज, प्रभावी एवं बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नये वाहनों के संचालन से जनपद में अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी, पीड़ितों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी तथा घटना स्थल तक पहुँचने में रिस्पांस टाइम में भी कमी आएगी। इन वाहनों के शामिल होने से तैनात पीआरवी वाहनों की संख्या एवं सघनता में वृद्धि होगी, जिससे डायल-112 सेवा का संचालन और अधिक सुचारू रूप से हो सकेगा। इस दौरान आर.आई.शिवकुमार, प्रभारी यू.पी.-112 विषय देव बुन्देला, प्रभारी परिवहन शाखा भानु प्रकाश सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत

**श्रीनगर/महोबा।** थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सिजहरी स्थित अपने मकान के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी। वृद्धा जिला अस्पताल लाया गया जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सिजहरी निवासी गेंदारानी पत्नी रजुवा प्रजापति उम्र 70 वर्ष अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी तभी गांव का ही ई-रिक्शा चालक शटरिंग का सामान ले कर जा रहा था तभी ई-रिक्शा अनियत्रित होकर महिला से टकरा गया। हादसे की चपेट में आकर महिला अचेत हो गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुँचे जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग महिला की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हदबंदी वादों के मामलों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कराएं: जिलाधिकारी

- डीएम की अध्यक्षता में किया गया ग्राम चौपाल का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजना एवं लाभार्थी पर एक योजनाओं का लाभ जन सामान्य तक पहुंचाने तथा विभिन्न विकास एवं राजस्व कार्यो को समयबद्ध रूप से संपादित कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में तहसील कुलपहाड़ के विकासखंड जैतपुर के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत लाडपुर में ग्राम चौपाल लगाई गई। चौपाल में आए हुए ग्रामीणों की समस्याओं को जिलाधिकारी द्वारा सुना गया और संबंधित अधिकारियों को उनकी समस्या का त्वरित निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने उपायुक्त मनरेगा को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान चला कर ग्राम समूहों का सी.सी.एल. कराया जाए तथा लंबित हदबंदी वादो के मामलों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए आवेदन करने के लिए किसान अपने क्षेत्रीय लेखपाल, कृषि विभाग के कार्मिक, जन सेवा केंद्र से फार्मर रजिस्ट्री की साइट पर जाकर किसान स्वयं भी फार्म कर सकते हैं, यदि किसी किसान की फॉर्मर रजिस्ट्री के आवेदन करने में समस्या आ रही है, तो वह अपने खतौनी के अनुसार आधार कार्ड दर्ज कराये।उन्होंने कहा कि सभी किसान बंधु फार्मर रजिस्ट्री जरूर कराये। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि 15वें वित 25-26 से ग्राम पंचायत लाडपुर में हैंड पंपों की मरम्मत कराई गई है और आयुर्वेद अस्पताल से सी.सी. रोड निर्माण कराया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि ग्राम के 270 लोगों को सम्मान निधि का लाभ दिया गया है तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत कृषक घनश्याम को रु.500000 रुपए रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि अक्टूबर माह में 81 लोगों को विधवा पेंशन, 16 लोगों को दिव्यांग पेंशन का लाभ दिया गया है। उपायुक्त मनरेगा ने बताया की ग्राम पंचायत लाडपुर में मनरेगा के तहत 10 कार्य स्वीकृत है, जिसमें से 6 कार्यो को पूर्ण कर लिया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदया नें गर्भवती महिलाओं के गोद भराई की तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत भगवती देवी को खतौनी वितरित की। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार, डीडीओ पंकज यादव, डीपीआरओ चंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सीओ कुलपहाड़ ने कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने को चलाया चेकिंग अभियान

- पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त, अर्दली रूम की प्रभावी कार्रवाई एवं आमजन से किया जनसंवाद

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड द्वारा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने,जनसुरक्षा सुनिश्चित करने एवं पुलिस कार्यवाही की गुणवत्ता में प्रभावी सुधार हेतु व्यापक निरीक्षण,चेकिंग, गश्त,अर्दली रूम की प्रभावी कार्यवाही एवं जनसंवाद जैसे कई अहम अभियान संचालित किये गये। क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना कुलपहाड़ क्षेत्र में यातायात माह के अंतर्गत व्यापक रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अभियानों के दौरान आमजन को यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया।

इसके उपरांत थाना पनवाड़ी क्षेत्र में प्रभावी पैदल गश्त,संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग, अतिक्रमण विरोधी अभियान, तथा स्थानीय नागरिकों के साथ जनसंवाद कर उनकी समस्याएँ सुनी गई एवं निराकरण का आश्वासन दिया गया। क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा थाना पनवाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण कर विवेचनाओं एवं अन्य लंबित अहकमात की समीक्षा हेतु अर्दली रूम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध निस्तारण एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। थाना क्षेत्र में संचालित आपातकालीन सेवा डायल-112 का भी औचक निरीक्षण किया गया, जहाँ तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्क रहते हुए किसी भी सूचना पर शीघ्र एवं प्रभावी रेस्पॉन्स सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान थाना कुलपहाड़ के प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा थाना पनवाड़ी के प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्तिथियों में युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

- जिला अस्पताल से रेफर के दौरान रास्ते में तोड़ा दम

**महोबा।** कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम डढ़हत माफ निवासी 25 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसके चलते उसकी हालत खराब हो गई आनन-फानन में उसके भाई द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अनुभाग में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम डढ़हत माफ निवासी राकेश के 25 वर्षीय पुत्र बृजेंद्र ने संदिग्ध परिस्तिथियों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहरीले पदार्थ के सेवन से बृजेंद्र की हालत खराब हो गई जिसे भाई संदीप द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। युवक की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# सीओ-एसडीएम ने विस्फोटक भण्डारण स्थलों को किया चेक

## सहायक पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष मटौंध को किया निर्देशित, नियमित रुप से स्थानों कि करते रहें चेकिंग



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदेश में विस्फोटक पदार्थों के भण्डारण की चेकिंग हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा मेविस टॉक द्वारा उपजिलाधिकारी सदर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बांदा तथा थानाध्यक्ष मटौंध के साथ थाना मटौंध क्षेत्र में पड़ने वाले मोहनपुरवा व दुरेडी में विस्फोटक लाइसेंसधारियों एवं विस्फोटक भण्डारण स्थलों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान मोहनपुरवा में विस्फोटक भण्डारण स्थल चालू मिला जिनके पास नाइट्रेट मिक्सर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटिंग फ्यूड आदि का वैध लाइसेंस मिला। भण्डारण स्थल पर चेकिंग की गई जिसमें स्वीकृत मात्रा से कम भण्डारण प्राप्त हुआ। इस दौरान सभी सुरक्षा उपायों को भी चेक किया गया तथा संबंधित लाइसेंसधारी को सभी मानक हर स्थिति में पूरा रखने के निर्देश दिए गए। चेकिंग के दौरान स्टॉक रजिस्टर को भी चेक किया गया। टीम द्वारा दुरेडी में भी चेकिंग की जहां पूर्व में विस्फोटक भण्डारण स्थल स्थापित था तथा वर्तमान में उसकी वैधता समाप्त हो चुकी है, दुरेडी स्थित स्थल बंद मिला, यह वर्ष-2016 से ही बंद है। सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाध्यक्ष मटौंध को निर्देशित किया गया कि नियमित रुप से इन स्थानों की चेकिंग करते रहें। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारियोतथा कार्य संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन बबेरू बस स्टेशन का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती जे.रीभा ने तहसील बबेरू में परिवहन विभाग के निर्माणाधीन बबेरु बस स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कार्य बन्द पाया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि, निर्माण किया जा रहे बस स्टैंड की द्वितीय किश्त की मांग की गई है, धनराशि प्राप्त होने पर कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये गये कि द्वितीय किश्त की धनराशि प्राप्त होते ही कार्य प्रारम्भ किया जाये। उन्होंने निर्माण कार्य मानक एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके के साथ ससमय पूर्ण किया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य में समय एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें इसमें किसी प्रकार के शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगीस उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण करते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# थाने का सीओ ने किया औचक निरीक्षण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार को क्षेत्राधिकारी सदर रामेंद्र प्रताप सिंह ने जसपुरा थाना परिसर का औचक निरीक्षण कर समस्त अभिलेखों, मालखाने, हवालात तथा थाना परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर,जीडी, अपराध रजिस्टर व अन्य अभिलेखों की गहनता से जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीओ ने थानाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा को निर्देशित किया कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए तथा उसकी निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बीट पुलिसिंग को मजबूत करने, गश्त बढ़ाने और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान सीओ ने थाने के आवासीय परिसर और शस्त्रागार की स्थिति देखी तथा रिकॉर्ड को अद्यतन रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि थाने की साफ-सफाई और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाए। अचानक हुए निरीक्षण से पुलिसकर्मियों में हलचल मची रही।सीओ ने संतोषजनक व्यवस्था मिलने पर प्रशंसा भी की और सुधार योग्य बिंदुओं पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए।

# गडरिया संकुल स्तर पर बच्चों ने किया प्रदर्शन




**जसपुरा बांदा, समृद्धि न्यूज।**

संकुल संसाधन केंद्र गडरिया में ब्रहस्पतिवार को क्षेत्रीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया और शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजवीर सिंह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ बाँदा उपस्थित रहे। आयोजन का संचालन विवेक कुमार गुप्ता ने किया। आयोजक मंडल सौरभ सिंह ,अरविंद सिंह शिक्षा मंत्री, संधान समिति जसपुरा), राहुल मिश्रा, अतुल दीक्षित, आशुतोष शिवहर प्रमुख रूप से शामिल रहे। विजेता प्रतिभागी प्राथमिक स्तर (50 मीटर दौड़) विशेष कुमार, प्रथम स्थान प्राथमिक स्तर (50 मीटर बालिका दौड़) विद्यादेवी रही प्रथम स्थान प्राथमिक स्तर (100 मीटर दौड़) कृष्णा तिवारी प्रथम स्थान जूनियर स्तर (100 मीटर दौड़ बालक) योगेन्द्र (48) प्रथम स्थान जूनियर स्तर (200 मीटर दौड़ बालक) विष्णु प्रथम स्थान जूनियर स्तर (200 मीटर दौड़ बालिका) प्रयांशी पंड सकैल प्रथम स्थान कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शम्भू, व्रजेश, अंसारी, राजेश राजपूत, शिवशंकर, यसस्वरूप, देवनारायण, राजेन्द्र कुशवाहा सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

# बम विस्फोट घटना के शहीदों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में विगत दिनों दिल्ली कार बम विस्फोट घटना को लेकर कांग्रेस जनो ने कचहरी स्थित आजादी का प्रतीक अशोक स्तंभ पर पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु शोक सभा आयोजित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं दीप जलाकर 2 मिनट का मौन रखा गया इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि देश के अंदर आए दिन इस तरह की घटनाएं इस बात का सूचक है की वर्तमान प्रदेश एवं केंद्र सरकार जनमानस की सुरक्षा करने में नाकाम साबित हो रही है दिल्ली में आतंकवादियों द्वारा रेकी कर वहां पर कार बम ब्लास्ट जैसी घटना को अंजाम दिया गया जिसमें काफी संख्या में लोग मारे गए और घायल हुए उन्होंने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कांग्रेस पार्टी की दिवंगत और घायल परिवारों के साथ न्याय के लिए हर कदम पर साथ है उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की अति शीघ्र एजेंसियों को लगाकर इसकी तह तक जाए और इसका खुलासा कर पीड़ित परिवारों को न्याय प्रदान करें साथ ही बम ब्लास्ट में जिन परिवार जनों के लोगों की जान गई है उनको एक-एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को नौकरी के साथ ही घायलों को समुचित इलाज एवं 10 लख रुपए की आर्थिक सहायता तत्काल प्रभाव से सुलभ कराई जाए।

# पं. जवाहरलाल नेहरू डिग्री कालेज बना जानवरों का अड्डा

**शैक्षणिक वातावरण पर संकट जिम्मेदारों की चुप्पी से छात्र-छात्राएं परेशान**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



पंडित जवाहरलाल नेहरू डिग्री कॉलेज इन दिनों शिक्षा का मंदिर कम और अन्ना जानवरों का अड्डा अधिक बनता नजर आ रहा है। परिसर में लगातार आवारा पशुओं का जमावड़ा देखने को मिल रहा है, जिससे पढ़ाई लिखाई का माहौल बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। आये दिन छात्रों के साथ ऐसी घटनाएं हो रही हैं जिनसे छात्र भयभीत हो रहे हैं। सांडों के झुंड जब परिसर में घुसते हैं तो छात्राओं को अपनी जान बचाकर भागना पड़ता है। बावजूद इसके प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। कालेज प्रशासन की लापरवाही के चलते अन्ना जानवरों का उत्पात बढ़ता जा रहा है। परिसर में घूम रहे सांड व गायें न केवल कूड़े में मुंह डालकर गंदगी फैला रहे हैं बल्कि कक्षाओं के पास पहुंचकर छात्रों के बैठने तक में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। छात्राओं के बीच भय का माहौल है, जिससे उनका शैक्षणिक वातावरण पर सीधा असर पड़ रहा है। छात्रों के पीठ पीछे पहुंचने वाले सांडों से आत्मरक्षा करना मुश्किल हो जाता है। परिसर की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कालेज प्रशासन की उदासीनता भी छात्रों में चिंता का विषय बनी हुई है। परिसर में फैली गंदगी के चलते संक्रमण फैलने का भी खतरा है, लेकिन कोई अधिकारी संज्ञान लेने को तैयार नहीं है। आवारा पशुओं पर रोक नहीं लग पा रही है जबकि नगर निगम ने चेतावनी दी है कि, यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो अन्ना जानवरों को पकड़ने के अभियान में मनमानी करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। छात्रों का कहना है कि कॉलेज परिसर में गंदगी व आवारा पशुओं की समस्या काफी समय से बनी हुई है लेकिन कॉलेज प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। जिससे पढ़ाई का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया है और छात्राएं भयभीत होकर कॉलेज आ रही हैं।

## खबरें एक नजर में

### एसडीएम ने चकरनगर बूथ का किया निरीक्षण

**चकरनगर, इटावा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को एसडीएम ब्रह्मानन्द सिंह कठेरिया व तहसीलदार विष्णुदत्त मिश्र ने जवाहर इंटर कॉलेज बूथ का निरीक्षण किया। एसडीएम ने मौजूद लोगों से कहा कि प्रत्येक गांवों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।जिन परिवारों में कोई नया सदस्य जिसने एक जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है।उसका नाम सूची में जोड़ा जाएगा और जो मृत हो गए उनका काटा जाएगा। एसडीएम ने आगे कहा कि यह प्रक्रिया होने के बाद नौ दिसंबर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। जिसके बाद आठ जनवरी 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन सात फरवरी 2026 को किया जाएगा।

### सड़कों के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ करायें: डीएम

**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा की अध्यक्षता में एवं मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे की उपस्थिति में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों तथा सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण अधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए उन्होंने निर्माण अधीन सड़कों के निर्माण कार्य को समय से पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिएस उन्होंने निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए यूपीसीएल के अधिकारी को अवशेष छह परियोजनाओं के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिएस उन्होंने बड़ोखर खुर्द के सिद्धबाबा में निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिएस कालिंजर में पर्यटन सुविधा केंद्र के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय में किय जा रहे हैं कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नामित जिला स्तरीय अधिकारियों को समय पर विद्यालयों का टास्क फोर्स के अंतर्गत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने दसमोत्तेर छात्रवृत्ति के संबंध में शीघ्र कार्रवाई किए जाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

### खाद्य कारोबारियों एवं स्मार्ट मीटर संबंधी उठी समस्याएं

**इटावा।** नुमाइश चौराहे के पास स्थिति वाणिज्य कर कार्यालय में जीएसटी कमिश्नर ग्रेड-1 हृषिकेश प्रताप राव दीक्षित की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन हुआ। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि जी.एस.टी. अधिनियम में 40 लाख रूपये तक का व्यापार करने वाले व्यापारियों को रजिस्टेऊशन से छूट प्राप्त है, परन्तु विभागीय अधिकारी टारगेट पूरा करने के लिए कम टर्नओवर वाले व्यापारियों का भी उत्पीड़न कर रजिस्टेऊशन प्राप्त करने के लिए बाध्य कर रहे हैं। 40 लाख से कम कारोबार करने वाले व्यापारियों के जी.एस.टी. रजिस्टेऊशन के लिए बाध्य करने पर रोक लगायी जाये। जिलाअध्यक्ष उद्योग मंच भारतेन्द्रनाथ भारद्वाज ने कहा क एस.आई.बी. जॉच व सर्वे के समय व्यापारी को भारी धनराशि कर के रूप में जमा करने के लिए बाध्य किया जाता है। जिलाकोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटरों में बिल नहीं आ रहा है इससे व्यापारी परेशान हैं। जिलासंरक्षक हाजी शंहशाह वारसी ने खाद्य कारोबारियों की समस्या को पटल पर रक्खा। जीएसटी कमिश्नर ने सभी बिंदुओं पर व्यापारी नेताओं से विस्तृत चर्चा कर उनके निदान के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी राजेश द्विवेदी, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष अशोक जाटव, महिला जिलाध्यक्ष गुड्डी बाजपेई, उपाध्यक्ष शकीला बेगम महामंत्री मंजूलता द्विवेदी, देव गुप्ता, धर्मेन्द्र यादव, सै. लकी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने कमलेश यादव

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कमलेश यादव को समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत होने पर बधाई दी है। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, सांसद जितेंद्र दोहरे, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, आनंद यादव टंटी, सपा प्रवक्ता विक्की गुप्ता, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कमलेश चंद्र, प्रदेश सचिव सैनिक प्रकोष्ठ रविन्द्र यादव, जिलासचिव प्रवीन कुशवाह, डॉ. संतोष राठौर, दीपक पाल, अवधेश सविता, रामतेज सिंह यादव, सुबोध यादव, धर्मवीर सिंह, दिनेश यादव, हरगोविंद, मालती यादव, सीमा यादव, पूरन सिंह, रणजीत यादव, अजय यादव, राहुल यादव, प्रणव सिंह, सत्यपाल यादव, अरविंद यादव, हुकुम सिंह मौजूद रहे।

# श्रीमद भागवत कथा महापुराण का हुआ आयोजन



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

महोखर गांव स्थित राघव पैलेस में लगातार संगीतमय श्रीमद भागवत कथा महापुराण का आयोजन चल रहा है। वृंदावन धाम से पधारे आचार्य पंडित विनोद शुक्ल जी ने अंतिम दिवस रुक्मणि विवाह,सुदामा चरित्र की कथा का बखान किया।

बता दे कि महोखर गांव में कथा जजमान जुगुल किशोर तिवारी पत्नी विजय लक्ष्मी के द्वारा जगत कल्याण हेतु राघव पैलेस में भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन करवाया जा रहा है।लगातार एक सप्ताह से चल रही भागवत कथा में अंतिम दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा ब्यास पंडित विनोद शुक्ला जी के द्वारा कृष्ण रुक्मिणी विवाह का बखान किया।साथ ही विवाह के दौरान मंगल गीतों का गायन किया गया।इसी क्रम में ब्यास जी ने भागवत कथा के तमाम कथानकों का वर्णन किया।भगवान के विभिन्न अवतारों का वर्णन करते हुए इस दौरान भगवान कृष्ण की 108 पटरानियों के बारे में विस्तार से बताया। ब्यास जी ने मौजूद श्रोताओं को बताया कि भागवत कथा सिर्फ हरि का भजन है। बिना हरि के भजन के सुख शांति नहीं।जीवन में जब तक अभाव न हो तो अपने पराए का पता कैसे लगेगा।मानव को हमेशा संतुष्ट होना चाहिए लोभ नहीं करना चाहिए किसी का हक नहीं छीनना चाहिए अर्थात जो प्राप्त है वहीं पर्याप्त है। भागवत कथा का सार बताते हुए मौजूद श्रोताओं को बताया कि भागवत पुराण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संगम है, जो भगवान विष्णु और विशेष रूप से उनके श्रीकृष्ण अवतार की लीलाओं का वर्णन करती है। यह कलियुग में मुक्ति का सबसे सरल मार्ग है और इसे सुनने मात्र से ही मनुष्य जीवन के दुखों से पार पा सकता है। कथा का उद्देश्य सांसारिक जीवन की अस्थायीता को समझाना और ईश्वर के शाश्वत सुख की ओर ले जाना है।

# देशी शराब दुकानों एवं कंपोजिट शाप्स का किया निरीक्षण



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार प्रदेश भर में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी बाँदा के निर्देशन में आज जिला आबकारी अधिकारी बांदा के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 सदर की टीम द्वारा जनपद के थाना कोतवाली नगर क्षेत्रन्तर्गत कतरावल ग्राम मे दबिश की कार्यवाही की गई दबिश के दौरान आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में एक अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा जनपद-बांदा की देशी शराब दुकानों एवं कंपोजिट शाप्स का आकस्मिक सघन निरीक्षण किया गया ।विक्रेताओं को निर्धारित मूल्य पर ही शराब बिक्री करने के सख्त निर्देश दिए गए।उपलब्ध स्टाक और क्यू आर कोड का मिलान किया गया तथा विक्रेताओं को साफ सफाई रखने तथा पीओएस मशीन से 100 प्रतिशत स्कैन करके बिक्री करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सरकार द्वारा बढ़ा मानदेय का तत्काल करें भुगतान




**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आशा संगनियों को 5 माह से बकाया सभी प्रकार के भुगतानों का तत्काल भुगतान कराने, केन्द्र सरकार द्वारा बढाया गया मानदेय की राशि का एरियर सहित तत्काल भुगतान कराया जाय, वेतन, प्रोत्साहन राशि का भुगतान माह की 5 तारीख तक आवश्यक रूप भुगतान कराना सुनिश्चित किया जाय, आशा एवं संगनियों को किये जाने भुगतान का पर्चा आवश्यक रूप से उपलब्ध कराया जाय। हर सेन्टरों पर डिलेवरी ले जाते समय उनके रूकने की उचित व्यवस्था की जाय।आदि मांगों को लेकर आशा एवं संगनियों ने कचहरी पर जोरदार नारे बाजी करते हुये अपनी मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मिशन शक्ति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ.प्र. को ज्ञापन सौपते समय आशा यूनियन की प्रदेश महामंत्री संगीता कश्यप ने कहे।

यूनियन के प्रदेशीय नेता अमर सिंह शाक्य ने आशाओं से मजबूत संगठन बनाने पर जोर दिया उन्होंने आगे कहा कि बिना मजबूत संगठन के येकर्मचारी बिरोधी, महिला विरोधी, मजदूर बिरोधी सरकारें आपका भला नहीं कर सकती है। इनके खिलाफ जोरदार आन्दोलन की आवश्यकता है। सर्वेश कुमारी, सुमित्रा, कुशमादेवी, रामादेवी, सीमा यादव, प्रमिला, सुशमा देवी, संगीता यादव ने भी विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता शकुन्तला देवी व संचालन सलोचना ने किया। इसके साथ ही आधा सैकडा आशा, संगनियों ने भाग लिया। यदि सुनवाई न हुई तो शीध्र ही बडा आन्दोलन किया जायेगा।

### मानक एवं गुणवत्तपूर्ण तरीके से मैन पावर बढ़ाकर तेजी से करायें कार्य: जिलाधिकारी



**बांदा।** गुरूवार को जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत निर्माणाधीन नवीन राजकीय हाईस्कूल मऊ एवं हाईस्कूल इंगुवा का जिला विद्यालय निरीक्षक, बाँदा के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था यू0पी0सिडको के अधिशषी अभियन्ता को उक्त परियोजना का कार्य का मानक एवं गुणवत्तपूर्ण तरीके से मैन पावर को बढ़ाते हुए कार्य को तेजी के साथ ससमय पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए अन्यथा के संस्था के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को भी निर्देशित किया कि प्रोजेक्ट अलंकार द्वारा किए जा रहे कार्य की निगरानी रखते हुए कार्यों को समय एवं गुणवत्ता के साथ कार्यदाई संस्था से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अधिशासी अभियंता यूव पीवसिडको उपस्थित रहे।

### सफारी पार्क में तेन्दुए के शावक की मौत

**इटावा।** बीते 9 जनवरी 2024 को सामाजिक वानिकी प्रभाग, बिजनौर की नगीना रेंज के ग्राम नियामतपुर से एक तेन्दुआ शावक 1 माह की उम्र का रेस्क्यू किया गया था जिसे बेहतर देखरेख हेतु इटावा सफारी पार्क सफारी पार्क में लाया गया था। सफारी पार्क के कीपर द्वारा इस शावक की देखरेख की जा रही थी। पिछले डेढ़ वर्ष से बोनडिफार्मिटी के कारण यह तेन्दुआ समुचित रूप से चलने फिरने में असमर्थ था, जिसका उपचार वन्यजीव विषेषज्ञों की सलाह पर निरन्तर किया जा रहा था। इस तेन्दुआ की उसकी शारीरिक बनावट अन्य तेन्दुओं की शारीरिक बनावट से थोड़ी अलग थी। 3 दिन पूर्व से उक्त तेन्दुआ द्वारा 3-4 बार उल्टी की गयी, परन्तु वह सक्रिय दिख रहा था तथा उसका उपचार सफारी पार्क के वन्यजीव विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा था। निदेशक डा. अनिल कुमार पटेल ने बताया कि 13 नवम्बर को प्रातः अचानक उसकी मृत्यु हो गयी है। इसकी सूचना तत्काल प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेष को दी गयी तथा लेपर्ड के मेडिकल हिस्ट्री के बारे में अवगत कराया गया।

# बेसिक शिक्षा विभाग बांटेगा बच्चों को उपकरण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



समग्र शिक्षा समेकित शिक्षा के अन्तर्गत एलिम्को के सहयोग से समस्त प्रकार के विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग शारीरिक, मानसिक मंद, दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित तथा बहुदिव्यांग बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण, सहायक यन्त्र तथा कान की मशीन आदि के लिए पंजीकरण कैम्प का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा एवं नवाब वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी सैफई व अनुपम शुक्ला खंड शिक्षा अधिकारी ताखा के द्वारा किया जा रहा है। बीएसए कार्यालय सभागार में कार्यरत समस्त स्पेशल एजुकेटर्स की बैठक आयोजन करते हुए अर्चना सिन्हा द्वारा बताया गया कि समस्त प्रकार के दिव्यांग बच्चों के लिए 14 नवम्बर दिन शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे से विकास खंड सैफई के ब्लाक संसाधन केन्द्र अमिताभ बच्चन इण्टर कालेज के पास, अभिनव विद्यालय प्रागंण में बीआरसी पर तथा 15 नवम्बर दिन शनिवार को विकास खंड ताखा के ब्लाक संसाधन केन्द्र बीआरसी मामन-ताखा पर आयोजित की जा रही है। जिसमें आप 6 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के साथ 2 पासपोर्ट साईज का फोटो दिव्यांगता दिखाई देते हुए साथ में बच्चें का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी कार्ड और पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, स्कूल पहचान पत्र, आय प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी अथवा प्रधान द्वारा लिखित अवश्य लेकर आयें। उक्त शिविर में आप बच्चों के साथ अधिक से अधिक संख्या प्रतिभाग करें जिससे आप सभी को उपकरण के लिए चिन्हित किया जा सके। सभी चिन्हित बच्चों को माह दिसम्बर, 2025 में उपकरण प्रदान किया जायेगा। अभिभावक अपनी सुविधानुसार किसी एक कैम्प स्थल में ही प्रतिभाग करें।

### आतिशबाजी की चिंगारी से धू-धूकर जला घर

**भरथना, इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंअरा में बुधवार की रात रामतीरथ 45 वर्ष पुत्र इतवारी लाल का झोपड़ीनुमा पूरा घर धूं-धूंकर उस समय जल गया, जब गांव में एक बेटी के शादी समारोह में बारातियों ने खुशियां मनाते हुए आतिशबाजी चला दी। जिसकी चिंगारी रामतीरथ के झोपडीनुमा घर पर जा गिरी और घर धूं-धूंकर चल उठा। घटना के दौरान गृहस्वामी रामतीरथ अपनी पत्नी सोनी, दो बेटे, एक बेटी समेत घरेलू मवेशियों के साथ घर के अन्दर सो रहा था। रात्रि करीब 8 बजे गांव के रामतीरथ का घर धूं-धूंकर जलता और आग की लपटें देख ग्रामीणों में हाहाकार मच गया। अग्निकांड देख ग्रामीण घराती और बारातियों ने घर के अन्दर आग की लपटों में फंसे गृहस्वामी रामतीरथ को परिजनों समेत मवेशियों को जलने से सुरक्षित बचाकर निजी संसाधनों से आग पर बमुश्किल काबू पाया।

# रणवीर सिंह यादव की 23वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब



**सैफई इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सैफई महोत्सव के संस्थापक और सैफई को नई पहचान दिलाने वाले स्वर्गीय रणवीर सिंह यादव की 23वीं पुण्यतिथि गुरुवार को श्रद्धा और भावनाओं से ओतप्रोत माहौल में मनाई गई।

इस अवसर पर सैफई दिनभर शोक में डूबी रही। उनकी स्मृति में समाधि स्थल पर पारंपरिक शांति यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ की शुरुआत उनकी पत्नी एवं ब्लॉक प्रमुख मृदुला यादव और पुत्र, पूर्व सांसद एवं विधायक तेज प्रताप सिंह यादव ने आहुति डालकर की। केवल 36 वर्ष की आयु में इस संसार से विदा लेने वाले रणवीर सिंह यादव ने सैफई को एक अलग पहचान दी थी। उनके अथक प्रयासों से सैफई को विकास खंड का दर्जा प्राप्त हुआ और वे सैफई ब्लॉक के प्रथम प्रमुख बने। इसी दौरान उन्होंने सैफई महोत्सव की नींव रखी, जो आज अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त कर चुका है।

यज्ञ स्थल पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता सुबह से शाम तक लगा रहा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के परिवार के सदस्य अभयराम सिंह यादव, सांसद आदित्य यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव और आर्यन यादव सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र यश कुमार को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**राजेश कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद मोहल्ला उत्तर टोला कस्बा बंकी निकट तालाब वाली मस्जिद बंकी, थाना कोतवाली नगर, तहसील नवाबगंज, जनपद बाराबंकी।**

# प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन की बनी रणनीति

- 15 नवंबर को होगा भव्य आयोजन

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



प्रभात उजास न्यास के तत्वावधान में पंडित राजकिशोर दुबे की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन 15 नवंबर को जनता इंटर कॉलेज में शाम 6 बजे से होगा। न्यास की अध्यक्ष इंदिरा दुबे के आवास पर आयोजित रणनीति बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत तैयारी पर चर्चा हुई।

इस समारोह में नगर के सरकारी विद्यालयों में हाईस्कूल से परास्नातक स्तर तक सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में मील का पत्थर साबित होगा। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में डॉ. रामेन्द्र मोहन त्रिपाठी, डॉ. शिवओम अंबर, प्रियांशु, गजेन्द्र, अजीत शुक्ला, शशि श्रेया, देवेंद्र प्रताप सिंह आग, मयंक अवस्थी, देवेश दीक्षित, उत्कर्ष अग्निहोत्री सहित प्रख्यात कवि काव्य पाठ करेंगे। न्यास ने इस वर्ष का पं. राजकिशोर स्मृति सम्मान गीतों के माध्यम से छिबरामऊ की कीर्ति देश-विदेश में फैलाने वाले सुविख्यात गीतकार डॉ. रामेन्द्र मोहन त्रिपाठी को प्रदान करने का निर्णय लिया है। समन्वयक शशिकांत शुक्ला ने बताया कि पूर्व तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे के साथ जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी उपस्थित होंगे। बैठक में इंदिरा दुबे, शशिकांत शुक्ला, उत्कर्ष अग्निहोत्री, अनुज दुबे, सुजीत कुमार व राजेश शर्मा मौजूद रहे।

# कुंवरपुर जनू गाँव में सड़क की जर्जर हालत से ग्रामीण बेहाल

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



क्षेत्र के कुंवरपुर जनू गाँव को जोड़ने वाली सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि ग्रामीणों का रोजमर्रा का आवागमन दुश्वार हो गया है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, टूटे हुए किनारे और उबड़-खाबड़ रास्ते ने यात्रा को जोखिम भरा बना दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मानसून के दौरान यह सड़क कीचड़ और जल भराव से लबालब हो जाती है, जिससे पैदल चलना तो दूर की बात, दोपहिया वाहनों का गुजरना भी असंभव हो जाता है। कई बार दुर्घटनाओं का शिकार होने वाले ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद जिम्मेदार विभाग ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया। इससे ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। एक बुजुर्ग निवासी ने कहा यह सड़क हमारी जीवनरेखा है, लेकिन अब यह अभिशाप बन गई है। बच्चों के स्कूल जाने और बाजार का सामान लाने में कितनी परेशानी हो रही है। स्थानीय ग्राम प्रधान ने भी इस मुद्दे को सदन में उठाने का आश्वासन दिया है। यदि शीघ्र कार्रवाई न हुई तो ग्रामीण आंदोलन की धमकी दे रहे हैं। प्रशासन की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क का पुनर्निर्माण हो, ताकि आवागमन सुगम हो और जीवन सामान्य पटरी पर लौटे।

## बंधा टूटने से खेत में पानी भरा, लड़ने पर आमादा हुए किसान

जालौन (उरई)। खेत के बगल में बने बंधा के टूटने से खेत का पानी दूसरे किसानों के खेत में चला जाता है। जिससे दूसरे किसान लड़ने पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित महिला किसान ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बंधा बनवाए जाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी सुमन ने बताया कि उनका खेत मौजा औरेखी के गाटा संख्या 650 में है। उनके खेत से लगा हुआ बंधा है। जो कि टूट गया है। ऐसे में पूरे मौजा का पानी उसके खेत में भर जाता है। ओवरफ्लो होने पर पानी आसपास के खेतों में भी चला जाता है। आसपास गूल भी विस्मार कर दी गई हैं। ऐसे में पानी सीधा खेतों में भरता है। खेतों में पानी भरने से आसपास के किसान लड़ने पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित महिला किसान ने एसडीएम से मामले की जांच कराकर बंधा का निर्माण कराने की मांग की है।

## नवीन मंडी की टूटी पुलिया बनीं किसानों - व्यापारियों की परेशानी का सबब



छिबरामऊ, कन्नौज। यहां की नवीन मंडी में सड़क पर स्थित टूटी-फूटी पुलिया किसानों और व्यापारियों के लिए रोजमर्रा की मुसीबत बन चुकी है। यहां आए दिन फसल लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली और माल से भरे ट्रक इस पुलिया में फंस जाते हैं, जिससे समय की बर्बादी के साथ ही वाहनों को नुकसान भी पहुंच रहा है।

गल्ला आलू व्यापारी संघ के मीडिया प्रभारी पंकज प्रसाद दुबे ने बताया कि आढ़ती राजू ठाकुर की दुकान के ठीक सामने यह पुलिया जर्जर हालत में है। किसान अपनी मेहनत की फसल मंडी तक पहुंचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि व्यापारी भी माल लदे ट्रकों के साथ जद्दोजहद कर रहे हैं। दुबे ने प्रभारी मंडी सचिव से तत्काल इस पुलिया का पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे न केवल आने-जाने में आसानी होगी, बल्कि व्यापारिक गतिविधियां भी सुचारू रूप से चल सकेंगी। स्थानीय प्रशासन से उम्मीद है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा, ताकि किसानों का नुकसान न हो।

# झोलाछाप के इलाज से ग्रामीण की मौत, सीएमओ ने लिया संज्ञान

- फिरोजपुर तारन गांव पहुंचे अधिकारी, क्लीनिक संचालक को नोटिस तामील

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



गांव में जांच के दौरान मौजूद सीएमओ व अन्य अधिकारी

झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से एक ग्रामीण की मौत होने पर जनपद में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग टीम ने एक बार शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बुधवार को क्षेत्र के फिरोजपुर तारन गांव निवासी अनोखे लाल उम्र 55 की हालत बिगड़ने पर गाँव में ही घर पर क्लीनिक चला रहे झोलाछाप अमित दुबे के इलाज से ग्रामीण की मृत्यु हो गयी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने मामले की पुष्टि एवं जांच के लिए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजहर सिद्दीकी के साथ गांव फिरोजपुर तारन पहुंचे। गांव पहुंचकर अधिकारियों ने मृतक अनोखे लाल के परिजनों से मुलाकात की और घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। परिजनों ने बताया कि अनोखे लाल को बुखार की शिकायत थी। उन्होंने 11 नवम्बर को पड़ोस में रहने वाले कथित झोलाछाप अमित दुबे से उपचार कराया था। इलाज के कुछ घंटे बाद ही रात लगभग 8:30 बजे अनोखे लाल की हालत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी। सीएमओ ने मौके पर जाकर कथित क्लीनिक संचालक अमित दुबे के घर की भी जांच की। इस दौरान परिजनों ने बताया कि अमित दुबे घर पर नहीं हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर उनके परिवार को नोटिस तामील कराया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यदि निर्धारित समयावधि में नोटिस का उचित उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो विभागीय एवं विधिक कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। उन्होंने कहा कि झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अनुपस्थित मिले पंचायत सहायकों का कटेगा एक दिन का वेतन

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

- ऑनलाइन हाजिरी में गैरहाजिर मिले थे, 25 पंचायत सहायक

शासन के निर्देश पर इस समय पंचायत सहायकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की जाती है। गत दिवस ऑनलाइन उपस्थिति में विकास खंड क्षेत्र के 25 पंचायत सहायक अनुपस्थित मिले। ऐसे में उनका एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति की गई है।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत यशकरन सिंह ने बताया कि जब पंचायत सहायकों की ऑनलाइन उपस्थिति चेक की गई, तो उसमें गिरधरपुर, हाथिन, कूंदेपुर, निगोह खास, नंदलालपुर, मिघौली, महमूदपुर खास, लड़ैता, कुंवरपुर जनूं, कुंवरपुर बनवारी, कुंवरपुर लोधपुर, खुड़ावा, करनौली, जसुआमई, हरिहरपुर, हरिबल्लभपुर, घिलोई खास, धरनीधरपुर नगरिया, डालूपुर सुल्तानपुर, बिबिया जलालपुर, अल्हनापुर, असेह, औराई और भरौली सिरकनेपुर के पंचायत सहायक अनुपस्थित पाए गए। एडीओ पंचायत ने बताया कि ऑनलाइन उपस्थिति में अनुपस्थिति पाए गए इन सभी पंचायतों के सचिवों को पंचायत सहायकों को नोटिस जारी कर उनका एक दिन का मानदेय काटने के निर्देश दिए गए हैं। मालूम हो कि विकास खंड क्षेत्र में 96 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें 85 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक कार्यरत हैं।

# 131 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ, नौ जोड़ो ने कबूला निकाह

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विवाह संपन्न
- विधायक, डीएम सहित अफसरों में दिया आशीर्वाद

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



जोड़े को आशीर्वाद देती विधायक अर्चना पांडेय, डीएम व अन्य अधिकारीगण

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विमला देवी ब्रज मोहन इंटर कॉलेज, सराय प्रयाग, तालग्राम में भव्य सामूहिक विवाह समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 140 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिनमें 09 जोड़े मुस्लिम समुदाय से थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक अर्चना पांडेय व जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री मौजूद रहे। विधायक ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह योजना समाज के सभी वर्गों को सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर प्रदान करती है और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देती है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की दिशा में एक सशक्त कदम है। शासन की मंशा है कि कोई भी बेटी आर्थिक तंगी के कारण विवाह से वंचित न रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि प्रति जोड़ा 1 लाख की सहायता दी जाती है, जिसमें 60,000 कन्या के खाते में, 25,000 उपहार सामग्री में तथा 15,000 विवाह आयोजन पर व्यय किए जाते हैं। इस मौके पर सीडीओ रामकृपाल चौधरी, ब्लॉक प्रमुख, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं वर- वधू के परिजन रहे।

# लोडर की टक्कर से सड़क पार कर रही छात्रा की मौत

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



परीक्षा देने जा रही बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अंशिका चतुर्वेदी को हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल छात्रा को स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना गुरुवार सुबह करीब 8 बजे ग्राम सराय दौलत की है।

बताया जा रहा है कि गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ज्ञानपुर निवासी अंशिका पुत्री अशोक कुमार ग्राम मिश्रापुर स्थित चौधरी जयवीर सिंह महिला शिक्षण संस्थान में परीक्षा देने जा रही थी। आटो से उतरकर वह हाईवे पार कर रही थी, तभी अनियंत्रित लोडर ने टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा बुरी तरह घायल हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और लोडर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# ओडीए में आयोजित हुआ मानचित्र निस्तारण एवं समाधान दिवस

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी, उपाध्यक्ष उरई विकास प्राधिकरण राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर बृहस्पतिवार को उरई विकास प्राधिकरण कार्यालय में मानचित्र निस्तारण एवं समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में कुल 59 लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 05 शमन मानचित्र दाखिल किए गए तथा पहले से दाखिल 9 शमन मानचित्रों में ड्राइंग सुधार एवं भू-स्वामित्व संबंधी अभिलेख प्राप्त हुए। आपत्तियों के निस्तारण के लिए स्थलीय जांच एवं गणना कराने हेतु अवर अभियंता को निर्देशित किया गया। सत्र के दौरान कुल 20 वाद प्रकरणों की सुनवाई सचिव, उरई विकास प्राधिकरण परमानन्द यादव द्वारा की गई। शमन मानचित्र न दाखिल करने वाले 2 अवैध निर्माणों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण अभियंता एवं पटल सहायक भी उपस्थित रहे। सचिव ने सभी निर्माणकर्ताओं और विकासकर्ताओं से अपील की है कि वह उरई विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अंतर्गत निर्माण कार्य से पूर्व मानचित्र स्वीकृत कराकर ही निर्माण करें, अन्यथा उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

# प्रधानमंत्री की विस्तारित उज्ज्वला योजना के अंतर्गत हुई बैठक




बैठक करते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के विस्तारित चरण के अंतर्गत गठित जनपद स्तरीय उज्ज्वला योजना समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को स्वच्छ ईंधन की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि योजना के नवीन चरण में जनपद कन्नौज में जिला स्तरीय उज्ज्वला समिति का गठन किया गया है, जो योजना के क्रियान्वयन और लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया की देखरेख करेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे पात्र परिवार जो अब तक योजना का लाभ प्राप्त नहीं कर सके हैं, वे अपने निकटतम गैस एजेंसी पर आवेदन पत्र भरकर जमा करें। पात्रता के सत्यापन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए।

उन्होंने बताया कि लाभार्थी आवेदन के साथ राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों के आधार कार्ड की प्रति तथा बैंक खाते की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें। ग्रामीण क्षेत्रों में आवेदनों का सत्यापन तहसीलदार द्वारा, नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका द्वारा तथा वाहन संबंधी जांच सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा की जाएगी। कहा कि योजना के निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पात्र लाभार्थियों का चयन किया जाए।

# एक माह में सभी लंबित मामलों का करें निस्तारण : डीएम




उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष से संबंधित कुल 160 लंबित प्रकरणों में से 20 प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष प्रकरणों का निस्तारण इसी माह में हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने नोडल पुलिस विभाग एवं नोडल स्वास्थ्य विभाग को लंबित मामलों में अपेक्षित कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि दोनों विभागों के बीच सतत समन्वय बनाते हुए प्रत्येक सप्ताह प्रगति की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि एक माह के भीतर सभी मामलों का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि महिला एवं बाल सम्मान कोष से जुड़े प्रकरण अत्यंत संवेदनशील हैं, अतः इनकी सुनवाई और निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों को शीघ्र न्याय और सहायता उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, प्रभारी प्रोबेशन अधिकारी निशान्त पाण्डेय आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# मां ने ही की नवजात शिशु की तालाब में फेंककर हत्या

माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।

गोहन थाना अंतर्गत कासिमपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां जन्म देने वाली एक मां ने अपने 15 दिन के नवजात बेटे को तालाब में फेंककर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कासिमपुर निवासी राजेश कुमार उर्फ दिनेश राठौर की पुत्री आरती देवी ने यह कदम मंगलवार को उठाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पति से विवाद और बच्चे की देखभाल न करने की इच्छा इस घटना की वजह बनी। विवरण के अनुसार मंगलवार को आरती ने बताया था कि जब वह खाना बना रही थी, तभी चारपाई पर सोता हुआ बच्चा अचानक गायब हो गया। परिजनों और पुलिस ने देर रात तक खोजबीन की, लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार दोपहर को ग्रामीणों ने घर से करीब 100 मीटर दूर तालाब के कीचड़ में बच्चे का शव पड़ा देखा। सूचना पर गोहन थाना प्रभारी सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर बच्चे की मां आरती देवी और उसके पिता राजेश कुमार को हिरासत में लिया।

## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, फर्रुखाबाद।

पत्रांक: 1806/जि0का0अ0/विज्ञप्ति/2025-26 — दिनांक 12 नवम्बर 2025

### संशोधित विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रमुख सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश लखनऊ के शासनादेश सं0 1/2025/3313/58-1-2025(1917687) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद फर्रुखाबाद के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनवाड़ी सहायिकाओं की मानदेय आधारित संविदा के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:.

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की संख्या | आरक्षण | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति |
| 01 | बढ़पुर | 82 | 35 | 28 | 19 |
| 02 | कायमगंज | 85 | 42 | 23 | 20 |
| 03 | कमालगंज | 66 | 36 | 16 | 14 |
| 04 | मोहम्मदाबाद | 111 | 52 | 29 | 30 |
| 05 | नवाबगंज | 76 | 37 | 16 | 23 |
| 06 | राजेपुर | 78 | 43 | 18 | 17 |
| 07 | शमसाबाद | 50 | 29 | 11 | 10 |
| 08 | शहर | 44 | 19 | 13 | 12 |
| कुल योग | | 592 | 293 | 154 | 145 |

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर अपलोड़ है।

**विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश:-**

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
2. आंगनवाड़ी सहायिका के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या उसके समकक्ष होगी अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार होगी।
3. आंगनवाड़ी सहायिका पद हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। दिनांक 01.07.2025 को आयु 18 वर्ष से कम एवं 35 वर्ष से अधिक न हो। आयु के सम्बन्ध में हाई स्कूल अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि मान्य होगी।
4. चयन में उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा महिला/विधिक तलाकशुदा/परित्यकता महिला का वरीयता दी जायेगी।
5. विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी। तलाकशुदा/परित्यकता के सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होंगे।
6. विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली परिवार की महिलायें।
7. गरीबी रेखा से नीचे की विधवा/तलाकशुदा/परित्यकता महिलायें/गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उत्सी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलाएं।
8. निवास एवं जाति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में तहसील से ऑनलाइन डिजीटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे जिनका ऑनलाइन सत्यापन सभव हो।
9. आय प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व अनुभाग-9 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या 3959/1-9-11-रा0-9 दिनांक 30.09.2011 के क्रम में सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे, जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।
10. आवेदन पत्र विभागीय बेवसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध फार्मेट पर ऑनलाईन व सही सावधानीपूर्वक भरे जायेंगे। किसी भी प्रकार के तथ्य/आंकड़े, प्राप्तांक, पूर्णांक, जन्मतिथि आदि त्रुटिपूर्ण होने की दशा में सम्बन्धित का आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा एवं सुधार का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। सम्बन्धित आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित प्रति जो स्वच्छ व स्पष्ट रूप से पठनीय हो, अपलोड की जायेंगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाईन फार्म में किया गया होगा।
11. ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 04-12-2025 होगी।
12. मा0 न्यायालय में वाद/निर्णय/आदेश होने या चयन समिति द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में रिक्तियों की संख्या घटाई-बढ़ाई जा सकती है।

**(सुनील कुमार श्रीवास्तव)**
**जिला कार्यक्रम अधिकारी,**
**फर्रुखाबाद**

# प्रशिक्षण पर आये आईएएस अधिकारियों ने सरकारी संस्थानों का किया निरीक्षण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रशिक्षण पर आए आईएएस अधिकारियों की टीम ने विभिन्न सरकारी संस्थानों का निरीक्षण किया। टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, परिषदीय विद्यालय और एमआरएफ सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीएचसी के वॉशरूम में गंदगी और पानी बंद मिलने पर अधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त की तथा व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये।

**▸ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शौचालय का वॉशबेसिन गंदा देख जतायी नाराजगी**

जानकारी के अनुसार गुरुवार को प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों में शंकर पांडेयान, खेतदान, अक्षय, नंदना, गौरव, सिद्धार्थ, दिव्यांशी, कृष्णकांत, राहुल चौधरी, साई भार्गव, आदित्य और प्रवीन जाधव आदि नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। जहां चेयरमैन डॉ0 शरद गंगवार ने उनका स्वागत किया। इसके बाद टीम तहसील रोड स्थित परिषदीय विद्यालय कुकीखेल पहुंची। अधिकारियों ने बच्चों से उनकी पढ़ाई और कक्षा संबंधी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि स्कूल शिक्षा मित्रों के हवाले चल रहा है और आठ स्कूलों में मात्र एक स्थायी शिक्षक तैनात है। टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का भी दौरा किया। अधीक्षक डॉ0 शोभित कुमार ने बताया कि अस्पताल में रोजाना 600 से अधिक ओपीडी होती है और हर महीने लगभग 400 प्रसूताओं का प्रसव कराया जाता है। एक प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता के बावजूद मरीजों द्वारा बाहर से दवाएं खरीदने का कारण पूछा। जिस पर अधीक्षक ने बताया कि कई मरीज बाहर से इलाज कराकर आते हैं। जिनकी दवाएं यहां उपलब्ध नहीं होतीं। सीएचसी में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। शौचालय में पीक से सने वॉशबेसिन को देखकर एक अधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने वॉशबेसिन की टोटी खोलकर पानी जांचा, तो पानी नहीं निकला। इस पर अधीक्षक ने सफाई दी कि किसी ने पानी बंद कर दिया है। हालांकि टीम डिलीवरी रूम की सफाई व्यवस्था से संतुष्ट नजर आई। इसके बाद प्रशिक्षु आईएएस टीम लुधईया गांव के पास अचरा रोड स्थित एमआरएफ सेंटर पहुंची। वहां उन्होंने कूड़े से जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया देखी। बताया गया कि चार किलो का जैविक खाद का पैकेट 60 रुपए में तैयार होता है। टीम ने नगर से आने वाले मिक्स कूड़े को अलग करने की प्रक्रिया और कटिंग मशीन कक्ष का भी निरीक्षण किया। मशीन बंद मिलने पर अधिकारियों ने उसे चालू करने के निर्देश दिए। जिस पर कर्मचारी ने बिजली समस्या की जानकारी दी। निरीक्षण के बाद प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। इस दौरान टीम ने पौधारोपण भी किया। टीम के नगर में आने से पहले ही नगर पालिका द्वारा शौचालयों को दुरुस्त कराया गया। फुटपाथों से अतिक्रमण हटवाया गया। नगर में सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलगालिब पर बने सेल्फी प्वाइंट हेडगेवार चौक का भी सुंदरीकरण कराया गया।



टीम के अधिकारियों को सम्मानित करते चेयरमैन



विद्यालय का निरीक्षण करते प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी

# ग्राम पंचायत ज्यौना में लगा पशु आरोग्य मेला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत ज्यौना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर पशु मेले में 100 से अधिक पशुओं का रजिस्ट्रेशन व उनका चेकअप कर उन्हें निःशुल्क दवायें वितरित की गयीं। आरोग्य मेले में सैकड़ों पशु स्वामी अपने-अपने जानवर लेकर पहुंचे।

पशुओं स्वामियों को चिकित्सकों ने पशुओं में होने वाले रोगों व उनकी रोकथाम के बारे में जानकारी दी। पशु चिकित्सकों ने कहा कि इस समय सर्दी का मौसम है। ऐसे में पशुओं को गर्म वातावरण में रखें और उनका अच्छी तरह से ध्यान रखें, क्योंकि पशुओं में सर्दी लगने से उनके बीमार होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 बी.पी. सिंह, ग्राम पंचायत के प्रधान, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हेम सिंह लोधी, विवेक चतुर्वेदी, मुनेश सक्सेना, बबलू यादव एवं सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।



पशु आरोग्य मेले का शुभारंभ करते कमल भारद्वाज व अन्य

## बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारण में राजकीय एवं अनुदाति विद्यालयों को मिलेगी वरीयता

**वित्तविहीन स्कूल मेरिट के आधार पर बनेंगे सेंटर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की बोर्ड परीक्षाओं हेतु परीक्षा केंद्र बनाने की तैयारियां शुरु हो गयी हैं। केंद्र बनाये जाने में राजकीय एवं अनुदानित विद्यालयों को प्राथमिकता दी जायेगी। इसके अलावा वित्तविहीन विद्यालयों को मेरिट के आधार पर परीक्षा केंद्र बनाया जायेगा। इस हेतु दस बिन्दुओं के आधार पर अंक निर्धारित किये गये हैं।

हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 2026 नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। पहले उसने बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम (स्कीम) जारी कर दिया है। अब परीक्षा केंद्र बनाने की तैयारी शुरु कर दी है। सभी विद्यालयों से परिषद की बेबसाइट पर मूलभूत सुविधायें जैसे छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था, आवागमन मार्ग की स्थिति समेत अन्य संबंधित सूचना अपलोड कराने का कार्य शुरु हो गया है। परीक्षा केंद्र बनाये जाने में राजकीय एवं अनुदाति विद्यालयों को प्राथमिकता दी जायेगी। इसके बाद अगर केंद्रों की आवश्यकता होगी, तो वित्तविहीन विद्यालयों को मेरिट के आधार पर परीक्षा केंद्र बनाया जायेगा। वित्तविहीन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने हेतु इंटर स्तर विद्यालयों को 20 अंक एवं हाईस्कूल स्तर के विद्यालय को 10 अंक मेरिट हेतु निर्धारित किये गये हैं। जिसमें शिक्षण कार्य में प्रयोग होने वाले पक्के कमरे, फर्नीचर, सी.सी.कमरों की स्थिति समेत दस बिन्दुओं की अंकों की मेरिट निर्धारित की गयी है। जिन स्कूलों में प्रबंधक व प्रधानाचार्य में विवाद है वह किसी भी हालत में परीक्षा केंद्र नहीं बनेंगे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा दल ने किया जागरूक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में महिला सुरक्षा विशेष दल ने गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया। नगर के मुख्य बाजार मार्ग पर बालिकाओं को सरकारी हेल्पलाइन नंबरों और सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। दल ने उन्हें बताया कि आपातकालीन स्थितियों में वे किन नंबरों का उपयोग कर सकती हैं और इन नंबरों का प्रयोग कब और कैसे करना है।

प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों में महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 शामिल थे।

छात्राओं को बताया गया कि पुलिस सहायता की आवश्यकता महसूस होने पर वे तुरंत इन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं। पुलिस तत्काल उनकी मदद के लिए उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त सुरक्षा से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गईं। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कस्बा इंचार्ज गीतम सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



छात्राओं को जागरूक करती पुलिस

# सर्राफा व मेडिकल की दुकान से चोरों ने लाखों की नगदी व जेवर किए पार



जांच पड़ताल करते एएसपी व पुलिस फोर्स



सर्राफा की दुकान में टूटी पड़ी गोलक

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने ज्वैलर्स व मेडिकल स्टोर की दुकान से हजारों की चोरी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

ब्लॉक मोहम्मदाबाद के पखना बाजार से बीती रात्रि अज्ञात चारों ने चौकी पखना से महज एक किलोमीटर दूर गोविंद ज्वैलर्स की दुकान का गाटर की सहायता से शटर तोड़ दिया तथा दुकान की तिजोरी उठाकर बाहर ले गए। तिजोरी में रखे 70000 रुपया एवं लगभग 6 लाख के सोने व चांदी के जेवरात पार कर दिए। गोविंद ज्वेलर्स के मालिक बेवर निवासी संजय सोनी ने बताया कि वह कल शाम 7:00 बजे दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे। सुबह आसपास के दुकानदारों ने सूचना दी। अज्ञात चोर सीसीटीवी में कैद हुए हैं। चोरों ने चेहरे पर रुमाल बांधकर रखा हुआ था। वहीं दूसरी घटना में बनकटी निवासी विकास परिहार का पखना चौकी के से 50 मीटर दूर विकास मेडिकल स्टोर के नाम से दुकान है बीती रात चोर दुकान के पीछे से छत पर आए तथा जीने में नकब लगाकर दुकान के गोलक में रखे 1,80000 रुपए पार कर दिए। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा, प्रभारी निरीक्षक, एसओजी टीम, फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

## डीएम ने GBC@5.0 हेतु ली विभागों की समीक्षा बैठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आगामी GBC@5.0 हेतु जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति हेतु समस्त विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जनपद के निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने वाले संबंधित विभाग उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जनपद में निवेश की प्रगति करना सुनिश्चित करें।

# सीएचसी पर पहुंचे सर्दी, खांसी, एलर्जी के मरीज



सीएचसी में दवा वितरण बिन्डो पर दवा लेते ग्रामीण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सर्दी, खांसी, जुकाम, एलर्जी से पीड़ित करीब 200 मरीज दवा लेने पहुंचे। चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर दवायें वितरित कीं। जानकारी के अनुसार बदलते मौसम के कारण मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। नवाबगंज नगर के स्वास्थ्य केंद्र पर प्रतिदिन लगभग 200 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भी सुबह से दोपहर तक अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें देखी गई। अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीजों में वायरल बुखार, सर्दी जुकाम, खांसी, एलर्जी और सिरदर्द जैसे लक्षण पाए जा रहे हैं। मौसम में अचानक ठंडक और फिर तेज धूप निकलने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। चिकित्साधिकारी डॉ0 लोकेश शर्मा ने बताया कि मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने पुष्टि की कि ओपीडी में मरीजों की संख्या 200 तक पहुंच रही है। डॉ. लोकेश शर्मा के अनुसार अस्पताल आने वाले सभी मरीजों की उचित जांच कर उन्हें दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# किसानों को पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक खादों की दी गयी जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद के ग्राम हरकमपुर में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक खादों के बारे में जानकारी दी गयी।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को मोहम्मदाबाद स्थित ग्राम हरकमपुर में एक किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सहकारी गोदाम के सचिव ब्रजभान सिंह यादव व इफको के मैनेजर प्रदीप सिंह मौजूद रहे। संगोष्ठी के दौरान इफको मैनेजर प्रदीप सिंह ने किसानों को तरल खाद (लिक्विड फर्टिलाइजर) के महत्व और उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एनपीके और अन्य आधुनिक खादों पर प्रकाश डाला। प्रदीप सिंह ने बताया कि इन उन्नत खादों के प्रयोग से किसानों को अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिलेगी। जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने बताया कि किसान जानकारी के अभाव में अच्छी उपज नहीं ले पाते हैं। इसलिए उन्हें नई-नई तकनीकों का प्रयोग करना चाहिए। जिससे उनकी पैदावार बढ़ेगी और उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।




किसानों को जानकारी देते इफको के मैनेजर प्रदीप सिंह

# मृतक चालक के परिजन पहुंचे थाने, हत्या का आरोप लगाकर दी तहरीर

**▸ बीते दिन रोटावेटर से कटकर अवनीश कुशवाहा की हुई थी मौत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में एक ट्रैक्टर चालक की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के परिजनों ने गुरुवार को थाने पहुंचकर नामजद लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। उनका दावा है कि ट्रैक्टर के किराए को लेकर हुए विवाद के चलते उनके बेटे की रंजिशन हत्या की गई है।

जानकारी के अनुसार घटना 7 नवंबर की है। जब ट्रैक्टर चालक अवनीश कुशवाहा की रोटावेटर से कटकर मौत हो गई थी। मृतक के पिता बेचेलाल ने गुरुवार को थाने में दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा अवनीश कुशवाहा ट्रैक्टर चलाकर जीवनयापन करता था। वह गांव नैनिया नगला नेकपुर खुर्द निवासी व्यक्ति का खेत जोतता था और फसल मंडी तक ले जाता था। बेचेलाल के अनुसार करीब एक माह पहले ट्रैक्टर के किराए के 30,000 रुपये को लेकर दो व्यक्तियों से अवनीश का झगड़ा हुआ था और उसे पीटा भी गया था। 7 नवंबर की शाम करीब 6 बजे अवनीश को गांव नैनिया नगला निवासी एक व्यक्ति ने खेत जोतने के लिए बुलाया था। अवनीश ट्रैक्टर रोटावेटर लेकर खेत पर गया था। परिजनों का आरोप है कि वहां नामजद आरोपियों ने मिलकर रंजिशन अवनीश की हत्या कर दी। बेचेलाल को 7 नवंबर की रात 11 बजे घटना की जानकारी मिली। जब वे मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनके बेटे का सिर रोटावेटर में पीछे से फंसा हुआ था। घटनास्थल पर पुलिस भी मौजूद थी। परिजनों ने बताया कि जिस व्यक्ति ने अवनीश को खेत जोतने के लिए बुलाया था वह मौके से फरार था। पीड़ित परिवार ने जानबूझकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है। मऊदरवाजा थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।



थाने में पुलिस से बातचीत करते मृतक के परिजन

# जिलाधिकारी ने की कर करेत्तर की समीक्षा

**▸ विभागों की लक्ष्य से कम पायी गई वसूली**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली लक्ष्य से अत्यंत कम पाई गई। स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई। आबकारी विभाग की बसूली कम पाई गई। परिवहन विभाग का बसूली लक्ष्य से अधिक पाई। खनन विभाग की बसूली अधिक पाई गई। डीएम ने खनन अधिकारी को प्रवर्तन कार्य मे सख्ती बरतने व तेजी लाने के निर्देश दिए, विद्युत विभाग की वसूली अच्छी पाई गई। नगर पंचायत कंपिल, नगर पालिका कायमगंज, कमालगंज व फर्रुखाबाद की बसूली लक्ष्य से कम पाई गई। डीएम ने निर्देशित किया कि खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, स्टाम्प व निबंध, मंडी विभाग प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये, जिन विभागों की बसूली कम है वह बढ़ाये, डीएम ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड के पैरामीटर चेक करेंगे व उसमे सुधार लायेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सभी उपजिलाधिकारी व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान मौजूद डीएम व अन्य

# किसानों के समझौते के बाद गन्ना तौल हुई शुरू

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गन्ना क्रय केंद्र पर अधिक सुविधा शुल्क लेने पर किसानों ने हंगामा काटा। किसानों की आवाज पर किसान नेता गन्ना क्रय केंद्र पर पहुंचे और तौल कराई, बंद चीनी मिल के कर्मचारी आने के बाद किसान और कर्मचारियों में वार्ता हुई। दोनों की सहमत के बाद तौल शुरू हुई।

रूपापुर चीनी मिल का गन्ना क्रय केंद्र फैजबाग में बनाया गया था। जिसमें तौल होने के बाद ट्रैक्टर ट्राली से गाना के उत्तराई को लेकर बुधवार को किसानों और हाइड्रा चालक से विवाद हो गया था। हाइड्रा चालक ने 200 लेने के लिए कहा, किसानों ने 200 देने से इनकार कर दिया। किसानों ने इसकी सूचना भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रचार मंत्री राजेश गंगवार को दी। राजेश गंगवार किसानों के साथ केंद्र पर पहुंचे और 200 न देने की बात कह कर नारेबाजी करने लगे। इसकी सूचना चीनी में रूपापुर के कर्मचारियों को मिली। गुरुवार सुबह केंद्र फैजबाग पहुंचे और किसानों से वार्ता कर 100 उतराई पर किसान तैयार हुए। इसके बाद तौल चालू हुई। क्रय केंद्र के तौल बाबू अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 450 कुंतल गन्ना तौला गया है, दो ट्रक भरकर गन्ना चीनी मिल को भेज दिया है, और जो ट्राली रह गई है सुबह तौल की जाएगी।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार युवक घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बेकाबू बाइक सवार ने साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को थाना कमालगंज क्षेत्र के रजीपुर स्कूल के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने एक साइकिल सवार युवक राजीव कुमार उम्र करीब 30 वर्ष जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राजीव कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर काफी राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गयी।

राहगीरों ने घटना की सूचना 108 एंबूलेंस को दी, लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद जब एंबूलेंस नहीं पहुंची, तो घायल को एक टेंपो से सीएचसी भेजा गया। घटना की सूचना घायल की पत्नी संध्या को दी गयी। सूचना मिलने पर पत्नी संध्या सीएचसी पहुंची। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी हालत बिगड़ने लगी। चोट की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे उपचार के लिए तत्काल लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार पहुंच गये। पुलिस ने बाइक चालक को हिरासत में ले लिया है।



सीएचसी से रेफर किये गये घायल को लोहिया ले जाते परिजन

# मेला श्रीराम नगरिया एवं विकास प्रदर्शनी की तैयारियों के संबंध में डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**▸ मीडिया सेल सहित समितियों का किया गया गठन**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 3 जनवरी 2026 से 03 फरवरी2026 तक लगने वाले मेला श्री राम नगरिया एवं विकास प्रदर्शनी की तैयारियों के सम्बंध में मेला समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

डीएम ने बताया गया कि मेला श्रीरामनगरिया में व्यवस्थाओं हेतु सांस्कृतिक समिति, निविदा आमंत्रण समिति, दुकान/भू-आवंटन समिति, आय व्यय समिति, अस्थायी शौचालय समिति, चिकित्सा व्यवस्था समिति, सफाई व्यवस्था समिति, यातायात/

परिवहन व्यवस्था समिति, विकास प्रदर्शनी समिति, खाद्य सामिग्री रसोई गैस व खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं पूर्ति समिति, समतलीकरण समिति, कानून व्यवस्था समिति व मीडिया सेल समिति का गठन किया गया है। पेयजल की व्यवस्था पूर्व की भांति ही रहेगी, विशेष पर्वो पर नगर पालिका के वॉटर टैंकर भी लगाये जायेंगे।

मेला क्षेत्र में लगाये जाने बाले बिजली के केबिल इंसुलेटेड हो, खोया पाया केंद्र बनाया जाये, साउंड की व्यवस्था अच्छी क्वालिटी की हो, मेले में लगाये जाने बाले कैम्प कार्यालय की गुणवत्ता अच्छी हो, पैंटून पुल के दोनों किनारो पर बैरीकेटिंग की जाये व पानी गहरा है के चेतावनी बोर्ड लगाये जाये, मेले में लगाये जाने बाले बालेंटियर को ड्रेस उपलब्ध कराई जाये। डीएम ने निर्देशित किया कि पूरे मेला क्षेत्र में रोटेशन के अनुसार मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाये, मोबाइल टॉयलेट लगाये जाने व उनकी समुचित सफाई की व्यवस्था की जाये, पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाये जाये। मेले के उपरांत मेला क्षेत्र की सफाई की शर्त टेंडर में रखी जाये, मीडिया कैम्प का डेकोरम सही रहे, सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का सही से समतलीकरण कराया जाये, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तीनों विधा के चिकित्सा कैम्प लगाने, एम्बुलेन्स की तैनाती व सभी सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों को अलर्ट पर रखने के लिये निर्देशित किया गया। पूरे मेला क्षेत्र में एन्टी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग नियमित रूप से कराई जाये, सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था करने व अग्निशमन वाहन की तैनाती की जाये व मॉनिटरिंग के लिये अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाये, नावों पर मालिक, नाविक का नाम व बैठने की क्षमता का अंकन कराया जाये व लाइफजैकेट रखे जाये। सभी दुकानों में अग्निशमन यंत्रो की व्यवस्था रखी जाये, मंच व मनोरंजन क्षेत्र की विद्युत, फायर, सुरक्षा की एनओसी ली जाये। पूरे मेला क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त जोन बनाया जाये, सभी तैयारियां 15 दिसंबर तक पूर्ण कर ली जाए।डीएम ने विकास प्रदर्शनी में समूहों की दुकानें लगवाने के निर्देश दिये। बैठक में कमेटी सदस्यों द्वारा मांग की गई कि विकास प्रदर्शनी पूरे समय चले, जिला गंगा समिति व पर्यटन विभाग के स्टाल लगाये जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, एडीएफओ, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिलारी सदर, वरिष्ठ कोषाधिकारी, कमेटी के पदाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य


बैठक में मौजूद बैंकों के मैनेजर

## लोक अदालत के लिए बैंक संबंधित 4211 मामले चिन्हित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी 12 दिसम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में तैयारी बैठक अपर जिला जज सचिव संजय कुमार के विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज संजय कुमार ने किया। बैठक में बैंक ऋण अदायकी से संबंधित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित किये जाने एवं उनका निस्तारण किये जाने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैंक ऋण अदायकी के विभिन्न बैंकों द्वारा अब तक कुल 4211 मामले चिन्हित किये जा चुके है। बैठक में एलडीएम बीडी वर्मा, शिखा गंगवार, सतीश कुमार, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, नीरज, अनुराग, अमित गौतम, हर्षित मिश्रा, विकास वर्मा, सुरेन्द्र कुमार, आशुतोष जायसवाल आदि बैंक मैनेजर मौजूद रहे।

# राष्ट्र भाषा हिन्दी भारत की आत्मा: डॉ. वंदना द्विवेदी



गोष्ठी में मौजूद वक्तागण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हिन्दी साहित्य भारती फर्रुखाबाद शाखा की गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि हिन्दी साहित्य भारती की उपाध्यक्ष प्रो0 डॉ. वंदना द्विवेदी ने हिन्दी साहित्य के समृद्ध इतिहास एवं प्रचार-प्रसार के साथ उन्नयन हेतु प्रकाश डाला। राष्ट्र भाषा हिन्दी भारत की आत्मा है। इसके बिना उन्नति का अवधारणा बेमानी है। उन्होंने कहा कि निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के मिटै न हिय को शूल। राष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अम्बर ने कहा कि मातृ भाषा ही सभी प्रकार की उन्नति का मुख्य आधार है। डॉ. रजनी सरीन ने कहा कि हिन्दी है, हम हिन्दी वतन है, हिन्दोस्तां हमारा। मातृ भाषा ज्ञानोपार्जन का सबसे सरल एवं सशक्त माध्यम है। संचालन जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अंजुम दुबे ने किया। इस अवसर पर आलोक रायजादा, डॉ. संदीप चतुर्वेदी, अवनीन्द्र कुमार, शिवम दीक्षित, शिवांश गुप्ता, गुंजा जैन, प्रीती रायजादा, डॉ. शशिकिरण सिंह, डॉ. कृष्णकांत अक्षर आदि लोग मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत नारी सशक्तिकरण की बालिकाओं को दी गई जानकारी



विद्यार्थियों को जागरुक करती निर्मला राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मिशन शक्ति अभियान 5.0 बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जन जागरूकता अभियान राष्ट्रीय जनता इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में किया गया। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़वीमेन की जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत ने बालिकाओं को जागरूक कर उन्हें हेल्पलाइन नंबर एवं नारी सशक्तिकरण के बारे में जागरुक कर उन्हें स्वावलंबन के बारे में जानकारी दी। सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। जैसे की बेटी बचाओ बेटी-पढ़ाओ योजना के मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, चाइल्ड लाइन के बारे में बताया गया। वन स्टाफसेंटर के बारे में भी अवगत कराया गया। थानाध्यक्ष रक्षा सिंह ने साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य एवं गीता सिंह सोमवंशी अध्यापिका उपस्थित रहे। बालक-बालिकाओं को जागरूक कर उनके अधिकार बताए गए।

# ब्रह्माकुमारी केंद्र पर मनाया गया बाल दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस की पूर्व संध्या पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम निवास जटवारा जदीद सेवा केंद्र पर चाचा नेहरू का जन्मदिवस मनाया गया। राजयोगिनी बीके शोभा बहन ने कहा कि बच्चों को हंसना खेलना और सीखना हमारे समाज की नई पीढ़ी के लिए अति आवश्यक है, क्योंकि आज के बच्चे ही कल के नेता, अभिनेता, वैज्ञानिक, कल के कलाकार और समाज के निर्माणकर्ता बनेंगे। उन्होंने कहा कि हमें इन बच्चों को सबसे अच्छी नैतिक शिक्षा और उनकी देखरेख साथ-साथ प्यार भी देना चाहिए। एकता बहन ने कहा बच्चे हमारी दुनिया का भविष्य है, इसलिए उनको अच्छी दिशा की ओर प्रेरित करना हम सब का दायित्व बनता है। पूनम बहन ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष में बच्चों को एक लक्ष्य देकर पक्का अच्छाई का संकल्प कराना चाहिए। प्रिंसी बहन ने कहा कि आज हमारे बीच सबसे चमकीले चैतन्य सितारों का उत्सव है, हमारे बच्चे आप में से हर एक दुनिया में खुशी जिज्ञासा और रचनात्मक की एक अनोखी चिंगारी ला देता है। सीमा बहन ने कहा कि बाल दिवस हमें इस बात की याद दिलाता है कि हमें अपने सपनों को साकार करना और अपनी कल्पनाओं को ऊंची उड़ान देना कितना महत्वपूर्ण है। रीता बहन ने कहा कि भारत के शिक्षकों का कर्तव्य है कि वह हमारे बच्चों की सोचने की और काम करने की शक्ति में इस तरह का परिवर्तन लाएं कि यही बच्चे बड़े होकर सदाचारी और योग्य नेता सफल उद्योग, कलाकार, ईमानदार, इंजीनियर, डॉक्टर, देशभक्त सैनिक, कर्मचारी अथवा व्यापारी बन सके। शोभा बहन ने बच्चों के अधिकारों शिक्षा और कल्याण के महत्व को कैसे उजागर करें।


बाल दिवस कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

# मिशन वात्सल्य की बैठक में अपराधों के प्रति किया गया सतर्क

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकासखण्ड राजेपुर में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी सुनील जायसवाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में ब्लॉक स्तर पर बच्चों के संरक्षण और भागीदारी के अधिकार एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु एजेंडे में निर्धारित बिंदुओं यथा बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल ट्रैफिकिंग आदि की रोकथाम पर चर्चा की गई।

खण्ड विकास अधिकारी सुनील जायसवाल ने बच्चों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओ जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) आदि के संबंध में लाभान्वित कराए जाने एवं ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठक कराकर गांव समुदाय में कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को चिन्हित करने हेतु कहा गया। जिससे उनको उक्त कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से अवश्य जोड़ें और बच्चों के उचित पालन पोषण पर ध्यान दे। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, इमरजेंसी नम्बर 112, 108, 102, 1090, 18 और कहा कि अपने बच्चों तथा अपने आस पास के बच्चों को शिक्षा दें कि यदि उनके साथ कुछ गलत व्यवहार हो रहा हो, तो वे अपने माता पिता अथवा अभिभावक को जरूर सूचित करें। जिससे कि बच्चों को किसी बड़ी मुसीबत में पड़ने से रोका जा सके। सचिन सिंह ने साइबर अपराधों से सतर्क रहने को कहा और बताया कि अक्सर बच्चों के द्वारा अंजान लिंक को क्लिक कर दिया जाता है, जिससे बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा धनराशि निकाल ली जाती है।

बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी राजीव श्रीवास्तव, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक श्याम बाबू, सहायक विकास आधिकारी पंचायत अजीत कुमार पाठक, सुपरवाइजर लक्ष्मी राजपूत, आंकड़ा विश्लेषक सुनील वर्मा, आउटरीच कार्यकर्ता संदीप सक्सेना, आकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।


सम्बोधित करते सचिन सिंह

# फुंका ट्रांसफार्मर लगाने पर जेई के खिलाफ किसानों ने खोला मोर्चा

**▸ ग्राम प्रधान पर लगा पीएम आवास के नाम पर रुपये लेने का आरोप**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सत्यराम राजपूत के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि नये विद्युत कनेक्शन पर विद्युत विभाग द्वारा फुंके हुए ट्रांसफार्मर को लगाये जाने की जांच की मांग की है। अरुणा मिश्रा पत्नी प्रभाकांत मिश्रा निवासी आलू मण्डी सातनपुर ने विद्युत विभाग द्वारा नया विद्युत कनेक्शन करवाया। जिससे अवर अभियंता जेई अनिल गौतम व अन्य कर्मचारियों द्वारा स्टीमेट बनाया गया। जो खर्चा 1.20 लाख का था, जो प्रार्थी ने दे दिये। प्रार्थी को ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं कराया गया। प्रार्थी के पति प्रभाकांत ने अधिशासी अभियंता से सम्पर्क किया तो उन्हें 10 हजार रुपये और मांगे, और बताया कि अधिकारियों का हिस्सा देना होता है। रुपये दे न पाने की स्थिति में जेई ने प्रार्थिनी के यहां फुंका हुआ ट्रांसफार्मर रखवा दिया। जेई ने न तो ट्रांसफार्मर बदला और कहा कि बिना पैसा नया ट्रांसफार्मर रखा जायेगा। इस संबंध में जांच कराने की मांग की गई है। वहीं दूसरे ज्ञापन में ग्राम पंचायत कुंवरपुर खास ब्लाक कायमगंज के प्रधान सचिन राजपूत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 20 से 30 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की वसूली की जा रही है। जिसकी जांच करने की मांग की गई है। ग्राम प्रधान पर दबंगई का आरोप लगाया गया है। पहली किश्त पर पांच हजार रुपये व दूसरी किश्त पर अन्य पैसा वसूला जा रहा है। इस मौके पर कई किसान नेता मौजूद रहे।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते किसान नेता

## स्कूल की छत पर बिस्तर मिलने से चर्चाओं का बाजार गर्म

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिविलियन विद्यालय की छत पर बिस्तर पड़े होने की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर ग्राम प्रधान और ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

थाना क्षेत्र के गांव दुबरी सिविलियन विद्यालय पर सुबह ग्रामीणों ने विद्यालय के शौचालय में शराब की बोतल और क्वार्टर पड़े देखे तो शक के आधार पर छत पर भी चढ़कर देखा तो बिस्तर पड़ा था, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। सहायक अध्यापक शशिकांत में सूचना इंचार्ज प्रधानाध्यापक राहुल को दी।

सूचना पर ग्राम प्रधान रजनीश चौहान मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा जायेगा।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

नवंबर माह यातायात माह के अंतर्गत भगवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी/नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज के छात्र/छात्राओं द्वारा आज बाबूलाल ट्रैफिक चौराहा बांदा पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जागरूकता संबंधी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से उपस्थित जनों को एवं सड़क से गुजरने वाले दो पहिया,चार पहिया वाहन चालकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक कर नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज ने छात्र/छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें नाबालिक अवस्था में वाहन न चलाने की अपील की गई तथा हेलमेट सीट बेल्ट की महत्ता को अपने घर में परिवार के साथ जरूर साझा करने के विषय में बल दिया ,सहायक पुलिस अधीक्षक मेविश टॉक ने छात्राओं को सुरक्षित सफर के साथ ही यातायात नियमों के पालन में बढ़ चढ़कर सहयोग करने की अपील की एवं बच्चों के द्वारा यातायात सुरक्षा संबंधी किए गए नुक्कड़ नाटक की सराहना की,पीटीओ वीरेन्द्र राजभर कहा कि प्रतिदिन वाहनों की चेकिंग परिवहन विभाग और यातायात विभाग के द्वारा की जाती है और उनको जागरूक करने का कार्य किया जाता है सभी लोग नियमों का पालन करें।

# जमीनी विवाद में दबंगों ने दो भाईयों को पीटा


अस्पताल में मौजूद घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर दबंगों ने दो भाईयों को मारपीट कर घायल कर दिया।

जिससे दोनों भाई घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव इजौर निवासी रामआसरे पुत्र शंकर लाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि कृषि भूमि आराजी मौजा इजौर गाटा स0-94- अ रकवा लगभग-6ए वीघा पुस्तैनी है। सरकारी नापजोप के लिए उपजिलाधिकारी कायमगंज के यहां वाद दायर किया। दो बार पक्की पैमाइश लेखपाल व कानूनगो द्वारा की जा चुकी है। दूसरी पक्की पैमाइश कानूनी तौर पर लेखपाल व कानूनगो द्वारा 15 को होनी है। भूमि पर राजीव, संजय व सूरज व दिवाकर पुत्रगण शीशराम एवं यादरामए व अनील व अमित तथा सुनील पुत्रगण रतीराम व नरसिंह, पुत्र परमू व संतराम पुत्र कुंवर सिंह आदि लोग जबरियां कब्जा कर नीव भरवा रहे है। जिसका विरोध करने पर उक्त लोग लाठी-डंडा लेकर आये और मुझे मारने पीटने लगे। बचाने आये छोटे भाई जगदीप को भी मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग आ गये जिन्होंने बचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया।

## धीरेन्द्र शास्त्री का पुतला फूंकने जाते भीम आर्मी को थानाध्यक्ष ने रोका


भीम आर्मी के कार्यकर्ता से पुतला लेते थानाध्यक्ष

**▸ पुतला लेकर कार्यकर्ता का शांतिभंग में किया गया चालान**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बागेश्वरधाम के प्रमुख धीरेन्द्र शात्री देश में हिन्दू राष्ट की मांग कर रहे है। कोतवाली क्षेत्र ग्राम रायपुर में बौद्ध भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ताओ ने विरोध करते हुए पुतला फूंकने पहुचे थे। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद कामिल ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से पुतला छीनकर कब्जे में ले लिया और विरोध प्रदर्शन को रोका। इस दौरान भीम आर्मी के जैकी जाटव, सादिक खान, सचिन जाटव, रवि जाटव, अमरकान्त सहित अन्य कर्यकर्ता मौजूद रहे। बताते चले कि भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ता रजनीश गौतम निवासी जिजपुरा ने सोशल मीडिया पर पुतला दहन करने का ऐलान किया था, पुलिस ने गिरफ्तार कर शांतिभंग की कार्यवाही की।

# जीजीआईसी में आग बुझाने के लिए की गई मार्कड्रिल


आग बुझाने के तरीके बताते अग्निशमन अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत अग्निशमन द्वितीय अधिकारी आशीष वर्मा, लीडिंग फायरमैन विनोद सिंह, फायरमैन स्मृति कौशल द्वारा गैस सिलेण्डर में आग लगने पर बचाव हेतु मॉकड्रिल अग्नि सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को आग लगने की स्थिति में सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया तथा अग्निशमन यंत्र के प्रयोग की सही जानकारी प्रदान करना था। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न प्रकार के फायर सिलेंडरों का प्रयोग कर आग बुझाने के व्यावहारिक प्रदर्शन किए तथा बताया कि किस परिस्थिति में किस प्रकार का सिलेंडर उपयोग किया जाता है। उन्होंने आग लगने पर घबराने की बजाय सुरक्षित ढंग से स्थिति संभालने, बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने और तुरंत विभाग को सूचना देने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास दोनों को बढ़ाते हैं। छात्राओं को करियर हेतु गाइडेंस भी किया गया। सरिता त्रिवेदी, शैलजा मौर्य, अर्चना गुप्ता, मोनी चौहान, दीप्ति सिंह, मीनाक्षी आदि शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों की जानकारी प्राप्त की।

## गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव 14 नवम्बर शाम 5 बजे विद्यालय प्रांगण में मनाया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पर्यटन व प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह होंगे। यह जानकारी प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल ने दी है।


## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद- फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 466/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0-न0नि0ई0नि0सू0/2025-26 दिनांक 13/11/2025

### ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित विकास कार्य काये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 14.11.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांकः 21.11.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्न प्रकार हैं-

विस्तृत शर्ते विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पं0कम्पिल/2025-26 |
|---|---|
| Publish Date And Time For E-Bids | 30.09.2025 10:00 A.M. |
| Start Date And Time For E-Bids | 30.09.2025 10:00 A.M. |
| Last Date & Time For Submission of E-Bids | 07.10.2025 05:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 08.10.2025 11:00 A.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Bid Opening Online at Executive Officer Office, Nagar Panchayat Kampil, Farrukhabad |

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल
फर्रुखाबाद।

(राजवती यादव)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कम्पिल
फर्रुखाबाद।

# उपस्थिति में लापरवाही पर डीएम सख्त, मांगा स्पष्टीकरण

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

- जिलाधिकारी ने बीडीओ कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जनपद के समस्त बीडीओ की औचक जांच की
- जांच के दौरान दो खंडविकास अधिकारी मिले अनुपस्थित
- भविष्य में कार्रवाई की दी चेतावनी



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के सभी खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) की उपस्थिति की औचक जांच की। जांच के दौरान बीडीओ परतावल और घुघली अपने-अपने कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और दोनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

वहीं बीडीओ निचलौल सुश्री शमा सिंह कार्यालय में उपस्थित न होकर ब्लॉक परिसर में डुप्लीकेट मतदाता सूची के निरीक्षण में व्यस्त पाई गईं। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दर्शन के समय अधिकारी केवल जनता की समस्याओं के समाधान पर ध्यान दें, अन्य कार्य अपरिहार्य स्थिति में ही किए जाएं। जिलाधिकारी शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक विकास खंड में प्रतिदिन प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक जनता दर्शन अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि आमजन अपनी शिकायतें सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण ही शासन की प्राथमिकता है। डीएम ने कहा कि कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों की प्रभावी निगरानी और क्रियान्वयन तभी संभव है जब अधिकारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहें। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में उपस्थिति या कार्य निष्पादन में लापरवाही मिलने पर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि वे न केवल स्वयं समय से कार्यालय पहुंचें बल्कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति और ग्राम स्तर पर कार्यों की निगरानी भी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि अधिकारी जनता से संवाद स्थापित करें, शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण करें और अपने क्षेत्रीय भ्रमण की रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी के इस कदम से अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि जिलाधिकारी द्वारा यह कार्रवाई कार्यालयों में समय से उपस्थित न होने की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनज़र की गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 30 अक्टूबर को भी डीएम ने एसडीएम व जिलास्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति की जांच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की थी।की ली औचक जांच, दो अनुपस्थित पाए गए।

# हनुमान मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन सम्पन्न

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरा तहसीलदार के खेल मैदान परिसर में बीते बुधवार को श्री श्री हनुमान मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम धार्मिक रीति रिवाज से संपन्न हुआ।

भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुजारी योगेन्द्र पांडेय ने कराया। इस दौरान श्री श्री नव हनुमान मंदिर समिति नव युवक दल के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि गांव में बनने वाला बजरंगबली का मंदिर भव्य और आकर्षक होगा।

नव युवक मंगल दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि मंदिर निर्माण में पूरा गांव एकजुट होकर सहयोग करेगा ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह धार्मिकस्थल श्रद्धा और आस्था का केंद्र बन सके। कार्यक्रम के अंत में पूरा क्षेत्र जय बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। भूमिपूजन से पहले सहयोगी नवयुवक दल के प्रमुख सदस्य डॉ कृष्णा निषाद, सत्यम साहनी, अमृतलाल निषाद, कृष्णा निषाद, शिवम् गुप्ता, सत्यम गुप्ता, दिवाकर गुप्ता, राज गौड़, आकाश निषाद, राकेश निषाद, अभिषेक निषाद, संतराम गौड़, अशू एवं दीपक निषाद के कठिन परिश्रम का यह परिणाम रहा।स्थानीय लोगों ने नव युवक दल के युवाओं का हौसला-अफजाई करते हुए कहा कि आप सभी का योगदान प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायक है।

इस दौरान कल्पनाथ गौड़, संतराम, अशोक, रामाशंकर, शिवकुमार, अनिल, धर्मेन्द्र, राजू, संतोष, पंचम सहित पूरा क्षेत्र मौजूद रहा।

## खबरें एक नजर में

### फरेन्दा को जिला बनाने के लिए चला हस्ताक्षर अभियान

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** फरेन्दा को जिला बनाने को लेकर दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के बीच चला हस्ताक्षर अभियान। फरेन्दा जिला बनाओ अभियान के संयोजक डॉ आर एन सिंह के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया हस्ताक्षर अभियान में सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। फरेंदा को जिला बनाने को लेकर विगत कई वर्षों से मांग चल रही है जिसमें वर्ष 2018 से डॉ.आर एन सिंह के नेतृत्व में जोर-शोर से आवाज उठाई जा रही है। आज बृहस्पतिवार को सिविल कोर्ट के परिसर में डॉ.आर एन सिंह के नेतृत्व में फरेंदा को जिला बनाने हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया इस दौरान डॉ. आर एन सिंह ने बताया कि वर्ष 2018 से जिला बनाने के लिए संघर्ष किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फरेंदा के जिला बनने से और तेजी से विकास होगा तथा रोजगार के साधन सुलभ होंगे। हस्ताक्षर अभियान में सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र नाथ उपाध्यक्ष महामंत्री अनिल पासवान, एडवोकेट मोहम्मद हुई, स्कंद श्रीवास्तव, अनिल मौर्य, सत्येंद्र सिंह, हिदायतुल्ला खान, अतुल पाठक, सुनील कुमार ,मृदुल कुमार यादव, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, बालमुकुंद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे और सभी लोगों ने हस्ताक्षर चलाओ अभियान का समर्थन कर फरेंदा को जिला बनाने का मांग किया है।

### मंडलीय वाद विवाद प्रतियोगिता में सना सैयद व वैष्णवी ने मारी बाजी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** मंडलीय डॉक्टर संपूर्णानंद वाद विवाद प्रतियोगिता वर्ष 2025–26 राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज गोरखपुर में आयोजित किया गया। जिसमें गोरखपुर मंडल से तमाम विद्यालयों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। डॉक्टर संपूर्णानंद वाद विवाद प्रतियोगिता में जो विषय था वह नारी सशक्तिकरण भ्रम अथवा यथार्थ विषय पर था। उक्त प्रतियोगिता में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज आनंदनगर की छात्रा सना सैयद एवं वैष्णवी ने प्रतिभाग करते हुए गोरखपुर मंडल में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम जहां- रोशन तो किया ही साथ ही जनपद का गौरव बढ़ाया।डॉ. संपूर्णानंद वाद विवाद प्रतियोगिता वर्ष 2025 26 में मंडल स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर ज्योति सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए दोनों छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि विद्यालय की अन्य छात्राएं भी सना सैयद एवं वैष्णवी से प्रेरणा लेते हुए सभी क्षेत्र में अपना नाम रोशन करें विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं बड़े पैमाने पर अभिभावकों ने भी सना व वैष्णवी को बधाई दिया है।

### हाईवे पर बन रहा नाला राहगीरों के लिए बना मुसीबत

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** ठूठीबारी–निचलौल एनएच पर बन रहा नाला अब लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। ठूठीबारी कार पार्किंग/टैक्सी स्टैंड के समीप ठूठीबारी–रामनगर तिराहे से जाने वाली सड़क पर एप्रोच न बनने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों के अनुसार एनएच के किनारे बनाई गई नाली के बाद सड़क का स्तर करीब ढाई से तीन फिट नीचे रह गया है, जिससे सड़क और मुख्य मार्ग के बीच गहरी खाई जैसी स्थिति बन गई है। ठूठीबारी–निचलौल एनएच से ठूठीबारी रामनगर वाया किशुनपुर की ओर मुड़ते समय अनजान राहगीर समतल समझकर वाहन लेकर उतर जाते हैं, लेकिन अचानक गहराई में गिरने से हादसा हो जाता है। कई बार बाइक सवार और पैदल यात्री गिरकर चोटिल हो चुके हैं, फिर भी विभाग की अनजान बना है। ग्रामीण रामराज यादव, योगेन्द्र तिवारी, वेद प्रकाश पांडेय, गुड्डू यादव, धर्मेंद्र जायसवाल, प्रदीप निगम, कुलदीप निगम, नवरत्न निगम, सज्जन लाल निगम, राधेश्याम निगम, सुशील कुमार द्विवेदी,संजय साहनी, राजकुमार गुप्त, इंदर प्रसाद यादव, जितेंद्र पटेल आदि लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान नाली तो बना दी गई, मगर एप्रोच पथ न बनाए जाने से सड़क अधूरी रह गई है। लोगों ने इसे दुरुस्त कराने की मांग की है।

### राशन में घटतौली व अभद्रता की शिकायत पर जांच शुरू

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत चौक में कोटेदार द्वारा राशन में घटतौली व अभद्रता की शिकायत ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपा। शिकायत के बाद पूर्ति विभाग हरकत में आया और सप्लाई इंस्पेक्टर बालेश्वर मणि त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार द्वारा राशन वितरण में भारी अनियमितता की जा रही है। सुबह जाने पर शाम को और शाम को जाने पर अगले दिन बुलाया जाता है। इतना ही नहीं, कई बार राशन मिलने के बाद घर पर तौलने पर कम मिलता है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह समस्या पिछले कई महीनों से लगातार बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सप्लाई इंस्पेक्टर ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों के बयान दर्ज किए और कोटेदार की वितरण व्यवस्था की गहन जांच की। सप्लाई इंस्पेक्टर ने कहा कि जांच रिपोर्ट तैयार कर जरूरी कार्रवाई होगी।

# कब्जा दिलाने पहुंचे कोर्ट अमीन, ब्लाक गेट पर लगा मिला ताला, अफरा-तफरी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



पनियरा ब्लाक परिसर में विवादित भूमि पर डिग्रीधारकों को कब्जा दिलाने का मामला लगातार गरमाया हुआ है। आज गुरुवार को दूसरी बार कोर्ट अमीन मौके पर जेसीबी लेकर डिग्रीधारक को कब्जा दिलाने पहुंचे, लेकिन इससे पहले ही ब्लाक परिसर के प्रवेश गेट पर ताला बंद कर दिया था। लोग पैदल ही परिसर में आ-जा रहे थे।

इस दौरान ब्लाक प्रमुख व बीडीओ के साथ कोर्ट अमीन की बातचीत हुई। कोर्ट से आए लोगों ने कार्यवाही शुरू करनी चाही, लेकिन जेसीबी लगाकर कब्जा हटाने की मंशा दूसरी बार भी पूरी नहीं हो सकी। मौके पर मौजूद ब्लाक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला, खंड विकास अधिकारी व डिग्रीधारक के बीच कुछ देर वार्ता हुई।

बताया जा रहा है कि इसमें तय किया गया कि मौके पर खड़ी बिल्डिंग को छोड़ कर सीमांकन करते हुए खाली जमीन पर कब्जा कर लिया जाय। लेकिन कोई भी निर्माण किसी पक्ष के द्वारा नहीं किया जाएगा। इस संबंध में ब्लाक प्रमुख वेदप्रकाश शुक्ल ने बताया कि मौके पर जो भवन है, उसमें सरकारी योजनाएं संचालित होती हैं। उसके टूटने से सरकार का नुकसान होगा। भवनों को बचाने के लिए खंड विकास अधिकारी द्वारा भी 3 नवंबर को कोर्ट में याचिका दायर कर अपना पक्ष रखा गया है। कोर्ट का जो फैसला होगा, उसका अक्षरशः पालन किया जाएगा। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी राहुल सागर ने बताया कि भीड़भाड़ को देखते हुए गेट में ताला बंद कराया गया था। इसे थोड़ी देर बाद खुलवा दिया गया। कब्जा दिलाने आये लोगों ने अपना सीमांकन आदि कर लिया है। कोर्ट अमीन अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि कोर्ट की पूर्व अनुमति से जेसीबी द्वारा कब्जा दिलाना था। लेकिन गेट में ताला बंद होने के कारण जेसीबी अंदर नहीं जा सकी। मौके पर विवाद को देखते हुए सक्षम मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कब्जे की कार्रवाई के लिए अनुरोध किया जाएगा। आगे उनके आदेशानुसार कार्रवाई की जायेगी।

## आबकारी व एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई

**80 लीटर कच्ची शराब बरामद, 22 कुंतल नष्ट**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिले के निचलौल थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमा और चरभरिया गांव में बुधवार को आबकारी विभाग और एसएसबी की संयुक्त टीम ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। मुखबिर की सटीक सूचना पर टीम ने तीन स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर 80 लीटर कच्ची शराब बरामद की, जबकि मौके पर तैयार की जा रही लगभग 22 कुंतल लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। संयुक्त टीम में आबकारी निरीक्षक के साथ एसएसबी के जवान भी शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान गांव के कुछ लोगों ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम की सक्रियता से तीन लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ये आरोपी लंबे समय से अवैध शराब बनाकर स्थानीय क्षेत्र में बेचने का काम करते थे। आबकारी विभाग ने मौके पर शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण, बर्तन और अन्य सामान भी जब्त किया है। टीम ने बताया कि बरामद लहन से कई लीटर कच्ची शराब तैयार की जा सकती थी, जिससे स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा था। एसएसबी और आबकारी विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना की और कहा कि इस तरह की सख्ती से अवैध शराब के धंधे पर अंकुश लगेगा।

# ब्रिज के ऊपर से दौड़ेगी ट्रेन नीचे से गुजरेंगे वाहन

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

> आनंदनगर–घुघली वाया महराजगंज नई रेल लाइन के लिए महराजगंज–गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और उसके बगल की नहर पर ओवरब्रिज से नई रेल लाइन गुजरेगी। प्रथम चरण में रामपुर बल्डीहा और पिपरदेउरा के पास ब्रिज फाउंडेशन कार्य शुरू हो चुका है।
>
> **अजय कुमार– सीनियर सेक्शन इंजीनियर, रेलवे**

गोरखपुर–महराजगंज मार्ग की क्रासिंग पर आनंदनगर–घुघली वाया महराजगंज नई रेल लाइन पर ट्रेन ब्रीज के ऊपर से दौड़ेगी। ब्रिज के नीचे हाइवे से वाहन गुजरेंगे। इस रूट पर जहां भी रेलवे ट्रैक सड़क को क्रॉस करेगी, वहां अब समपार फाटक नहीं रहेगा।

उसकी जगह ओवरब्रिज, अंडरपास व छोटे पुल बनाए जाएंगे जिससे रेल व सड़क यातायात दोनों सुचारु रूप से चल सकें। आनंदनगर–घुघली वाया महराजगंज नई रेल लाइन के लिए पहले की योजना में गोरखपुर–महराजगंज हाईवे पर कोदइला व अगया के बीच रेल लाइन क्रॉसिंग होनी है। वहां वाहनों के लिए ओवरब्रिज प्रस्तावित था और उसके नीचे से रेल गुजरने वाली थी। नई व्यवस्था में हाईवे के ऊपर ब्रिज बनेगा और उसी ब्रिज से ट्रेनें गुजरेंगी, जबकि नीचे से हाईवे से वाहन बिना रुके चल सकेंगे। रामपुर बल्डीहा और पिपरदेउरा में शुरू हुआ पिलर निर्माण कार्य पूर्वोत्तर रेलवे ने परियोजना के पहले चरण में घुघली क्षेत्र के रामपुर बल्डीहा व पिपरदेउरा में ब्रिज निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। रामपुर बल्डीहा के पास ब्रिज संख्या 5 व पिपरदेउरा में ब्रिज संख्या 33 पर पिलर फाउंडेशन का काम प्रगति पर है। इंजीनियरिंग टीमों के अनुसार इन पुलों की डिजाइन इस तरह तैयार की गई है कि वे भविष्य में बढ़ती रेल गति और भारी ट्रैफिक के दबाव को सहज रूप से झेल सकें। ब्रिज के लिए 25 मीटर नीचे व 8 मीटर ऊपर बनेगा पिलर स्ट्रक्चर निर्माण से जुड़े तकनीकी सूत्रों के मुताबिक रेलवे ब्रिज के पिलर को जमीन के भीतर लगभग 25 मीटर गहराई तक पाइलिंग करके तैयार किया जाएगा। जिससे संरचना पूरी तरह स्थायी व मजबूत बनी रहे। जमीन के ऊपर पिलर की ऊंचाई करीब 8 मीटर रखी जाएगी, जिस पर ब्रिज ढांचा खड़ा किया जाएगा। फाटक–मुक्त बनेगी नई रेल लाइन रेलवे की योजना के अनुसार, आनंदनगर–घुघली वाया महराजगंज के बीच नई रेल लाइन फाटक–मुक्त रूट के रूप में विकसित की जाएगी। जिन स्थानों पर गांव या ग्रामीण संपर्क मार्ग हैं, वहां अंडरपास व छोटे पुल बनाकर आवागमन की सुविधा बरकरार रखी जाएगी। इससे यात्रियों और ग्रामीणों दोनों को सुविधा मिलेगी, साथ ही ट्रेनों की गति में भी वृद्धि होगी।

## खड़े ट्रक में भिड़े बुलेट सवार, युवक की मौत



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** जिले के कटरा कोतवाली क्षेत्र में मुकेरी बाजार के पास एक युवक की बुलेट ट्रक से टकराने से मौत हो गई। 23 वर्षीय सत्य प्रकाश घर लौटते समय दुर्घटना का शिकार हुआ। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसने घायल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कटरा कोतवाली क्षेत्र के मुकेरी बाजार में बुधवार की रात खड़े ट्रक में बुलेट घुसने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के महुअरिया मोहल्ला निवासी 23 वर्षीय सत्य प्रकाश पुत्र नारायण घर से किसी काम से निकला था। रात वापस घर लौट रहा था। जैसे ही कटरा कोतवाली क्षेत्र की मुकेरी बाजार के पास पहुंचा। तभी बुलेट अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।

# ताइक्वांडो खिलाड़ी सम्मानित

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले महराजगंज जिले के खिलाड़ियों को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने सम्मानित किया। डीएम कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

इस दौरान डीएम ने खिलाड़ियों की मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और बालिकाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना की। जिला सचिव अभिषेक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि हाल ही में मिर्जापुर में आयोजित राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक विजेता ममता कुमारी, अनुराग राज गौड़, नीलू पांडेय, जुबेर अहमद तन्नू, जरीना खातून, रोशन सहित आराध्या पटेल, नीतू यादव, रंजीत, सात्विक मद्धेशिया, रिजवान अहमद को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 5 से 8 नवम्बर तक लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इसमें श्रेया पाठक, अंशिका श्रीवास्तव, जान्हवी पटेल, वैष्णवी गुप्ता, आदर्श कुमार, अन्मेश प्रताप सिंह, मोहम्मद अल्फ़ाज़, रुकसाना स्वर्ण पदक, अंकित यादव, उत्कर्ष सिंह, अंकित चौहान, सूर्या पाठक, रिया रजत पदक तथा आकृति गुप्ता, रसिका सिंह, अस्तित्व साहनी, अथर्व राय, अनुज विश्वकर्मा कांस्य पदक शामिल रहे। डीएम ने नेशनल रेफरी उत्सव शर्मा, दयानंद त्रिपाठी एवं प्रशिक्षकों राहुल राय, रियाज अली, आकाश चौधरी, सौजन्य स्नेह प्रियदर्शी, फराज अहमद को उत्कृष्ट प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया। इस दौरान धनंजय सिंह प्रधानाचार्य जीएसवी इंटर कॉलेज, अभिषेक पांडेय खेल प्रशिक्षक, दशरथ गुप्ता, जीवेश मिश्रा, रीतेश त्रिपाठी, राजकुमार जायसवाल, जियाउल हक, सलीम खान, दुर्गेश सिंह आदि विद्यालयों के प्रबंधक व अभिभावक उपस्थित रहे।

# बीएलओ नहीं पहुंच रहे है घर-घर, नहीं कर रहे काम : सपा

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

- 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध नहीं होने पर एस.आई.आर. पर लगे रोक : देवी प्रसाद चौधरी



समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट से जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में पैदल मार्च कर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार को कलेक्टेऊट में मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में बताया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी 403 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में एक लाख 62 हजार 486 पोलिंग स्टेशनों पर 15 करोड़ 44 लाख मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची के आधार पर 4 नवम्बर 2025 से एस.आई.आर. शुरू करने का निर्देश दिया है तथा बीएलओ घर-घर जाकर मतगणना प्रपत्र वितरित नही कर रहे है। जनपद मीरजापुर के विधानसभा मझवां 397, विधानसभा नगर 396, विधानसभा छानबे 395, विधानसभा चुनार 398, विधानसभा मड़िहान 399, क्षेत्र के 2003 की मतदाता सूची ज्यादातर बीएलओ के पास उपलब्ध नही है। वक्ताओं ने कहा कि 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध न होने से वैध मतदाताओं का नाम सूची से डिलिट हो जायेगा जो कि एक गम्भीर मामला है और ज्यादातर मतदाता मतदान करने से भी वंचित हो जायेंगे। यह लोकतंत्र की हत्या है तथा भारत निर्वाचन आयोग के नियम के विरूद्ध एवं निर्देशों का खुला उल्लंघन है। इस मौके पर कलेक्टेऊट में प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी मांग करती है कि भारत निर्वाचन आयोग के नियम एवं निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची से एस.आई.आर. कराया जाये जिससे वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से डिलिट होने से बचाया जा सके और ज्यादातर बीएलओ जिन्हे बनाया गया है, वह क्षेत्र से गायब है। इन पर कार्यवाही की जाय। जिससे लोकतंत्र की रक्षा हो सके तथा भारत निर्वाचन आयोग की पारदर्शिता तथा निष्पक्षता पर सवाल न खड़े हो सके।

इस मौके पर संतोष गोयल, सत्यप्रकाश यादव, डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव, आशीष राय, अमरेश सोनकर, रविन्द्र यादव, विरेन्द्र यादव, मेवालाल प्रजापति, दुर्गा प्रसाद सिंह, दीनानाथ प्रजापति, अनीष खान आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहें।

# मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं व महिलाओं को किया जागरूक



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु प्राथमिक विद्यालय पहड़ी हलिया व उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक हलिया में गुरुवार को मिशन शक्ति प्रभारी रमाशंकर,व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत बालिकाओ व महिलाओ को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया छात्राओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला सशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में रमाशंकर, महिला कांस्टेबल पूजा चौहान रही।

# सतीश ने टीबी रोग के 101 मरीजों को पोषण पोटली भेंट कर लिया गोद

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



जनपद के क्षय विभाग में कार्यरत डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव ने 13 नवंबर 2025 को अपने स्वर्गीय पिता शिव मूर्ति यादव के स्मृति में टीबी रोग से प्रभावित 101 मरीजों को पोषण पोटली भेट कर गोद लेने का सराहनीय आयोजन कर एक मिसाल प्रस्तुत किया है। साथ ही लोगों से अपील की कि आप सभी कहीं भी किसी भी व्यक्ति को टीवी के लक्षणों से यदि प्रभावित पाए हैं तो उन्हें देश हित में सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक जांच इलाज हेतु भेजने का प्रयास अवश्य करें। जिससे कि हमारा देश टीवी मुक्त देश हो सके। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष/एमएलसी माननीय हंसराज विश्वकर्मा द्वारा लोगों से कहा गया कि इस रोग से अब घबराने डरने की जरूरत नहीं है बस डॉक्टर के सुझाव से पूरे कोर्स को करने की आवश्यकता है और व्यक्ति पूरे कोर्स को करने के पश्चात निश्चित रूप से टीबी से मुक्त होता अपने को पाएगा।

उक्त क्रम में ही विशिष्ट अतिथि चुनार विधायक श्री अनुराग सिंह जी द्वारा कहां गया कि देश से टीबी को समाप्त करने के लिए सरकारी स्तर से हर प्रयास जारी है लेकिन आवश्यकता है हम सभी को भी आगे आकर अपनी सहभागिता निभाने की उन्होंने बताया कि पहले की तुलना में हमारे देश में टीबी रोगियों की संख्या अब काफी कम हो रही है। वही कार्यक्रम में लखनऊ स्वास्थ्य भवन से आए स्टेट टीबी ऑफिसर आनंद तिवारी द्वारा मौजूदा समय में सभी सरकारी निःशुल्क सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अतिथि रूप में पहुंचे विंध्याचल मंडल के अपरायुक्त डॉक्टर विश्राम द्वारा स्वर्गीय शिव मूर्ति यादव के फेटो पर पुष्प अर्पित करते हुए आयोजित कार्यक्रम की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में मौके पर मौजूद सभी अतिथियों द्वारा सतीश यादव को पिता की स्मृति में टीबी मरीजों के प्रति समर्पण भाव के लिए तथा आयोजन में सहयोगी भूमिका निभाने वाले क्रिश्चियन प्रबंधक शंकर रामचंद्र जी को प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में मिर्जापुर के डिप्टी सीएमओ डॉक्टर सुदीप सिंह, पीएचसी चुनार प्रभारी डॉक्टर राकेश कुमार पटेल, सर्वेश कुमार, गौरव पांडे, शमीम अहमद, दुर्गेश कुमार, हेमंत कुमार, अमित श्रीनेत, अवध बिहारी कुशवाहा प्रदीप कुमार, अखिलेश कुमार, श्यामू यादव, बीरबल, इफ्तिखार प्रतीक आदि लोग मौजूद रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में दोनों चालक घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** हलिया ड्रमंडगंज मार्ग के रतेह गांव के पास गुरुवार की दोपहर दो बाइकों की आमने सामने टक्कर होने से दोनों बाइक चालक सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत गंभीर देखकर प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर रेफ्र कर दिया गया है। प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के नेवढ़िया गांव निवासी रविंद्र सिंह (30)घर से किसी कार्य हेतु बाइक से रतेह आ रहे थे जैसे ही रतेह गांव के पास पहुंचे कि विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार मड़वा धनवाल गांव निवासी रवि बर्मा (20)घर से बाजार आ रहे थे की दोनों बाइको की आमने सामने टक्कर होने से दोनों बाइक चालक गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सहयोग से एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने दोनों के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए हालत नाजुक देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफ्र कर दिया। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की दो बाइको की आमने सामने टक्कर होने से दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए आए थे प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर के लिए रेफ्र कर दिया गया है।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की दी जानकारी



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत हलिया थाने में तैनात महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर व पूजा चौहान ने भीड भाड स्थानों पर पहुँच कर महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिला पुलिस कर्मियों ने हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एंबुलेंस आदि नंबर के उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। जिसके तहत कस्बा में भीड भाड होने वाले स्थल हलिया के माता चौरा, जीप स्टैंड, दुर्गा बाजार, भटवारी रोड आदि स्थलों पर पहुँच कर महिलाओं को स्वयं से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस महिलाओं व जनता की सुरक्षा के लिये हर पर तत्पर है साथ ही भीड भाड होने वाले स्थलों पर महिला कांस्टेबल महिलाओं को जागरूक करने का कार्य कर रही है जिससे महिलाएं आत्म निर्भर व शशक्त हो। मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत हलिया थाने में तैनात महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर व पूजा चौहान ने भीड भाड स्थानों पर पहुँच कर महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस महिलाओं व जनता की सुरक्षा के लिये हर पर तत्पर है। साथ ही भीड भाड होने वाले स्थलों पर महिला कांस्टेबल महिलाओं को जागरूक करने का कार्य कर रही है जिससे महिलाएं आत्म निर्भर व शशक्त हो।